रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 21 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-238 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का आज छत्तीसगढ़ दौरा



**रायपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को सुबह 11.45 बजे विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली से रायपुर विमानतल पहुचेंगी। दोपहर 12 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा बालोद जिले के ग्राम हथौद के लिये रवाना होगी। दोपहर 12.30 बजे ग्राम हथौद जिला बालोद में, कांकेर लोकसभा, में आमसभा को संबोधित करेगी। दोपहर 1.30 बजे बालोद से हेलीकॉप्टर द्वारा डोगरगांव जिला राजनांदगांव के लिये रवाना होगी। दोपहर 2.30 बजे ग्राम मोहड़ ब्लाक डोगरगांव, जिला राजनांदगांव में आमसभा को संबोधित करेगी। दोपहर 3.35 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा बालोद से रायपुर के लिये रवाना होगी। शाम 4 बजे विमान सेवा द्वारा रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होगी।

विस्तृत पेज 10 पर...

### नलिन प्रभात एनएसजी के महानिदेशक नियुक्त, सुक्खू ने दी बधाई



**नयी दिल्ली/ शिमला।** भारतीय पुलिस सेवा के आंध्रप्रदेश कैडर के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह अभी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक पद पर तैनात हैं। सरकारी आदेश के अनुसार वह नया पद संभालने पर वेतनमान में सोलहवें स्तर के अधिकारी होंगे। वर्ष 1992 बैच के आईपीएस के रूप में नलिन प्रभात का सेवाकाल 31 अगस्त 2028 तक है।

### भाजपा की 'बी-टीम' कहे जाने पर दिक्कत नहीं : देवेगौड़ा

**कोलार।** जनता दल-सेक्युलर सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कहा है कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी की 'बी-टीम' कहे जाने पर कोई दिक्कत नहीं है। देवेगौड़ा ने शुक्रवार की देर शाम यहां कोलार संसदीय सीट पर राजग उम्मीदवार मल्लेश बाबू के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, हां, मैं भाजपा की बी टीम का नेता हूं, तो क्या। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उन्हें भाजपा की बी-टीम बताये जाने संबंधी बयान पर यह टिप्पणी की।

# महानदी नाव हादसे में मिले कुल 8 शव

## पोस्टमार्टम के बाद गृह ग्राम अंजोरीपाली किया गया रवाना

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

महानदी नाव हादसे में शुक्रवार से शनिवार की सुबह तक कुल 7 शव निकाले जा चुके है। शवों के पोस्टमार्टम करवा कर उनके गृहग्राम अंजोरीपाली, खरसिया के लिए रवाना कर दिया गया। 1 लापता की तलाश की जा रही थी। हादसे में प्रभावित सारे लोग खरसिया ब्लॉक के ग्राम अंजोरीपाली के हैं। वहीं दोपहर के समय लापता महिला का भी शव रेस्क्यू कर निकाला गया। शुक्रवार को घटना के बाद राधिका निषाद का शव निकाला गया था। सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टीमें देर रात तक घटनास्थल में लापता लोगों की तलाश करती रही थी। शनिवार की सुबह 06 बजे से फिर से खोजबीन शुरू की गई। ओडीआरएएफ और फायर इमरजेंसी और सेफ्टी की टीमें स्कूबा डाइवर्स ने सर्च ऑपरेशन के बाद सुबह 10 बजे तक 06 शव निकाल लिए। जिसमें बालक पीकू राठिया, राधिका राठिया, बालक नवीन राठिया, तेरस बाई राठिया, लक्ष्मीन राठिया, बालक कुणाल राठिया सहित कुल 3 महिलाओं और 3 बच्चों का शव निकाल लिया गया। इस तरह कल से सुबह तक कुल सात शव निकाले जा चुके थे। एक महिला घसनीन राठिया की तलाश की जा रही थी, जिसका भी शव रेस्क्यू टीम दोपहर तक खोज निकाला। वह भी अंजोरीपाली की है। घटनास्थल पर रायगढ़ जिला प्रशासन की ओर से उपस्थित नायब तहसीलदार पुसौर पंकज मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी प्राप्त शवों के पोस्टमार्टम और विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को उनके गृहग्राम के लिए रवाना कर दिया गया। प्रशासन की टीम भी साथ भेजी गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने झारसुगुड़ा कलेक्टर से बात कर घटनास्थल के समीप के स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम की व्यवस्था करवाने का आग्रह किया था।



### मुख्यमंत्री साय ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की

ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी में नौका पलटने से उसमें सवार करीब 70 लोगों में से सात की मौत हो गई और एक व्यक्ति अभी भी लापता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मृतकों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने के संबंध में निर्देश जिला प्रशासन को दिए। पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान नौका में पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के खारसिया के रहने वाले करीब 50 लोग सवार थे जो ओडिशा के बारगढ़ जिले के पथरसेनी कुडा स्थित मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने घटना के दौरान घायलों के समुचित इलाज एवम भोजन व्यवस्था सहित घर पहुंचाए जाने की विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। चौधरी ने ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति मिले हेतु प्रार्थना करते हुए कहा दुख की इस घड़ी में हम उनके परिजनों के साथ खड़े है। घटना को हृदय विदारक बताते हुए दुख की इस घड़ी में परिवार जनों से धैर्य रखने की अपील भी की।

# भाजपा करती है आदिवासियों का सम्मान कांग्रेस समझती है बंधुआ मजदूर : विष्ण देव

## मध्यप्रदेश में सीएम साय ने दो जनसभाओं को किया सम्बोधित, वीडी शर्मा के लिए की वोट अपील

पायनियर संवाददाता < खुजराहो
www.dailypioneer.com



आजादी के बाद कांग्रेस ने देश में 55-60 वर्षों तक एक छत्र राज किया और अनेकों राज्यों में वर्षों-वर्षों तक राज किया। लेकिन लूट-लूट कर देश को खोखला करने का काम किया। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस के शासनकाल में जितने भी प्रधानमंत्री हुए सबके ऊपर कोई न कोई घोटाले का आरोप है। राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाला जैसा बड़ा आरोप है। तो वहीं मनमोहन सिंह की सरकार में ऐसा कोई भी दिन नहीं था, जब घोटाले की नई-नई खबर अखबार में न आती हो कोयला घोटाला, 2जी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला इसके उदाहरण हैं। ऐसी कांग्रेस का समूल नाश करना है। अपने एक दिवसीय दौरे में मध्यप्रदेश पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खजुराहो लोकसभा के अंतर्गत दो बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया। जहाँ उन्होंने कांग्रेस को जमकर लताड़ा। साय ने कहा कि इतनी तपती गरमी में आप लोग भाजपा को समर्थन देने आए हैं, जिससे स्पष्ट है कि कांग्रेस का खात्मा तय है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को कोसते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को धोखा देने, लूटने का काम किया है। कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन, खुद ही गरीबी को बढ़ाया। इनके एक प्रधानमंत्री ने तो जनता के बीच कहा था कि हम दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं जो गरीबों तक केवल 15 पैसा ही पहुँचता है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस ने ही भ्रष्टाचार को बढ़ाया और खूब घोटाला भी किया। उन्होंने कहा कि मोदी अगर एक रुपया भेजते हैं तो वो शत-प्रतिशत लोगों तक पहुँचता है। ये अंतर है भाजपा और कांग्रेस की सरकार में। उन्होंने इंडी गठबंधन पर कहा कि कांग्रेस साफ है और उसकी सहयोगी सपा का भी साइकिल पंचर है।

## ईडी ने अनिल, यश टुटेजा को हिरासत में लिया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और यश टुटेजा को हिरासत में ले लिया है। दोनों को ईओडब्ल्यू ऑफिस से लेकर ईडी की टीम रवाना हो गई। पिता-पुत्र दोनों शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए हैं। इनके ईओडब्ल्यू आफिस में होने की जानकारी मिलने पर ईडी की टीम भी ईओडब्ल्यू ऑफिस पहुंची और दोनो को हिरासत में ले लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, टुटेजा को इससे पहले भी तीन बार पूछताछ के लिए समंस भेजा गया था। एडिशनल एसपी की टीम टुटेजा से पूछताछ कर रही थी। हालांकि, उन्हें सुप्रीम कोर्ट से नो कोरोसिव एक्शन का आदेश है, इसलिए ईओडब्ल्यू गिरफ्तारी नहीं कर सकती।

## प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पहुंचे रायपुर, पहले चरण में कांग्रेस को बढ़त मिलने का किया दावा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पायलट ने पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस को बढ़त मिलने का दावा किया है। सचिन पायलट ने कहा कि बस्तर में कवासी लखमा की जीत होगी। देश के बाकी राज्यों से भी अच्छा फीडबैक आ रहा है। जहां बीजेपी दक्षिण में साफ उत्तर में हाफ होने जा रही है। बीजेपी 400 सीटों का नारा भी जुमला साबित होने जा रहा है। राजस्थान में बीजेपी प्रत्याशी ठीक से चुनाव नहीं लड़ पाए हैं और बीजेपी को अब अहसास हो गया है कि, अब जुमलों से वो नहीं जीत सकते हैं। कई मुद्दे हैं हमारे मेनिफेस्टो के जिसे जनता पसंद कर रही है। पूरे देश में जनता बदलाव चाहती है और इंडिया गठबंधन को लोग पसंद कर रहे हैं। पायलट ने कहा कि मोदी सरकार के दस साल का काम जनता ने देखा है। प्रचार और प्रोपेगेंडा से लोगों का दिल नहीं जीता जा सकता है। हर वर्ग के लिए हमारी गारंटी वक्त की मांग है। पूरे देश में जो बदलाव हो रहा है।

### राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना खत्म करने पहली नौकरी का अधिकार देने का वादा

वार्ता < भागलपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र में चुनाव बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को समाप्त करने और देश के हर युवा को पहली नौकरी का अधिकार देने वादा किया। गांधी ने कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने जिस तरह मनरेगा के तहत रोजगार का अधिकार दिया उसी तरह केंद्र में बनने वाली हमारी अगली सरकार देश के हर स्नातक और डिप्लोमा धारी को पहली नौकरी का अधिकार देगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहली नौकरी के अधिकार का मतलब है कि देश के सभी के सभी ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक साल के लिए अप्रेंटिसशिप मिलेगी। इस दौरान उन्हें प्रति माह आठ हजार पांच सौ रुपये की दर से साल में एक लाख रुपए उनके अकाउंट में 'खटाखट-खटाखट' मिल जाएंगे । उन्होंने कहा कि उनकी ट्रेनिंग होगी और पहले साल उन्होंने अच्छा काम किया तो उनकी नौकरी स्थाई हो जाएगी । यह नौकरी प्राइवेट सेक्टर, पब्लिक सेक्टर और सरकार में होगी।

### सरकारी गवाह बनने के बाद सरथ रेड्डी ने भाजपा को दिया 50 करोड़ : संजय सिंह

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




आम आदमी पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया कि तथाकथित शराब घोटाले के मुख्य आरोपी सरथ रेड्डी ने सरकारी गवाह बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी को 50 करोड़ रुपए दिए। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक राष्ट्रीय टीवी चैनल पर सरे आम झूठ बोलकर देश की जनता को गुमराह किया और भाजपा पर रिश्वतखोरी के लगे आरोपों को छुपाने का प्रयास किया। जिस बात के सबूत पूरे देश और दुनिया के सामने आ गए हैं, उस बात को गृहमंत्री ने राष्ट्रीय टीवी चैनल पर नकार दिया और तथ्य को छुपाने का काम किया। सिंह ने कहा,''जिस सरथ रेड्डी को ईडी ने शराब घोटाले का मुख्य घोटालेबाज बताया, उसी ने भाजपा को 60 करोड़ रुपए की रिश्वत दी है। रिश्वत लेने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन गिरफ्तारी अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया की हो रही है। इन्होंने मुझे पकड़ कर छह महीने जेल में रखा। ईड ने 'आप' के नेताओं पर एक झूठा और बेबुनियाद मामला बनाकर पांच सौ जगहों पर छापे मारे। इसमें एक रुपए की बरामदगी न अरविंद केजरीवाल के घर से हुई और न ही मनीष सिसोदिया के घर से कोई संपत्ति के कागजात और पैसा नहीं मिला। इसके बाद भी एक झूठे केस में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया गया।

### 22 अप्रैल को कांकेर में सभा लेने के बाद वे महाराष्ट्र जाएंगे

## आज अमित शाह और योगी, 23 को पीएम मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा


पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





दूसरे चरण के लिए तीन सीटों राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद में 26 अप्रैल को मतदान होना है। भाजपा ने लगातार राष्ट्रीय नेताओं की ताबड़तोड़ सभाएं तय की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कांकेर में 29 नक्सलियों के मारे जाने के बाद अचानक रायपुर और कांकेर का दौरा तय हुआ है। अमित शाह रविवार को रायपुर आ रहे हैं। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में चुनावी रणनीति पर मंथन करेंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव और अन्य मंत्रियों से भी अलग से बात करेंगे। 22 अप्रैल को कांकेर में सभा लेने के बाद वे महाराष्ट्र जाएंगे। इधर चुनावी सभाओं में 21 अप्रैल को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन सभाएं होंगी। प्रत्याशियो द्वारा नामांकन दाखिला और उसकी जांच के बाद लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार में तेजी आ गई है। उत्तर प्रदेश के सी एम योगी आदित्यनाथ एक चुनावी सभा को सम्बोधित करने बिलासपुर आयेंगे इसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा योगी के स्वागत में बुल्डोजर और हाईड्रा का भी उपयोग किया जाएगा। सुबह 10.00 बजे से 30 बुल्डोजर शहर के सड़कों में दौड़ेगी साथ ही उनके पीछे गाड़ियों का काफिला भी निकलेगा। जिसमे युवामोर्चा के कार्यकर्ता सवार रहेंगे। योगी आदित्यनाथ विमान से दोपहर करीब 2.45 बजे एसईसीएल हेलीपेड में लैड करेंगे और 3.00 बजे बहतराई स्थित स्टेडियम में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। लोकसभा अन्तर्गत होने वाली इस सभा की जिम्मेदारी बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला को दी गई है। अमित शाह सोमवार 22 अप्रैल को 12 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा कांकेर जाकर वहां पर दोपहर 1 बजे सभा लेंगे। सभा के बाद वापस रायपुर आकर यहां से विशेष विमान द्वारा महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद मोदी 23 को जांजगीर-चांपा और महासमुंद लोकसभा में चुनावी सभाएं लेंगे। सक्ती विधानसभा में दोपहर 3.15 पर एवं धमतरी में शाम पांच बजे पीएम मोदी की सभा होगी। जांजगीर के लिए वित्तमंत्री ओपी चौधरी और धमतरी के लिए टंकराम वर्मा को संयोजक बनाया गया है।

विस्तृत पेज 10 पर...



# दो नाबालिग किशोरियों का 3 लाख में हुआ था सौदा बतौर एडवांस लिए 20 हजार, तस्कर महिला गिरफ्तार

## दो सगी बहन और एक भाई को दिल्ली में बेचने का हुआ था सौदा

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



65 वर्षीय बुजुर्ग ने 18 अप्रैल को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके नाती का करीब 07-08 वर्ष पूर्व एक्सीडेंट होने से मृत्यू हो गई एवं नाती की प ी ने अपने पति के देहांत होने के बाद दूसरी जगह शादी कर घर बसा ली। प्रार्थी के नाती के 03 बच्चे हैं, सबसे बड़ी लड़की उम्र 14 साल, मंझली लड़की 12 साल एवं सबसे छोटा लड़का जो 10 साल का है। बड़ी लड़की कक्षा 6वीं तक पढ़ाई करके पढ़ाई छोड़ दी है। उक्त तीनों बच्चे प्रार्थी के बड़े भाई जो जन्म से अपाहिज है उन्हीं के घर में रहते हैं, प्रार्थी एवं परिवार के लोग बीच-बीच में जाकर बच्चों को देख-रेख करते हैं। 12.04.2024 को शाम लगभग 04 बजे प्रार्थी बकरी चराकर वापस अपने घर में आया तो उसकी बहू ने उसे बताया कि उसके तीनों पड़पोते-पोती घर में बिना किसी को बताये कही चले गये हैं, प्रार्थी द्वारा बच्चों की पतासाजी के दौरान उसे गांव के लोगों से पता चला कि तीनों बच्चों को उनके निकट रिश्तेदार के साथ स्कूटी में बैठकर जाते देखना बताया गया। प्रार्थी द्वारा निकट रिश्तेदार है यह सोचकर वह उसी समय उसे फोन नहीं किया। प्रार्थी 03 दिन बाद रिश्तेदार को फोन करके बच्चों के संबंध में पूछा तो वह बच्चों को नहीं जानती हूं, मेरे पास नहीं है बताई। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की अत्यंत संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने एसडीओपी बगीचा निमिषा पाण्डेय के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर उक्त गुम बच्चों की पतासाजी हेतु लगाया गया।


# महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विशाल स्कूटी-बाइक रैली निकाली गई

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com





स्वीप कार्यक्रम के तहत आज जिला कलेक्टोरेट परिसर से महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विशाल स्कूटी-बाइक रैली निकाली गई। रैली में सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने रैली में शामिल सभी अधिकारी-कर्मचारियों में शतप्रतिशत मतदान के लिए जोश और उत्साह भरते हुए शपथ दिलाई। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्कूटी-बाइक रैली ''शतप्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले का अभिमान'' लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हर नागरिक की जिम्मेदारी, देश के विकास में दो अपना योगदान, हर हाल में करो मतदान नारे के साथ जिला कलेक्टोरेट परिसर से शुरू होकर दाऊपारा, पुराना बस स्टैंड, बालानी चैक, पड़ाव चैक होते हुए नया बस स्टैंड पहुंची। जिसके बाद बायपास सड़क से रेस्ट हाउस, दाऊपारा मार्ग होते हुए वापस जिला कलेक्टोरेट पहुंची। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में आप लोग यहां इकट्ठा हुए है। यह आपके कार्य के प्रति कर्मठता और जुझारूपन को दिखाता है। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप के तहत लगातार जिले में नित नए आयोजन हो रहे है। इसका मुख्य उद्देश्य शतप्रतिशत मतदाताओ को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि 07 मई को आखिरी परीक्षा होगी, जिसमे सभी मतदाताओं की शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए काफी अच्छा कार्य किया जा रहा है। हम शतप्रतिशत मतदान के लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए है।








# कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए उपयोग में लाई गई मतदान सामग्री स्ट्रांग रुम में सील

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com




लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा क्षेत्र के तहत कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई मतदान सामग्री को शुक्रवार को देर रात स्ट्रांग रुम में सील कर दिया गया। पुलिस प्रेक्षक राम किसुन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार सहित अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में स्थित भवन में मतदान सामग्री को सील कर दिया गया। इस दौरान कलेक्टर दुदावत ने स्ट्रांग रुम की सुरक्षा हेतु की गई। व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि, पूरा परिसर तीन स्तरीय सुरक्षा के दायरे में है। यहां कमरों में रखे गए मतदान सामग्री के साथ ही पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और इसके अवलोकन के लिए महाविद्यालय के द्वार पर स्क्रीन लगाई गई है। अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि लगातार उस पर नजर रख सकते हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय उरांव, सहायक रिटर्निंग अधिकारी निकिता मरकाम सहीत अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शासन के नियमों के आगे नवोदय में चयन हुए छात्र प्रवेश लेने से वंचित

पायनियर संवाददाता < चारामा
www.dailypioneer.com

नवोदय में चयन हुए छात्र शासन के नियमों के आगे नवोदय में प्रवेश लेने से वंचित होता जा रहा है। स्कूल में प्रवेश नहीं मिलने से छात्र एवं उसका परिवार मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं और यह सब शासन-प्रशासन के अनसुझे नियम के कारण हो रहा है। गरीब माता-पिता अपने बच्चे के प्रवेश के लिए प्रदेश के केबीनेट मंत्री से लेकर कलेक्टर तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन शासन के नियम ऐसे कि केबीनेट मंत्री से लेकर कलेक्टर तक नियम के सामने नतमस्तक होते नजर आ रहे हैं। लेकिन छात्र को इंसाफ नहीं मिल पा रहा है। और नियमों के आगे छात्र के भविष्य और उसके मनोबल को तोड़ दिया गया है। मामला चारामा विकासखण्ड के आदिवासी बालक आश्रम सिरसिदा में 5वीं तक अध्ययन कर चुके छात्र अंश पिता कुलेश्वर सलाम निवासी ग्राम नयानार जिला नारायणपुर का है। जो कि पिछले शिक्षा सत्र में कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण किया है। जिसने कक्षा पहली से पांचवीं तक की शिक्षा बालक आश्रम में की। माता-पिता ने नक्सल क्षेत्र और बच्चे की अच्छी शिक्षा-दीक्षा के लिए बच्चे को अपने से दूर कर उसे चारामा विकासखण्ड में पढ़ाया ताकि वो एक अलग माहौल में रहकर शिक्षा ले सके। और नारायणपुर के सुदुर अंचल का यह छात्र होनहार ही नहीं, ऊंचे सपने देखने वाला छात्र रहा। जिसने कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवीं तक कक्षा में उच्च अंक लाकर शाला में अपना विशेष नाम दर्ज कराया। छात्र की शिक्षा के प्रति रूचि और कुछ अलग कर गुजरने की चाहत देखकर शिक्षक भी छात्र को पढ़ाने में उत्साहित रहे और शिक्षकों को भी उसके पांचवीं कक्षा में आने का इंतजार रहा। शिक्षक से लेकर छात्र सभी ने पहले दिन से छात्र के नवोदय में प्रवेश के लिए लक्ष्य बनाकर उसे तैयारी कराई और की गई तैयारी के अनुसार छात्र ने परीक्षा देकर अच्छा परिणाम भी लाया और सिरसिदा बालक आश्रम सहित विकासखण्ड के अन्य आश्रम से एकमात्र इस छात्र का चयन नवोदय में हुआ। जबकि पूरे विकासखण्ड से 26 बच्चों का चयन नवोदय में हुआ है। जिसमें से आश्रम से सिर्फ एक बच्चे का चयन हुआ है। शासन के नियमानुसार



नवोदय परीक्षा में चयनित छात्र अपने ही जिले में अध्ययनरत् होना चाहिए और उसके पास अपने ही जिले का निवास प्रमाण पत्र होना चाहिए। लेकिन इस नियम में सबसे बड़ी खामी यह है कि अन्य जिले में अध्ययनरत् छात्र इस परीक्षा से पूर्ण रूप से वचिंत हो रहे हैं। क्योंकि ऑनलाईन फार्म में स्पष्ट यह कालम है कि 'क्या आप का निवास प्रमाण पत्र और पांचवी में अध्ययन करने की जिला एक ही है ?' यह नियम उसके चयन के समय सामने आ रहा है। परीक्षा के लिए पहले से ही अपात्र घोषित हो जाएगा। ऐसे में कई छात्र इन मेधावी परीक्षाओं से पूर्ण रूप से वंचित हो जाएंगे। उनके लिए शासन के नियम अनुसार इन परीक्षाओं में कोई जगह नहीं है। ऑनलाईन फार्म भरने के दौरान अन्य जिलों में अध्ययनरत् छात्रों के लिए किसी भी प्रकार का कॉलम नहीं होने के चलते अंश के द्वारा नारायणपुर जिले का निवास प्रमाण पत्र जो कि उसके पास पहले से है के तहत उसने कॉलम को हाँ करके भर दिया। लेकिन नियमानुसार उसे ना करना था, और अगर ना करता तो वह पहले दिन से ही परिक्षा से वंचित हो जाता। जब उसने कॉलम में हां भर दिया। तब परीक्षा फार्म आगे बढ़ा। परीक्षा फार्म कम्पलीट होने के बाद छात्र ने 10 जनवरी को नारायणपुर जिले के परीक्षा केन्द्र में परीक्षा दिलाई और छात्र ने नारायणपुर जिले की 80 सीटों में 15वां रैक सामान्य केटेगरी में पास किया। लेकिन एक नियम के चलते छात्र अच्छे रैंक के बाद भी चयन से वंचित होता जा रहा है। इसी छात्र की तरह अन्य कई छात्र भी प्रवेश से वंचित हो रहे हैं। शासन के इस नियम को गलत इसलिए भी कहा जा सकता है। क्योंकि वर्तमान समय में जो लोग शासकीय नौकरी में अन्य जिलों में पदस्थ है या व्यापार व्यवसाय, धंधा और मजदूरी के लिए अगर अन्य जिलों में जाकर कार्य करते हैं या जो पालक अपने बच्चों को अपने निज घर से अन्य जिलों के स्कूलों में अच्छी शिक्षा के लिए बाहर दूसरे जिलो में पढ़ने के लिए भेज रहे है। वह शासन के इस नियम के आगे पूर्ण रूप से अपात्र हो जाएंगे और ऐसे पालकों के छात्र कभी भी नवोदय जैसी परिक्षाओं में शामिल नहीं हो सकते हैं। शासन का ऐसा नियम दो साल पहले 2022 से लागू हुआ। जबकि नवोदय संस्था की स्थापना 1986 में केन्द्र सरकार द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य भी ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को सामने लाने लिए बनाया गया था, 36 सालों तक नवोदय के नियम के अनुसार कोई भी छात्र किसी भी जिले का निवासी कहीं भी अध्ययनरत् हो, वह इस परीक्षा के लिए पात्र था और चयन हो सकता था, लेकिन दो साल पहले आये इस नियम ने अंश जैसे कई बच्चों के भविष्य को अधर में डाल दिया है और नवोदय जैसे परीक्षाओं में चयन के लिए उनके और उनके परिजनों के सपनों को धराशायी कर रहा है।

# स्ट्रांग रूम में बस्तर जिले के मतदान सामग्री को किया गया सीलिंग



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2023 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के अंतर्गत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान सम्पन्न होने के पश्चात इव्हीएम, बैलेट यूनिट और व्हीव्हीपेट सहित अन्य मतदान सामग्रियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी विजय दयाराम के. की उपस्थिति में शनिवार को शासकीय आदर्श महाविद्यालय स्थित स्ट्रांग रूम में सीलिंग की कार्यवाही की गई। मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराने के उपरांत सभी मतदान दल 19 अप्रैल को रात्रि में वापस जगदलपुर पहुंच गए थे, मतदान सामग्री जमा करने की प्रक्रिया देर रात तक चलती रही। विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर की मतदान सामग्री को शनिवार प्रातः नारायणपुर जिले के लिए रवाना किया गया।

इसी प्रकार सुकमा जिले से जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मत पेटियां प्राप्त होने पर मौका मिलान कर सीलिंग की कार्यवाही को किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, एआर राणा, सुब्रत प्रधान, एसडीओपी दिलीप कोसले, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी और निर्वाचन दायित्व से अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कुसमा में बिजली की करेंट के चपेट में आने से किसान की मौत

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम कुसमा में बिजली के चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई है। बताया जा रहा हैं कि, ग्राम कुसमा के रहने वाले सतना चौक पर रहने वाले नटवर लाल डहेरिया कृषि कार्य कर रहे थे और उस दौरान अपने खेत में कृषि कार्य करते समय फेंसिंग तार में लगे बिजली तार के चपेट में आ गए, जिससे नटवर लाल डहेरिया की मौत हो गई। वहीं इस हादस के तुरंत बाद परिजनों ने नटवर लाल डहेरिया को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी। फिलहाल कोंडागांव पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और शव घर में मृतक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप का निरंतर आयोजन किया जा रहा

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक फरसगाँव के तत्वाधान में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक एवं युवतियों और पूर्व सैनिकों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आदर्श स्कूल के मैदान से होते हुए कालोनी परिसर के चारों तरफ रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नारे लगाये गये। इसके बाद पूर्व सैनिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक फरसगाँव के उपाध्यक्ष बलदेव नेताम, सचिव रिकेश कुँवर और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 112 युवक एवं युवतियां मौजूद रहे।


## फार्मेट सी–7

अभ्यर्थी के रूप में चयनित किए गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना और ऐसे चयन के कारण तथा बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नही चुना गया, से संबंधित विवरण

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 में वर्ष 2018 की अवमानना याचिका (सिविल) सं. 2192 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13 फरवरी 2020 के आदेश अनुसरण में जारी आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम :– इंडियन नेशनल कांग्रेस
निर्वाचन का नाम :– लोकसभा चुनाव वर्ष–2024
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :– छत्तीसगढ़
(1) निर्वाचन क्षेत्र का नाम :– लोकसभा क्षेत्र कं.–06 राजनांदगांव
अभ्यर्थी का नाम :– श्री भूपेश कुमार बघेल

| स.क. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | आपराधिक पूर्ववृत | |
| | क | अपराधों की प्रकृति | 1. धारा–120 बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 7, 11 भ.नि. अधिनियम (संशोधन) 2018, 2. धारा–188, 269, 270 भा.दं.वि. एवं धारा 03 महामारी अधिनियम 1897, 3. धारा–120 बी. सहपठित 469, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम |
| | ख | मामला संख्या | 1- FIR No. - 06/2024, Dt. 04.03.2024 2- FIR No.- 29/2022, Dt. 16.01.2022 3- प्रकरण कं- 5465/18, FIR No. - RC 12 & 13 (S)/2017 SCUV/SC-II/CBI New Delhi, Dt. 12.12.2017 |
| | ग | न्यायालय का नाम | 1. नही है |
| | | | 2. अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय/MPMLA कोर्ट गौतम बुध्द नगर |
| | | | 3. नही है। |
| | घ | क्या आरोप विरचित कर दिए गए है या नही(हां/नही) | नही है |
| | ङ | दोषसिद्धि की तिथि, यदि कोई हो | नही है |
| | च | भुगती गई सजा का विवरण, यदि कोई हो | नही है |
| 2 | | अभ्यर्थी के चयन का कारण, चयन अभ्यर्थी की योग्यता, उपलब्धि और उसकी मेरिट को देखते हुए किया जाएगा न कि सिर्फ मतदान में विजय प्राप्त करने की क्षमता (100 शब्द से अधिक न हो) | अभ्यर्थी का मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास पर केन्द्रीत रहा है, जिससे पार्टी को उम्मीद है कि, मतदाताओं को आकर्षित किया जा सकता है, साथ ही अभ्यर्थी का लम्बा राजनैतिक अनुभव, स्थानीय सम्पर्क और हालिया चुनावी सफलता को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। |
| 3 | | यह कारण बताएं कि बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप क्यों नही चुना गया (100 शब्द से अधिक न हों) | पार्टी उम्मीदवार के चयन के लिये आंतरिक विचार विमर्श और बातचीत करती है। उम्मीदवार की पसंद मतदाता पर निर्भर करती है। उम्मीदवार के पास कांग्रेस के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और समर्पण है। यह उम्मीदवार निर्वाचित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव और प्रगति लाने की क्षमता रखता है और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करेगा। |

राज्य सभा या विधानसभा सदस्यों (एमएलए) द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी



फार्मेट सी–2

## दल द्वारा खड़े किए गये अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.–536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम – इंडियन नेशनल कांग्रेस
निर्वाचन का नाम – लोकसभा क्षेत्र कं.– 06 राजनांदगांव
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम – छत्तीसगढ़

| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोष सिध्दि | |
| स.क. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | | न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख | अपराध(धों) और अधिरोपित किए गए दण्ड का विवरण |
| 1 | भूपेश कुमार बघेल | 6 | राजनांदगांव | न्यायालय वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना–ईओडब्ल्यू, रायपुर) प्रकरण कं. वर्तमान में निरंक (FIR No. 06/2024, Dt. 04.03.2024) | धारा–120 बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 7, 11 भ.नि. अधिनियम (संशोधन) 2018, संक्षित विवरण :– | लागू नही | लागू नही |
| | | | | प्रवर्तन निदेशालय के उपरोक्त प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न दस्तावेज, पूर्व में प्रेषित प्रतिवेदन कं. ECIR/RPZO/10/2020/AD (MK), दिनांक 08.01.2024 व साथ में संलग्न दस्तावेज तथा प्रतिवेदन कं. ECIR/RPZO/10/2020/AD (MK), दिनांक 30.01.2024 साथ में संलग्न प्रेविजनल अटैचमेंट आर्डर एवं अन्य दस्तावेजों के अध्ययन व परिशीलन के आधार पर पाया गया कि महादेव बुक एप के प्रमोटर श्री रवि उप्पल, श्री शुभम सोनी, श्री सौरभ चंद्राकर, श्री अनिल कुमार अग्रवाल के द्वारा विभिन्न लाईव गेम्स में अवैध शॉपिंग की गयी। ऑनलाईन प्लेटफार्म के विकल्प के रूप में ऑनलाईन प्टेफार्म का निर्माण कर व्हाट्अप, फेसबुक, टेलीग्राम जैसे माध्यमों से विभिन्न वेबसाईटों के जरिये सट्टा खिलाए जाने लगा। इन प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग के लिए विभिन्न प्लेटफार्म तैयार कर पैनल ऑपरेटरों/ब्रांच संचालाकों के माध्यम से ऑनलाईन बैटिंग एप के संचालन से प्रमोटर्स एवं ऑनलाईन बैटिंग एप से जुडे पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स एवं उनके साथियों द्वारा वर्ष 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑनलाईन सट्टा खिलाकर 450 करोड़ रू. मासिक की अवैध आय अर्जित की जा रही है। महादेव बुक एप के प्रमोटर्स एवं पैनल ऑपरेटर्स के द्वारा इस अवैध अर्जित आय के ट्रांजेक्शन के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक अकाउंट्स खोले गए तथा सैंकड़ों बैंक अकाउंट्स कमीशन के आधार पर लेकर सट्टा से प्राप्त राशि का संचालन किया गया महादेव बुक एप के प्रमोटर्स को पैनल ऑपरेटर्स द्वारा सट्टा की अवैध राशि विभिन्न बैंक अकाउन्ट के माध्यम से ट्रांसफर किया जाकर संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंचाया गया है । | | | |
| | | | | महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन सट्टा से प्राप्त अवैध राशि से ऑनलाईन सट्टा के प्रमोशन के लिए सट्टे बाजी वेबसाईटों का विज्ञापन हेतु भारी मात्रा में नगद रकम खर्च की गयी। इस हेतु वार्षिक स्टार स्टैंडेड कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे जिसमें शामिल मशहूर हस्तियों को सट्टेबाजी से प्राप्त अवैध राशि से भुगतान किया जाता था । महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग से प्राप्त अवैध राशि को भारी मात्रा में कई कंपनियों, शैल कंपनियों एवम शेयर मार्केट में निवेश किया गया है । इसी तरह इन प्रमोटर्स के द्वारा क्रिप्टो करेंसी में भी निवेश किया गया है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा महादेव ऑनलाईन बुक के साथ जुडे हरिशंकर तिबरेवाल के द्वारा इसी तरह का स्काई एक्सचेंज नामक बैटिंग प्लेटफार्म चालया जा रहा था जिसके पास से अवैध कमाई द्वारा अर्जित लगभग 580 करोड़ रू. की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अटैच की गयी है। महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया गया , जिसके एवज में उन्हे नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गयी । उक्त अवैध राशि की व्यवस्था एवं वितरण हेतु हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल किया गया साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण हेतु पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया । यह प्रोटेक्शन मनी की राशि हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से राशि वितरण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तक पहुंचती थी जिसे उनके द्वारा संबंधित पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को वितरित की जाती थी । विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरूपयोंग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गयी है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कई अचल संपत्तियों का प्रोविजनल अटैचमेंट किया गया है । इस प्रकार महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा अपने सहयोगी पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स, पार्टनर्स, लोकसेवकों और अन्य लोगों के साथ मिलकर अपराधिक शडयंत्र करते हुए ऑनलाईन सट्टा एप के जरिए भारी मात्रा में अवैध आय अर्जित की गई । इस संपूर्ण आपराधिक कृत्य में शमिल लोगो के विरूद्ध प्रथम दृष्टया धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. तथा धारा 7, 11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्र.नि. (संशोधन) अधिनियम 2018 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा ................. (वर्तमान में लागू नही) को विवचना हेतु सौंपा गया या क्षेत्राधिकार में दृष्टिगत थाना............. (वर्तमान में लागू नही) जिला .........(वर्तमान में लागू नही) को स्थानांतरित किया गया, या दं.प्र.सं.की धारा "ब" के अंतर्गत की गई। अभियोगी / सूचनाकर्ता को प्र.सू.पढ़वाकर / पढ़कर सुनाया गया जिन्होने सही – सही अभिलिखित होना स्वीकार किया । इसकी एक प्रति सूचनाकर्ता को निः शुल्क प्रदाय की गयी। | | | |
| | | | | अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय/एम.पी.एम.एल.ए. कोर्ट गौतम बुध्द नगर, पुलिस थाना–नोएडा (सेक्टर–49, कमिश्नरेट गौतम बुध्द नगर) वर्तमान सम्मन दिनांक 06.12.2023 में वर्णित अनुसार वाद संख्या 16422/23 CC No.- 29/22 दर्शाया गया है (FIR No.- 29/2022, Dt. 16.01.2022) | धारा–188, 269, 270 भा.दं.वि. एवं धारा 03 महामारी अधिनियम 1897, संक्षित विवरण :– | लागू नही | लागू नही |
| | | | | कार्यालय रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 गौतम बुद्ध नगर पत्रांक 37/एसटी–एसडीएम विधान सभा निर्वाचन 2022 दिनांक 16.01.2022 प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 113 नोएडा आप को अवगत ही है कि, मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की चुकी है जिसके अनुसार जनपद गौतम बुद्ध नगर में आदर्श आचार संहिता लागू है । आज दिनांक–16.01.2022 को मा. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थनों पर 05 व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों को साथ लेकर लोगो के घर–घर जाकर कांग्रेस का प्रचार किया जा रहा है एवं कोविड नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है । अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल मा. भारत निर्वाचन आयोंग के अंतर्गत दिये गये निर्देशों के क्रम में आदर्श आचार संहिता एवं कोविड नियामों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित के विरूद्ध प्रथामिकी दर्ज कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करे । संलग्न उपरोक्तानुसार रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र । प्रतिलिपि 1–जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय गौतम बुद्ध नगर की सूचनार्थ प्रेषित, 2 – उप जिलाधिकारी निर्वाचन / उप जिलाधिकारी दादरी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र नोट में है । कांस्टेबल क्र 921 ओंकार सिंहप्रमाणित करता हूँ कि नकल तहरीर कर कायमी मेरे द्वारा बोल–बोल कर कांस्टेबल क्र 384 आकाश कुमार से टाईप करायी गयी है। | | | |
| | | | | विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सी.बी.आई. रायपुर (पुलिस थाना–सीबीआई/एससी–५, नई दिल्ली) प्रकरण कं. 5465/18, FIR No. RC 12 & 13 (S)/2017 SCUV/SC-II/CBI New Delhi, Dt. 12.12.2017) | धारा–120 बी. सहपठित 469, 471 भा.दं.वि. एवं धारा 67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम संक्षित विवरण :– | लागू नही | लागू नही |
| | | | | एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.– 12 (एस) 2017 एस.सी.यू. / एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन थाना पंडरी रायपुर में श्री प्रकाश बजाज के द्वारा लिखाई गई एफ.आई.आर. के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उन्हे किसी अश्लील व्हिडियो उसके आधिपत्य में होने के आधार पर किसी आका को बदनाम करने, उनके एवज में राशि मांगने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने की शिकायत की गई है, इस शिकायत पर धारा 384 एवं 506 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया था । तथा एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.– 13 (एस) 2017 एस.सी.यू. / एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन सिविल लाईन थाना रायपुर में श्री राजेश मूणत के द्वारा दर्ज प्रथम सुचना पत्र क्रमांक– 665/2017 दिनांक– 27/10/2017, धारा 67 ए. आई.टी.एक्ट के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है, जिसमें श्री राजेश मूणत ने किसी अश्लील व्हिडियों का प्रसारण मोबाईल एवं सोशल मिडिया के माध्यम से श्री भूपेश बघेल , विनोद वर्मा, आदि के द्वारा किये जाने और उसके द्वारा श्री राजेश मूणत की राजनैतिक छबि को धुमिल किये जाने की शिकायत की गई । इन दोनो प्रकरण की जांच सी.बी.आई. ने एक साथ करके उपरोक्त आरोप पत्र प्रस्तुत किया है । | | | |

राज्य सभा के निर्वाचन और विधानसभा सदस्यों द्वारा, विधानपरिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ किया घर बैठे मतदान

## होम वोटिंग की सुविधा मिलने से निर्वाचन आयोग का किया आभार

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र 09 के तहत महासमुंद जिले के चारों विधानसभा के दिव्यांगों और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ आज अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में सहभागिता निभाई। निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही मतदान की सुविधा मिलने से मतदाताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा जिलेवासियों से आगामी 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की नई सुविधा मिलने पर संसदीय क्षेत्र 9 अंतर्गत महासमुंद जिले के 80 वर्ष से अधिक के आयु के बुजुर्गों तथा चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों ने आज अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी का सपना साकार किया है। इस नई व्यवस्था के तहत जिले के 226 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गयी थी। आज होम वोटिंग के दौरान सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम जोगनीपाली की माया देवी अग्रवाल 85 वर्ष, ग्राम तोरेसिंहा की उमा 86 वर्ष, ग्राम गढ़फुलझर के दिव्यांग जगबंधु 19 वर्ष, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम लालपुर की केसर कुंवर जैन 104 वर्ष, सुमन देशपांडे 102 वर्ष, सुखो बाई फूलसिंह 85 वर्ष, ग्राम तेंदुलोथा कला की चंदा बाई 94 वर्ष, प्यारी बाई 93 वर्ष, ग्राम नर्रा से घासीदास 86 वर्ष, ग्राम मोखा से सुखधर 85 वर्ष, ग्राम झमला से



दिव्यांग दुर्गेश ठाकुर 23 वर्ष एवं पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सानटेमरी की रविवारी भोई 90 वर्ष, जैसे अनेक वरिष्ठजनों और दिव्यांगों ने उत्साहित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा नहीं मिलने से इस समय उनके लिए अपने शारीरिक अस्वस्थता के चलते मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान करना बिलकुल भी असंभव था। सभी ने उनके जैसे अनेक बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को उनके घरों पर ही मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के इस होम वोटिंग की नई व्यवस्था की प्रशंसा की। भारत निर्वाचन आयोग की इस नई व्यवस्था की सराहना करते हुए बागबाहरा की 104 वर्षीय केसर कुंवर जैन ने कहा कि उसे अपने घर में ही मताधिकार का सुविधा मिलना उनके लिए किसी सपने का साकार होने जैसा है। उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि अपने इस उम्र के इस पड़ाव एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण इस बार उसे मतदान करने का सौभाग्य भी प्राप्त होगा। लेकिन आज भारत निर्वाचन आयोग के इस व्यवस्था के कारण उसे आज अपने घर पर ही मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ। सरायपाली की 85 वर्षीय माया देवी अग्रवाल ने होम वोटिंग कर उत्साहित होकर कहा कि उनके वृद्धावस्था एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण उनके लिए मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करना बिल्कुल भी संभव नहीं था। लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण आज उसे अपने घर में ही मतदान करने का अवसर मिला है। अपने मताधिकार का प्रयोग करने से अब मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाने की कमी नहीं खलेगी। इसी तरह बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम झमला के 23 वर्षीय दिव्यांग दुर्गेश ठाकुर ने भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग की सुविधा की प्रशंसा करते हुए बताया कि दिव्यांग होने के कारण अपने शारीरिक परेशानियों के चलते मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग नही कर पाते थे।

## वरिष्ठजनों ने धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव



**महासमुंद।** रामनवमी का पर्व शहर के दलदली मार्ग स्थित आशियाना वृध्दाश्रम में हर्षोल्लास से मनाया गया। इसके पूर्व चैत्र नवरात्र आरंभ से यहा निवासरत वरिष्ठजनों द्वारा प्रतिदिन नवदुर्गा पूजन किया। अष्टमी हवन पूजन पश्चात नवमी के अवसर पर यहां कन्या भोज का भी आयोजन हुआ। श्रीराम जन्मोत्सव की झांकी तैयार करते हुए यहां श्री राम जन्म की आकर्षक प्रस्तुति दी गई और इसे उत्सव के रुप में मनाया गया। शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, उदय कुमार साहू, खेमचंद जंजीर ने बताया कि आशियाना वृध्दाश्रम में रह रहे वृध्दजनों एवं घरौंदा के दिव्यांग बच्चों के साथ स्टाफ में अधीक्षक श्रीमती उषा साहू, कुंजन ठाकुर, दिव्या ठाकुर, मनीषा बघेल, श्रेया ठाकुर, ज्योति साहू, सरिता सोनी, खूशबू राजपूत, रेणू रात्रे, टीना मिरी, गौरी मिरी कार्य म को सफल बनाने में जुटे रहे।

## प्रतिभा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को पदक पहनाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के प्रथम स्तर की परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा में अन्वी अग्रवाल कक्षा प्रथम प्रथम स्थान ,वंश अग्रवाल कक्षा द्वितीय प्रथम स्थान ,स्वाति मिश्रा कक्षा पंचम प्रथम स्थान ,श्रेष्ठा पंडा कक्षा षष्ठ प्रथम स्थान पर रही, कक्षा नवम से आद्या अग्रवाल प्रथम स्थान ,विराज बंजारे द्वितीय स्थान ,तथा यस नायक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि कक्षा दशम,से सौम्या अग्रवाल प्रथम स्थान ,नेहा साहू ,द्वितीय स्थान एवं पीयूष कुमार नायक क्रमशः तृतीय स्थान पर रहे विजयी समस्त प्रतिभागियों को विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली ने स्वर्ण पदक तथा प्रशस्ति पत्र द्वारा पुरस्कृत की , प्राचार्य नरहरि पटनायक ने प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों को पदक पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया ,विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में प्राथमिक स्तर पर सह समन्वयक ज्योतिर्मय महापात्र माध्यमिक स्तर पर सुशील महापात्र एवं हाई स्कूल स्तर पर विवेक वर्मा तथा समन्वयक नीलम पाणिग्रही का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# भाजपा कार्यालय कुरूद मे विधानसभा स्तरीय भाजयुमो सम्मेलन संपन्न

पायनियर संवाददाता < कुरुद/धमतरी
www.dailypioneer.com



मुख्य वक्ता अजय चंद्राकर विधायक कुरुद, अध्यक्षता आशु चन्द्रवंशी भाजपा विधानसभा प्रभारी, मंचस्थ अतिथिगण भानु चन्द्राकर विधानसभा संयोजक एवं कार्यक्रम प्रभारी ज्योति चन्द्राकर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, कुलेश्वर चन्द्राकर भाजपा कुरुद मण्डल अध्यक्ष ,कृष्णकांत साहू कुरुद मण्डल संयोजक ,मालक राम साहू वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ,टिकेश साहू महामंत्री भाजपा कुरुद मण्डल,भोजराज चन्द्राकर नगर संयोजक उपस्थित थे तथा कार्यक्रम का संचालन प्रभात बैस कुरुद भाजपा मण्डल महामंत्री ने किया। स्वागत भाषण भूपेंद्र सिन्हा जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, वक्ताओं मे ज्योति चन्द्राकर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, आशु चन्द्रवंशी कुरुद विधानसभा प्रभारी, कार्यक्रम के विभिन्न जानकारियां भानु चन्द्राकर ने दिया। मुख्य वक्ता अजय चन्द्राकर ने मोदी को पुनः प्रधानमन्त्री बनाने रूपकुमारी चौधरी को जिताने की अपील युवा मोर्चा के साथियों से किए। इस अवसर पर युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कुरूद अनुराग चन्द्राकर, सत्यम चन्द्राकर जिला मंत्री, जिज्ञासा सिन्हा ज़िला मंत्री, मंडल अध्यक्ष मेघा राजेश साहू, मंडल अध्यक्ष भखारा चोवाराम साहू, मण्डल महामंत्री हिमांशु साहू देशान्त सिन्हा, नीलकमल साहू, खेमेश्वर राव तोषण साहू, मिथलेश सिन्हा, रोशन साहू ,वंश खत्री कुरुद मण्डल मंत्री,अनुशासन आमदे, रोशन साहु सहित भाजयुमो के सैकड़ों कार्यकर्तागण सम्मेलन मे सम्मिलित हुए।

# लोक सभा चुनाव में आमाखोहा शक्ति केन्द्र पर बैठकों का दौर

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कसडोल मण्डल के आमाखोहा शक्ति केन्द्र पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लोक सभा चुनाव में जांजगीर चांपा लोक सभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगडे को ऐतिहासिक मतों से जिताने का संकल्प लिये। आमाखोहा शक्ति केन्द्र की बैठक में सत्यनारायण पटेल ने शक्ति केन्द्र के बूथों की समीक्षा की। शक्ति केन्द्र प्रभारी सत्यनारायण पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से पार्टी के लिए कार्य करता है। उन्होंने बूथ के पदाधिकारीयों को सक्रिय करते हुए वोटर्स से संपर्क करने को कहा। शक्ति केन्द्र के प्रभारी सत्यनारायण पटेल ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को कमर कसते हुए भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने का आह्वान किये। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिए है। धारा 370, राम मंदिर निर्माण सहित देश का विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में निरन्तर बढ़ना अनेकों निर्णय है जहाँ आज भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज देश पुनर्निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर प्राप्त हो रहा है। आने वाली सरकार ऐसे अनेकों निर्णयों से भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ देश बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। सत्यनारायण पटेल ने आमाखोहा शक्ति केन्द्र पांचों पोलिंग बूथों में ऐतिहासिक बढ़त से भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ देश बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। पटेल ने आमाखोहा शक्ति केन्द्र से ऐतिहासिक बढ़त का संकल्प दिलाया तथा समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं से एक जुट होने का आह्वान किया। अंत मे शक्ति केन्द्र के युवा कार्यकर्ता सुनील कैवर्त्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता व शक्तिकेन्द्र सह संयोजक खम्भन वर्मा, शक्तिकेन्द्र संयोजक पुसाऊ राम कैवर्त्य, ममता कर्ष मण्डल मंत्री, अनुराधा कर्ष मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा,बूथ अध्यक्ष उमेन्द राम वर्मा, कमलेश यदु, मनी राम ध्रुव, शरद योगी, डीगेश्वरी, नागेशर, हीरा बाई, बद्रिका बाई, ललिता ठाकुर,कुमारी ठाकुर, उर्मिला योगी,विपत बाई, अमर बाई, शांति बाई ठाकुर,सहित शक्तिकेन्द्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## ग्रीष्मकालीन पेयजल की व्यवस्था हेतु उपखण्ड एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम की हुई स्थापना

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजाहर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर जिले में आगामी समयों में पेयजल व्यवस्था की निरंतरता बनाये रखने एवं हैण्डपंप संधारण संबंधी शिकायतों के तत्काल निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उपखण्ड एवं विकासखंड स्तर में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। जिला स्तर के लिए कन्ट्रोल रूम प्रभारी सहायक मानचित्रकार सुभाष तिग्गल को नियुक्त किया जाता हैं। पेयजल व्यवस्था एवं हैण्डपंप संधारण संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने पर उसे रजिस्टर में इंद्राज कर संबधित उपखण्ड के सहायक अभियंता को अवगत करायेंगे। कन्ट्रोल रूम प्रभारी का मोबाईल नम्बर 98934-47642 पर आवेदक अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है। इसी तरह विकासखंड एवं उपखंड बलौदाबाजार एवं पलारी के लिए आर.के. ध्रुव 97539-17189, भाटापारा एवं सिमगा के.एल. देवांगन 98262-09612, कसडोल मनोज दाखोड़े 81092-00800 शामिल है। इसी प्रकार बलौदाबाजार विकासखण्ड के लिए कलीराम पैकरा 98261-76821, पलारी संदीप लारेन्स 79870-00945, भाटापारा श्रीमती रीना सिंग 72239-45588, सिमगा श्रीमती मंजु मानिकपुरी 98262-09612 तथा कसडोल सुदर्शन सिंह मरावी 86021-51705 को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त नम्बरों में पेयजल एवं हैंडपंप में समस्या होने पर शिकायत दर्ज करा सकतें है।

# लोकसभा प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल ने किया लोगों से जनसंपर्क

## गांव गांव में जोर शोर से प्रचार प्रसार अभियान, चेम्बर्स आफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष है मुकेश

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

अंचल के एक छोटे से गाँव से निकलकर शहर में शिक्षा प्राप्त करने और व्यवसाय के क्षेत्र में कदम रख कर अपने व्यवसाय को स्थापित करने के बाद शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मुकेश अग्रवाल समाज सेवा के क्षेत्र में भी सदैव अग्रणी रहे हैं। एक व्यवसायी के तौर पर पूरे प्रदेश में अपना नाम करने के बाद अग्रवाल अब एक नई पारी का आगाज करना चाहते हैं। स्वयं को जन सेवा के लिए समर्पित करने की इच्छा रखते हुए अग्रवाल ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में वे अपना भाग्य आजमा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि से चर्चा में अग्रवाल ने अपनी जीवन यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि सरायपाली अंचल के छोटे से गाँव घुंचापाली में सन् 1967 में उनका जन्म हुआ था। ग्राम में ही प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे सरायपाली शहर में आ गए और एम ए तक की शिक्षा ग्रहण की। ग्रामीण पृष्ठभूमि होने के कारण कृषि के क्षेत्र में उनका प्रारंभ से ही लगाव था, जिसके कारण उन्होंने



1982 में किसानों के हित को देखते हुए मुकेश ट्रेडिंग नाम से खाद, कृषि दवाओं का व्यवसाय प्रारंभ किया। इसी व्यवसाय ने उन्हें प्रदेश स्तर तक प्रतिष्ठा दिलाई और वे चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद के लिए चुने गए। अग्रवाल ने बताया कि व्यवसाय के सिलसिले में वे अंचल के विभिन्न ग्रामों में जाते थे, जहाँ किसानों के दुख-दर्द से अवगत हुए। वहीं एक व्यापारी होने के नाते वे व्यवसायियों की पीड़ा से भी भली-भांति अवगत हैं। इन समस्याओं को देखते हुए उन्होंने स्वयं चुनाव लड़कर किसानों व व्यापारियों के हित में कार्य करने की बात कही। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, इसलिए यहाँ के किसानों को निःशुल्क शिक्षा व स्वास्थ्य का लाभ मिलना चाहिए। अग्रवाल ने चर्चा में आगे बताया कि यदि वे चुनाव जीतते हैं, तो केन्द्र सरकार से उनकी पहली मांग जोंक परियोजना को पूर्ण कराने की होगी। सन् 1986 में मध्यप्रदेश के समय से तात्कालीन कृषि मंत्री मोहनलाल चौधरी के द्वारा इस मांग को उठाया गया था, जो कि अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। यदि जोंक परियोजना पूरी हो जाती है तो इससे तीन विकासखण्ड सिंचित होंगे, जिससे किसानों को काफी लाभ पहुँचेगा। उन्होंने कहा कि सरकारें तो आती-जाती रहती हैं, लेकिन नौकरशाहों के कारण शासन का सही लाभ आम जनता को नहीं मिल पाता। यदि वे सांसद चुने जाते हैं तो क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी लोगों के लिए निःशुल्क हो, साथ ही रोजगार के अवसर अधिक से अधिक बढ़े, इसका वे पूरा प्रयास करेंगे। अग्रवाल ने कहा कि अच्छे पढ़े-लिखे लोगों को ही प्रत्याशी बनाना चाहिए, ताकि वे अपने क्षेत्र के साथ-साथ देश के विकास के बारे में सोचें और समस्याओं को प्रमुखता से उठा सकें। लेकिन आजकल तो जाति के आधार पर टिकट वितरण किया जाता है, जिसमें विकास की बात दब जाती है। चुनावी घोषणा पत्र तो सभी पार्टियाँ जारी करती हैं, लेकिन अनेक आवश्यक जरूरतों को उनमें स्थान नहीं दिया जाताऔर भी समस्याएँ हैं, जिसे दूर करने का रहेगा प्रयास अन्य समस्याओं के संबंध में चर्चा करते हुए अग्रवाल ने बताया कि विगत 40 वर्षों से रायपुर से बरगढ़ रेल लाईन के लिए केवल सर्वे हो रहा है, लेकिन अभी तक किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुँच पाये हैं। जबकि रेल लाईन से जुड़ने पर यहाँ का व्यापार तो बढ़ेगा ही नये रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इसी तरह सरायपाली से रायगढ़ क्षेत्र व्यापार से जुड़ा हुआ है, लेकिन सड़क की हालत आज भी बदतर बनी हुई है। रजिस्ट्री कार्यालय में भ्रष्टाचार का मुद्दा भी आये दिन गरमाते रहता है। भाजपा सरकार आने पर आरटीओ नाके बंद करने की बात कही गई थी, लेकिन अभी भी वह कायम है। सरायपाली सहित पूरा जिला व प्रदेश आज नशे की गिरफ्त में है, जिससे युवा पीढ़ी बरबाद हो रही है। अतः इस पर भी बैन लगना चाहिए।

# ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों की कमिशनिंग के लिए मिला प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजाहर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत ईवीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों के कमीशनिंग के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर ऑफिसर ,कमीशनिंग प्रभारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर चौहान ने कहा कि सभी गंभीर एवं ध्यान से प्रशिक्षण लें ताकि निर्वाचन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशो का भली भांति जानकारी हो। अपनी जिम्मेदारियों का सावधानीपूर्वक निर्वहन करें।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट मशीनों की कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपैट के सुव्यवस्थित संचालन हेतु प्रत्येक यूनिट को एक दूसरे से केबल कनेक्शन, एड्रेस टैग लगाना, पेपर रोल, मतदान लरपत्र लगाना, कंट्रोल यूनिट सील करना,पेपर सील करना, मॉक पोल सहित अन्य गतिविधियों का विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम एवं व्हीव्हीपैट की तकनीकी पक्षो की प्रोजेक्टर के माध्यम से पूरी जानकारी दी गई। ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट की तकनीकी जानकारियों में दक्ष रहने कहा गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे सहित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कुल 419 प्रकरणों में 568 व्यक्तियों के विरुद्ध किया गया प्रतिबंधक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 को निष्पक्ष, निर्भिग्य एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु वर्ष 2024 चुनाव आचार संहिता लगने के 16.03.24 से अब तक धारा 110 सीआरपीसी के तहत 07 प्रकरणों पर 07 लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधक कार्यवाही कि गई है तथा धारा 107, 116(3) सीआरपीसी के कुल 375 प्रकरणों में 516 लोगों के विरूद्ध कि प्रतिबंध कार्यवाही कि गई है एवं धारा 151 सीआरपीसी के तहत कुल 37 प्रकरणों में 45 लोगों के विरुद्ध प्रतिबंध कार्यवाही की गई है। लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए धमतरी पुलिस द्वारा आचार संहिता लगने के बाद सर्वाधिक प्रतिबंधक कार्यवाही किया गया है। छ ग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 (जिला बदर) के तहत 04 बदमाशों के विरुद्ध प्रकरण पेश किया गया हैं। आबकारी एक्ट के कुल 54 प्रकरण 59 आरोपी] कुल 462.42लीटर, जुमला कीमती 137670.रूपये जब्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। एवं नारकोटिक्स एक्ट के तहत गांजा के दो प्रकरण में 4 व्यक्ति आरोपी 11किलो 748 ग्राम कीमती 2,29480. रुपये जब्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। जुआ के कुल 05 प्रकरणों में 22 व्यक्ति एवं सट्टा के कुल 08 प्रकरणों में कुल 08 व्यक्ति जुमला 16 व्यक्तियों से कुल जुमला रकम 68120 रूपये जब्त कर आरोपियों विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। आर्म्स एक्ट के तहत कुल 08 प्रकरणों में 08 व्यक्ति के विरुद्ध 08 नग बटंची एवं स्टील चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। धमतरी पुलिस द्वारा लगातार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जा रहा है।

# प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी बूथ की कमान संभाल भाजपा की जीत सुनिश्चित करने हैं तैयार : रंजना साहू



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के प्रचार जोरों पर है। इधर भाजपा द्वारा भी धुआंधार प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसमें चुनाव संचालन समिति के निर्देशानुसार पूर्व विधायक रंजना साहू ने बिरेतरा में अपने बूथ क्रमांक 20 मे बुथ कमेटी के साथ घरो में जाकर पहला मतदाता पर्ची, नकली मतपत्र,अपील पत्र,पाम्पलेट के साथ मतदाताओ से मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के लिए वोट मांगा। भाजपा ने अपने सभी नेताओं को अपने बूथ में पर्ची वितरण करने एवं बूथ में पार्टी के प्रचार को और मजबूत करने का निर्देश दिया है जिसके चलते सभी नेता अपने बूथों की कमान संभाले हुए हैं। उक्त अवसर पर साहू ने कहा हमारा एक एक कार्यकर्ता अपनी कमान संभाला हुआ है, हर एक बूथ में भाजपा विजय का परचम लहराएगी और मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने हर एक कार्यकर्ता अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दमयंती केशव साहू, आमदी मंडल उपाध्यक्ष राकेश साहू, जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, सरपंच उषा साहू, उप सरपंच विनेश्वर साहू,लक्ष्मी नारायण, पंच कल्याणी साहू, दसरी साहू,शांति तारक सोना तारक वीरू पटेल, गुहन यादव अजीत साहू मुरहा साहू, भीखम साहू, योगिता यादव, रमेश संतु बिहारी दशरू, महेश, चिंता, दास्मत, खिलु, बसंत, सुरुचि, हमिता, चिरेखा, खूबचंद, टिका, प्रथम, मोहन कामिनी, लोचन साहू उपस्थित रहे।

# बिना डिग्री के झोलाछाप डॉक्टर काफी समय से सक्रिय, कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के तहसील लवन के गॉव तिल्दा जंहा रेत की अवैध खनन के मामले में पूरे छत्तीसगढ़ में पहले स्थान पर है वहीं सूत्रों से पता चला कि यंहा एक झोला छाप डॉक्टर लम्बे समय से सक्रिय है। जिसकी शिकायत कलेक्टर से ग्रामीण एवं प्रेस क्लब लवन शिकायत के लिए आगे आने वाले हैं।बिना डिग्री के झोला छाप डॉक्टर के चलते गॉव के भोले भाले ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ लम्बे समय से खिलवाड़ होने से इनकार नहीं किये जा सकते हैं, जिसके लिए प्रेस क्लब लवन मोर्चा खोलने की तैयारी में है एवं क़ानूनी कार्रवाई के लिए भी बाध्य होने की




जानकारी छत्तीसगढ़ न्यूज़ साइट को पता चला है।तिल्दा के उस झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से न जाने कितने बेगुनाह कॉल के गाल में समाए होंगे इसकी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।शिकायत एवं जांच टीम गठित होने पर निश्चित ही उस आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। इस मामले पर सी एम एच ओ डॉ एम पी महिश्वर ने सख्त कार्रवाई किये जाने की बात पायनियर संवाददाता से कहा है।

## आत्मानंद विद्यालय में एडमिशन हेतु आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु विद्यार्थियों के एडमिशन की प्रक्रिया नियमानुसार समय सीमा में पूर्ण किया जाना है सेजेस के प्राचार्य ने बताया कि एडमिशन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 अप्रैल से 05 मई तक निर्धारित है । वहीं रिक्त सीट से अधिक आवेदन की स्थिति में नियमानुसार लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन 06 मई से 10 मई तक निर्धारित तिथि में किया जाएगा। साथ ही एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 मई से 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एडमिशन हेतु निम्नलिखित निर्देशों का पालन करने निर्देश प्राप्ति हुई है जिसमें प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन किया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राथमिक तथा 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्राथमिकता दिया जायेगा। महतारी दुलार योजना' अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जायेगा। एडमिशन हेतु आवेदन पत्र के साथ पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जायेगा।

# निर्वाचन व्यय की सतत मानीटरिंग एवं रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश

■ व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्ठी ने ली व्यय संबंधित टीम की बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com





भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा टीम की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी सम्मलित हुई। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाये।जिले के विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, पाटन, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ के लिए अलग-अलग सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम नियुक्त किया गया है। बैठक में व्यय प्रेक्षक प्रसन्नाने निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समितियों व्यय निगरानी सेल, लेखा टीम, फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, व्यय लेखा, वीडियो अवलोकन दल आदि के विषय में जानकारी ली। उन्होंने आचार संहिता के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के व्यय अनुवीक्षण के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए गठित टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें। व्यय कार्यों के लिए गठित टीम व्यय के रिकार्ड मेंटेन करते हुए डेली रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। एसएसटी, एफएसटी, वीवीटी और वीएसटी की टीम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली।

व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठीनेकहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक अभ्यर्थी के व्यय की लगातार निगरानी करेंगे और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि एक्सपेडिंचर सीजर मानिटरिंग सिस्टम पर ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है।व्यय अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए टीम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। प्रसन्ना ने कहा कि व्यय संबंधी टीम के सदस्यों को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे अपने सीनियर अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर समय सीमा के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।साथ ही उन्होंने सहायक व्यय प्रेक्षकों को विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर निगरानी करने को कहा। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल तथा निर्वाचन व्यय से संबंधित टीमें विभिन्न जांच नाकों सहित अन्य स्थानों पर अलर्ट रहें। व्यय प्रेक्षक ने गत विधानसभा निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्याओं एवं चुनौतियों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान व्यय लेखा संबंधी कोई समस्या न रहे इस दिशा में सभी को कार्य करना है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर महेश राजपूत, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बस स्टैंड, होटल एवं ढाबों में दी आकस्मिक दबिश

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



आबकारी आयुक्त आर संगीता के निर्देश एवं कलेक्टर दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देश व सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग दुर्ग की भिलाई एवं दुर्ग नियंत्रण कक्ष की संयुक्त टीम द्वारा आगामी लोकसभा सभा निर्वाचन को ध्यान में रखकर होटल/ढाबों की जाँच तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान नेशनल हाईवे पर कुम्हारी में संचालित राजू ढाबा में अवैध रूप से मदिरापान करते पाये जाने पर आबकारी अधिनियम की धारा 36(सी)के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही रॉयल खालसा ढाबा, ब्रदर्स ढाबा, कान्हा ढाबा, संधु ढाबा, अपना ढाबा, पंजाब ढाबा, नवनीत ढाबा, रेलवे स्टेशन दुर्ग के समीप पायल रेस्टोरेंट, एवन ढाबा एंड रेस्टोरेंट, दुर्ग राजनंदगांव हाईवे स्थित प्रिंस ढाबा, ढाबा सीजी 07, श्री साई ढाबा में तलाशी अभियान चलाकर ढाबा/होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि अवैध मदिरा का संव्यवहार ना हो एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना कंट्रोल रूम के नंबर 0788-2325836 पर करें।

जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण एवं परिवहन के नियंत्रण हेतु आम नागरिकों की सहभागिता के लिए टेलीफोन शिकायत नम्बर उपलब्ध करायी गई है, जिसके अन्तर्गत आबकारी विभाग दुर्ग के कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर 24×7 घण्टे सम्पर्क किया जा सकता है तथा अपने आस-पास के क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं धारण करने वाले आरोपियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। इस संयुक्त कार्यवाही को जिले के सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नौजिया, सुप्रिया तिवारी, पंकज कुजूर तथा आबकारी उप निरीक्षक अरविंद साहू, गीतांजलि तारम एवं आबकारी मुख्य आरक्षक/आरक्षक तथा वाहन चालकों की टीम द्वारा संपादित किया।

# नामांकन के अंतिम दिन 8 अभ्यर्थियों ने किये नामांकन पत्र जमा



पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किये। जिसमें शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी, विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी, भागबली सिवारे निर्दलीय, संतोष कुमार मारकण्डे निर्दलीय, ध्रुव कुमार सोनी निर्दलीय, हरिशचंद ठाकुर निर्दलीय, मनोज ध्रुव छत्तीसगढ़ विकास गंगा पार्टी और प्रदीप टाईटस इंडिया प्रजाबंधु पार्टी शामिल है। अब तक 27 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये।

# नामांकन के अंतिम दिन जिले में 29 अभ्यर्थियों ने खरीदे नामांकन, 27 ने किए जमा

## संवीक्षा के दौरान 25 अभ्यर्थियों के नामांकन हुए स्वीकृत

■ संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए प्राप्त नामांकनों की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने की संवीक्षा

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए प्राप्त नामांकनों की संवीक्षा की। नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस तक संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 29 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे एवं 27 अभ्यार्थियों ने नामांकन जमा किए। जिनमें श्याम सुन्दर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, विजय बघेल भारतीय जनता पार्टी, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कॉंग्रेस, डा. हरिशचन्द्र साहू निर्दलीय, सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश), बलदेव साहू निर्दलीय, अशोक जैन निर्दलीय, यशवंत सीताराम साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भानुप्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय, अरूण जोशी निर्दलीय, राकेश साहू न्यायधर्मसभा, खिलानंद जसपाल निर्दलीय, अली हुसैन सिद्दीकी निर्दलीय, दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी, डॉ. अंजु केमे एकम सनातन भारत दल, अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय, पुष्पा मैरिसा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी, सन्तोष कुमार मारकन्डे निर्दलीय, ध्रुव कुमार सोनी उर्फ लंगूर सोनी निर्दलीय, भागबली सिवारे निर्दलीय, हरिचंद ठाकुर निर्दलीय सहित कुल 25 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए।

# विधानसभा 64-दुर्ग शहर के लिए माकपोल के लिए नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 22 को

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 7 दुर्ग अंतर्गत विधानसभा 64-दुर्ग शहर के उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग कार्य 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से मानस भवन में किया जाना है। विधानसभा 64-दुर्ग शहर के लिए नोडल अधिकारी अरविन्द कुमार एक्का (आईएएस) सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे।

माकपोल हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे से भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय (बीआईटी) दुर्ग में आयोजित की गई है। माकपोल कार्य के लिए जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें प्रभारी अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप अभियंता कृष्णा सिंधा को नियुक्त किया गया है। सहायक प्रभारी अधिकारी सहायक विकास विस्तार अधिकारी मोनिका चौधरी, जनपद पंचायत धमधा तकनीकी सहायक जयंत कंवर, उप राजस्व निरीक्षक प्रकाश अहीर, जनपद पंचायत पाटन तकनीकी सहायक आकाश देवांगन एवं नीतिश होता, निःशक्तजन कार्यालय सहायक ग्रेड-3 गणेश राम सोनी, नगर निगम भिलाई स्वा.पर्यवेक्षक पलाश वैद्य, जनपद पंचायत पाटन सुरेश कुमार सोनी व सुमन सिंह, जनपद पंचायत धमधा जितेन्द्र बंछोर की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही आदिवासी विकास भृत्य गुनेश्वरी सोनवानी, सुलेखा कुर्रे, निलेश कुमार यादव एवं रवि कुमार यादव की ड्यूटी लगाई गई है।

# निर्वाचन ऑब्जर्वरों ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एस.बी. शेट्टेनवर (आईएएस) एवं लथकर श्रीकेश बालाजीराव (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा (आईपीएस) एवं व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पट्टनाशेट्टी (आईआरएस) ने संयुक्त रूप से शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी एआरओ एवं विभिन्न कार्यों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला भी सम्मिलित हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने निर्वाचन ऑब्र्जवरों को जिले की मूलभूत जानकारियों से अवगत कराते हुए निर्वाचन तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 320 है। क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 4, महिला प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 60 है। दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 06, युवा कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 30 एवं आदर्श मतदान केंद्रों की संख्या 30 है। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 14,21,188 है। जिसमें 7,05,874 पुरूष मतदाता, 7,15,261 महिला मतदाता एवं 53 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। 80. मतदाताओं की संख्या 4887, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8929, सेवा मतदाताओं की संख्या 1970 है। जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए समुचित प्रबंध किये जाएंगे। कलेक्टर ने निर्वाचन कार्यों के लिए गठित की गई विभिन्न ईकाइयों तथा प्रशिक्षण आदि के संबंध में भी अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक शुक्ला ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों के संबंध में अवगत कराया।

# लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान को लेकर हुई बैठक

## अगले पन्द्रह दिनों के लिए तैयार की गई रणनीति, अब तक हुए काम की हुई समीक्षा

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय राधाकांत भवन में पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जशपुर की विधायक रायमुनि भगत और जशपुर विधानसभा संयोजक ओम प्रकाश सिन्हा ने मंडल अध्यक्ष और शक्ति केन्द्र प्रभारियों को सौपें गए दायित्वों की समीक्षा की। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने बैठक में शामिल पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आने वाले दिनों में पार्टी के प्रचार अभियान की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक बूथ में 25 कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा करनी है। इसके साथ ही लघु व छोटे व्यवसाईयों का सम्मेलन, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का अभिनंदन, प्रथम मतदाता पर्ची वितरण, नुक्कड़ सभा का आयोजन और सामाजिक टोलियां बना कर, अलग अलग समाजों से संपर्क करना शामिल है। कृष्ण कुमार राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आने वाले 15 दिन बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए कार्ययोजना के अनुसार, सभी को पूरी गंभीरता के साथ काम करना है। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कि कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए कहा कि,लोकसभा चुनाव का परिणाम ऐतेहासिक आने की प्रबल संभावना है। बैठक को जिला पंचायत अध्यक्ष शान्ति भगत ने भी सम्बोधित किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा, सुरेश राम भगत, शहर मण्डल अध्यक्ष संतोष सिंह, रूपेश सोनी, देवधन नायक, मंगलनाथ सिंह, डीडीसी रीना बरला, लालदेव भगत, कृपा भगत, शरद चौरसिया, विजय सहाय, शारदा प्रधान, सुषमा सिंह, राम सलोने मिश्रा।

# फ्रैंडली फुटबॉल मैंच खेल कर दिए मतदान अवश्य करने का संदेश







पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com


कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में भिलाई के सेक्टर 02 फुटबॉल मैदान में 18 अप्रैल की संध्या 7 बजे फ्रैंडली फुटबॉल मैच आयोजित की गई। मतदाता जागरूकता के अंतर्गत फ्ल्ड लाईट में खेले गए रोमांचक मैच में आईजी, एसपी, भिलाई व दुर्ग निगम आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ को मैदान में सधे हुए खिलाड़ियों की तरह खेलता देख दर्शकों ने तालियां से उनका उत्साहवर्धन करते रहे। मैच के समाप्ति पर कलेक्टर ने टीम के कप्तान तथा सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सुचौधरी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नगर निगम भिलाई के सहयोग से सेक्टर 02 राजेश पटेल स्मृति फुटबॉल मैदान में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत एक दिवसीय फ्रेंडली फुटबॉल मैच मतदान के नाम खेला गया। मैच का शुभारंभ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने फुटबॉल पर किक मार कर किए। इसके पूर्व उन्होंने मैदान के बीच में कतार में खड़े भिलाई निगम अधिकारी इलेवन एवं जिला प्रशासन अधिकारी इलेवन के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस किये। 20 मिनट तक मैदान में फुटबॉल लेकर दोनों टीम एक दूसरे को छकाते रहे और पहला गोल जिला प्रशासन की टीम ने किया तो मैदान के चारों ओर बैठे दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। मैच में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, आयुक्त निगम भिलाई देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मैदान में जिस तरह से खेल रहे थे, उसे देख कर दर्शक दीर्घा में बैठे अधिकारी-कर्मचारी तथा नागरिकों ने प्रशंसा में ताली बजाकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किये। दूसरा मैच बीएमवाय चरौदा एवं अधिकारी इलेवन के बीच खेला गया।

## निदेशक ने यूटीडी की विभिन्न गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताई

# छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में यूपीएससी के पूर्व चेयरमेन डॉ. डीपी अग्रवाल का उद्बोधन

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में 19 अप्रैल 2024 को यूपीएससी के पूर्व चेयरमेन डॉ. डीपी अग्रवाल ने बीटेक, एमटेक तथा पीएचडी के छात्रों को सम्बोधित किया। विदित हो कि सीएसवीटीयू भिलाई मे एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन रखा गया था। जिसका विषय ''नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 एण्ड इट्स इम्प्लीमेंटेशन स्ट्रेटजी था। यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एमके वर्मा की अध्यक्षता में समकुलपति प्रो. संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन मे यू टी डी मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों का स्वागत यूटीडी के आदरणीय निदेशक डॉ. पी के घोष ने पुष्प गुच्छ देकर किया। निदेशक ने अपने उद्बोधन मे यूटीडी की विभिन्न गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताई। व्याख्यान में आज के मुख्य प्रवक्ता डॉ. डीपी अग्रवाल ने नई शिक्षा पद्धति 2020 को विस्तार से बताया। अपने उद्बोधन मे डॉ. अग्रवाल ने कहा कि एजुकेशन एक्ट 2010 के अनुसार 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार है एवं यह अधिकार शिक्षा का कानूनी अधिकार के अंतर्गत आता है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी आने के बाद कोई भी सब्जेक्ट चुन सकते हैं और स्टूडेंट्स फिजिक्स के साथ अकाउंट या फिर आर्ट्स का भी सब्जेक्ट पढ़ सकते हैं। बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना, एजुकेशन को फ्लेक्सिबल बनाना, बच्चों को अनुशासन सिखाना और सशक्तिकरण करना, एजुकेशन पालिसी को पारदर्शी बनाना, बच्चों की सोच को क्रिएटिव करना, गुणवत्तापूर्ण एजुकेशन डेवलप करना, रिसर्च पर ज्यादा ध्यान के साथ ही नई एजुकेशन पालिसी मे कौशल विकास के साथ मौलिक शिक्षा पर भी जोर दिया गया है। डॉ अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को यह भी बताया कि उत्कृष्ट अध्ययन के लिए उन्हें एक नियमित दिनचर्या का पालन करना चाहिए। जैसा प्राचीन काल में गुरुकुल में छात्र-छात्राओं के द्वारा किया जाता था। इससे छात्र अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बना सकेंगे। आगे छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें एकेडमिक उत्कृष्टता एवं कौशल के लिए प्रयत्न करना चाहिए, ना कि धन एवं उत्तम अंक के लिए भागना चाहिए। क्योंकि अकादमिक उत्कृष्टता के पीछे ही सम्मान मिलता है। डॉ. अग्रवाल ने यूपीएससी के सम्बन्ध मे बहुत ही ज्ञानवर्धक बातें छात्रों को बताई। उपरोक्त कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रो एम के वर्मा, संमकुलपति प्रो संजय अग्रवाल, यूटीडी के निदेशक डॉक्टर पीके घोष एवं सीएसवीटीयू-फोर्टे के निदेशक डॉ. आरऐन पटेल तथा यूटीडी के प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोन: +91 44 4564 4000 | फैक्स: +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों को गिरवी रखकर सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए थे, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था। उनके द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि निम्नलिखित तालिका में विशेष रूप से वर्णित संबंधित नोटिस के अनुसार उल्लेख किया गया है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा और इसका शुल्क उनकी संबंधित तिथियों से संविदात्मक दर के अनुसार लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | ऋण का प्रकार | उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम | धारा 13(2) नोटिस दिनांक | धारा 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 100235268 | गृह ऋण | 1. सुमित कुमार भगेल 2. हराबाई भगेल 3. अमित कुमार भगेल | 30.03.2024 | रु. 16,67,145.06/- | परिवर्तित भूमि का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग. फुट अर्थात 139.354 वर्ग. मी., खसरा नं. 1325/3 का हिस्सा, (शीट नं. 36, प्लॉट नं 10), मौजा: सेंदरी, पी.एच.नं. 46, आर.एन.एम.- खोनी, तहसील एवं जिला: बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495009, और चौहद्दी: पूरब में - सड़क पश्चिम में - लवकुश साहू की भूमि उत्तर में - विक्रेता की शेष भूमि दक्षिण में - विक्रेता की शेष भूमि |

आपको आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उपरोक्त तालिका में दिखाए गए विवरण के अनुसार, इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागत, शुल्क आदि के साथ, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) की देय राशि की वसूली के लिए यहां उल्लिखित गिरवी संपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य किया जाएगा। इसके अलावा आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

**प्राधिकृत अधिकारी**
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

दिनांक: 21.04.2024
स्थान: छत्तीसगढ़

संपादकीय

## भारत की जनसंख्या लगातार वृद्धि

भारत की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। यदि इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया जाता है तो यह 77 वर्ष में दूनी हो सकती है। भारत अपनी जनसंख्या यात्रा में महत्वपूर्ण मोड़ पर है। उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है और अब 1.44 बिलियन लोगों का देश बन गया है। 77 साल के भीतर संख्या दूनी होने की संभावना भयंकर चुनौती पेश करती है। यह सच है कि भारत की बढ़ती जनसंख्या एक महत्वपूर्ण 'जनसंख्या लाभांश' का अवसर भी देती है। यदि युवा कार्यबल को उपयुक्त कौशल और अवसरों से लैस किया जाए तो यह आर्थिक प्रगति, खोज एवं उत्पादकता के लिए संचालक शक्ति बन सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा रोजगार अवसरों में समुचित निवेश कर भारत में आर्थिक महाशक्ति बनने की क्षमता मौजूद है। लेकिन अवसरों के साथ ही भारत को तेजी से हो रही जनसंख्या वृद्धि के कारण अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संसाधनों तथा ढांचागत संरचना पर दबाव बहुत है, जबकि स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा, आवास तथा परिवहन पहले से ही जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। जनसंख्या अधिक होने के कारण भोजन, पानी, ऊर्जा और आवास की मांग बढ़ जाती है जिससे पर्यावरण क्षरण तथा सामाजिक-आर्थिक असमानतायें बढ़ती हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है। सबसे पहले 'मानव पूंजी' में निवेश के सुनियोजित प्रयास होने चाहिए। अर्थव्यवस्था में सार्थक सहभागिता के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान कर लोगों को सशक्त बनाने हेतु शिक्षा व स्वास्थ्यरक्षा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। सौभाग्य से हमारी जनसंख्या वृद्धि दर में धीमी होने की प्रवृत्ति है। इसकी वृद्धि रोकने के लिए समग्र जनसंख्या रणनीति की तत्काल आवश्यकता है, लेकिन देश के पास ऐसी कोई योजना नहीं है। लेकिन जनसंख्या नियंत्रण का कोई प्रयास अत्यधिक अलोकप्रिय हो सकता है। श्रीमती इंदिरा गांधी और संजय गांधी ने इसका प्रयास 1970 के दशक में किया था जिसका नतीजा अंततः उनकी सत्ता से विदाई था। इससे सभी राजनीतिक पार्टियों ने सबक सीखा। निश्चित रूप से हम चीन नहीं हैं और दबाव डालने वाले कोई कदम नहीं उठाए जाने चाहिए, लेकिन सरकार को सचेतन रूप से परिवार नियोजन को पुरस्कृत करने तथा बड़े परिवारों को दंड देने के प्रयास करने चाहिए। व्यक्तियों व खासकर महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य व गर्भनिरोध के बारे में सशक्त बनाने के समग्र कार्यक्रम जनसंख्या वृद्धि स्थिर करने में सहायक हो सकते हैं।

इसके साथ ही बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए स्वास्थ्यरक्षा, सफाई, परिवहन और आवास जैसे क्षेत्रों में ज्यादा निवेश आवश्यक है। पर्यावरण क्षरण की भरपाई के लिए टिकाऊ विकास व्यवहार अपनाए जाने चाहिए। जनसंख्या वृद्धि के प्रभावी प्रबंधन के लिए रोजगार सृजन भी महत्वपूर्ण है। उद्यमिता को बढ़ावा देने, निवेशों को आकर्षित करने तथा छोटे एवं मझोले उद्यमों के विकास में सहायता के लिए नीतियां बनाई जानी चाहिए। इनसे रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी। जेंडर समानता तथा महिला सशक्तीकरण की ऐसी पहलों की आवश्यकता है जो शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा आर्थिक अवसरों को प्रोत्साहन दें। सशक्त महिलायें परिवार नियोजन के बारे में सूचनाओं के आधार पर पसंद निर्धारित करती हैं जिनसे परिवार छोटा रखने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य बेहतर रखने में सहायता मिलेगी। इस बारे में समाधानों की कोई कमी नहीं है, लेकिन सवाल है कि इनको लागू कौन करेगा?

# मजबूत भारत-ईरान संबंध

भू-राजनीतिक जटिलताओं के बीच भारत ईरान, इज़राइल तथा अपने देश की आवश्यकताओं के बीच नाजुक संबंध बनाने का प्रयास कर रहा है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)



भारत और ईरान के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंध हैं। वर्तमान समय में भारत भू-राजनीतिक जटिलताओं के बीच भारत ईरान, इज़राइल तथा अपने देश की आवश्यकताओं के बीच नाजुक संबंध बनाने का प्रयास कर रहा है। फारस और हिंदुस्तान, यानी भारत के बीच बहुत प्राचीन काल से सभ्यतामूलक संबंध बने हुए हैं। ईरान में 1979 में हुई 'इस्लामी क्रांति' तथा उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रोहुल्ला खुमैनी के शासनकाल में भी भारत के साथ मजबूत संबंध बने रहे। खुमैनी के परदादा सैयद अहमद मुसावी 'हिन्दी' का जन्म लखनऊ के निकट किंतूर में हुआ था। हालांकि, कुछ कारणों से सैयद अहमद मुसावी ने अवध छोड़ दिया और वे खुमैन में बस गए, पर फारस में वे 'हिन्दी' के नाम से लोकप्रिय बने रहे। बाद में रोहुल्ला खुमैनी ने 'हिन्दी' तखल्लुस से कवितायें लिखीं जो बहुत लोकप्रिय हुईं। भारत में भी अनेक शिया वंश-परिवार फले फूले जो शरणार्थी के रूप में यहां आए थे। अरब-सुन्नी शासकों के उत्पीड़न से स्वयं को बचा कर भारत आने वाले शिया परिवार दकन, रामपुर, अवध और बंगाल, आदि स्थानों पर बसे और खूब फले-फूले।

उस समय लखनऊ भारतीय शियाओं के गढ़ के रूप में विकसित हुआ था। मध्यपूर्व से एकदम उलट भारत में नस्ली तनाव तुलनात्मक रूप से बहुत कम थे। गिलगिट एजेंसी के गजेटियर के अनुसार, 'सुन्नी और शिया जहां एकसाथ रहते थे, वे परस्पर सहिष्णुता की भावना अपनाते थे जो अन्य इस्लामी समुदायों में बहुत विरल चीज थी। चिलाज़ और सिंधु घाटी के अलावा आमतौर से यहां कट्टरता का पूर्ण अभाव है।'

लेकिन बाद में समय बदलने के साथ कट्टर नस्लवादियों के लेखन से समाज में कट्टरपंथ का उदय हुआ। इस कारण खूनी टकराव तथा ध्रुवीकरण ने जन्म लिया। जल्द ही भारत में भी संख्याबल में कम होने के कारण शिया लोगों को काफी अधिक संख्या वाली सुन्नी जनसंख्या से उत्पीड़न झेलना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप केवल लखनऊ व कारगिल जैसे क्षेत्रों में शिया बहुसंख्य रहे, जबकि अन्य क्षेत्रों में सुन्नियों ने उन पर प्रभुत्व स्थापित कर लिया।

पड़ोसी पाकिस्तान में भी 'शियाफोबिया' को बहुत बढ़ावा मिला। इसके साथ ही सुन्नी-शिया विभाजन जल्द ही पूरी दुनिया में फैल गया। इसने उस समय राजनीतिक-संप्रभु रंग भी धारण कर लिया, जब ईरान ने विश्व स्तर पर शियाओं की संवेदनाओं तथा उनके अनेक देशों में उत्पीड़न को अपना स्वर दिया। इस व्यापक उथलपुथल के कारण 'उम्मा' या मुस्लिम दुनिया नस्ली आधार पर दो 'समूहों' में विभाजित हो गई। इसके साथ ही शिया-सुन्नी मिश्रित जनसंख्या वाले क्षेत्रों में ईरान बनाम अरब शेख शासनों की अंतर्निहित भावनाओं ने खुलेआम हिंसक झड़पों का रूप लेना शुरू कर दिया। इन क्षेत्रों में लेबेनान, यमन, सीरिया, बहरीन, पाकिस्तान तथा यहां तक कि भारत भी शामिल हो गया। हालांकि, भारत में शिया-सुन्नी नस्ली तनाव व टकराव अन्य देशों की तुलना में ज्यादा तीखे नहीं हो पाए। भारत में तुलनात्मक रूप से अधिक सुरक्षा, स्वतंत्रता तथा शियाओं के फलने-फूलने पर ईरान की जनता तथा तेहरान के शासकों ने भी गौर किया। हालांकि, भारत में भी अन्य इस्लामी देशों की तरह सुन्नी जनसंख्या की तुलना में शिया बहुत छोटे अल्पसंख्यक हैं, लेकिन भारत में उनको पूर्ण स्वतंत्रता तथा विकास और अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक व्यवहारों के पालन के अवसर मिले हैं। आधुनिक समय में भारत शियाओं के लिए एक 'विरल स्वर्ग' बना रहा। इस कारण ईरान ने अक्सर आर्गेनाइजेशन आफ इस्लामिक कोआपरेशन-ओआईसी जैसे अनेक मंचों पर भारत-समर्थक दृष्टिकोण अपनाया है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक शियाओं का भविष्य खासकर संकट में है। इसे तेहरान ने स्वाभाविक रूप से भू-राजनीतिक स्तर पर दिल्ली-समर्थक दृष्टिकोण अपनाया है। 'शीत युद्ध' के दौरान अरब शेख खासकर पाकिस्तान के निकट थे, ऐसे में ईरान ने प्रतिक्रिया में भारत के साथ गहरे संबंध स्थापित किए। लेकिन 'ईरानी क्रांति' के अपरिहार्य परिणाम के रूप में ईरान ने ज्यादा शुद्धतावादी दृष्टिकोण अपनाया तथा उसने सऊदी-नीत शेख शासनों समेत मुस्लिम उम्मा के नेतृत्व से संबंध सुधारने के प्रयास किए।

इसके कारण कभी-कभी कश्मीर जैसे मुद्दों पर ईरान के दृष्टिकोण में विरोधाभास दिखाई पड़े। लेकिन वैश्विक स्थितियों तथा शिया-सुन्नी सबंधों की जटिलता ने सुनिश्चित किया कि अनेक संवेदनशील मुद्दों पर ईरान और भारत एक ही पाले में खड़े दिखे। इनमें अफगानिस्तान प्रमुख है जहां दोनों देशों ने पाकिस्तान-नीत तालिबानी बलों का विरोध किया। लेकिन इसी समय भारत अमेरिका और इज़राइल के साथ अपने संबंध सुधार कर उनको रणनीतिक संबंधों में विकसित कर रहा था। वाशिंगटन और तेलअबीब के साथ दिल्ली के बढ़ते संबंधों के कारण भारत ने ईरान से तेल खरीदना बंद कर दिया जिसके पीछे अमेरिका द्वारा ईरान पर लगाए प्रतिबंध भी थे। इसके साथ ही चाबहार बंदरगाह जैसी रणनीतिक परियोजनायें भी प्रभावित हुईं। इसके बावजूद दिल्ली और तेहरान के बीच एक अघोषित समझदारी हमेशा बनी रही है जिसके कारण द्विपक्षीय विश्वास तथा इरादों पर कभी सवाल नहीं उठे हैं।

भारत में 'बहुसंख्यकवादी' राजनीति के उभार से स्वाभाविक रूप से उम्मा में चिन्ता पैदा हुई, हालांकि शेख शासक विश्व मंच पर भारत के उभरने का स्वागत करते हुए उससे संबंध मजबूत कर रहे हैं। इसके साथ ही शियाओं के लिए स्थितियों में कोई बदलाव नहीं आया है क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक अवस्थापना सक्रिय रूप से शियाओं को अपने साथ जोड़ रही है। 2014 व 2019 के आम चुनाव में लखनऊ के प्रमुख शिया नेताओं ने सक्रिय रूप से विजेताओं का समर्थन किया। ईरान ने इस परिघटना पर भी अच्छी तरह गौर किया क्योंकि वह दुनिया भर में शियाओं के प्रति अति-संवेदनशील है। जहां तक शियाओं के साथ व्यवहार का सवाल है, भारत एक 'सम्माननीय अपवाद' बना हुआ है। इस असंदिग्ध यथार्थ ने नई दिल्ली को शेख शासकों की राजधानियों तथा तेलअबीब के साथ समानान्तर व अभूतपूर्व संबंध बनाने में सहायता की है। हालांकि, आज जब इज़राइल-फिलिस्तीन युद्ध ईरान को भी अपने दायरे मे घसीट रहा है तब नई दिल्ली के लिए अपना पक्ष चुनना कठिन हो सकता है। हालांकि, रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह इस मामले में भी 'रणनीतिक स्वतंत्रता' का दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है। इससे भारत नैतिक रूप से टकराव से दूर रह कर व्यावहारिक रूप से एक सौम्य-बयानबाजी वाली स्थिति अपना सकता है। इससे कोई आहत नहीं होगा और वास्तव में शांति की तलाश की संभावनायें बनी रहेंगी।

दिल्ली अच्छी तरह जानती है कि इस टकराव के प्रति भारतीय मुसलमानों व खासकर ईरान का मामला आने पर शियाओं की भावनायें क्या हैं। चुनावी दृष्टिकोण से अवस्थापना शियाओं व पसमांदा मुसलमानों को साथ लेना चाहता है, लेकिन इज़राइल के कारण पूरे मामले में जटिलता पैदा होती है। इससे 'बहुसंख्यकवादी' सोच भी प्रभावित होती है जो वैचारिक रूप से वैश्विक-इस्लामवाद का मुकाबला कर रही है। इज़राइल का अक्सर जरूरत से ज्यादा समर्थन किया जाता है तथा उसकी प्रशंसा की जाती है। लेकिन अब यह नैतिक रूप से अप्रासांगिक होता जा रहा है। मजेदार बात है कि इज़राइल और ईरान, दोनों के तर्कों और विमर्शों में अनेक ऐसे तथ्य हैं जो भारत की 'व्यापक मजबूरियों' को उचित ठहराने के काम आ सकते हैं। भारत ने ईरान, फिलिस्तीन तथा इज़राइल के साथ औपचारिक राजनयिक संबंधों के अलावा शक्तिशाली 'बैक चैनल' या परोक्ष संबंध भी स्थापित किए हैं। इन शक्तिशाली बैकडोर चैनलों तथा भारत-ईरान के बीच गहरे ऐतिहासिक सभ्यतामूलक संबंधों का लाभ उठाते हुए सुनियोजित ढंग से राजनयिक प्रयास करने की आवश्यकता है। विश्व मंच पर भारत के कद तथा उसकी भावी रणनीति के साथ ही भारत-ईरान संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है कि भारत विभिन्न पक्षों के साथ संबंधों के बजाय विश्व शांति को प्राथमिकता दे।

# गांव-गुलेल और गिट्टी



(लेखक-
**विजय मानिकपुरी,**
रायपुर

**गांव** के बच्चे गुलेल को न जाने ऐसा बिल्कुल सम्भव नहीं है। गुलेल का उपयोग सबसे पहले कहां हुआ ? कौन इसका आविष्कारकर्ता है? इसमें पड़ने की बजाय हम गुलेल की वह यादें याद करना चाहते हैं, जहां आम, ईमली, बेर, जामुन, आंवला, गंगा-ईमली आदि तोड़ने के लिए उपयोग में लाते थे। बचपन के दिनों में तालाब, नदी, खेत, बाड़ी, जंगल जब दोस्तों के साथ घूमने जाते थे, तब बबूल, नीम, अमरूद की डंठलों और सायकल की टिव से बनाए गुलेल हाथ में जरूर होते थे। कभी बिजली के तारों, वृक्षों में बैठे पक्षियों को निशाना लगाते तो कभी फलों को तोड़ने में नजर गड़ाते। वह बचपन की यादें कैसे भूल पाएंगे। सायकल एक लेकिन सवारी एक नहीं बल्कि तीन-चार हुआ करते थे। शरारत की वह उम्र भी अजीब है। मधुमक्खी के छत्ते पर गुलेल की निशान और मधुमक्खी के उग्र रूप को उस उम्र ने भी दिलेरी से सामना किया है। कभी कुएं में घड़े लेकर पानी लेने पहुंचती, उसके पहले दोस्तों की हारजीत की बाजी ने गुलेल के निशाने से कई मटके तोड़ने का रिकॉर्ड कायम भी किए हैं। यह गुलेल बॉलीवुड में भी खूब वाहवाही लूटी है। बदमाशों के छक्के छुड़ाया है तो रियल लाइफ में सुरक्षा कवच भी बना है। गुलेल सिर्फ निशाने लगाकर शिकार करने की कला नहीं सिखाती बल्कि एकाग्रचित्त मन, धीरज व संयम का गुण भी विकसित करती है। गुलेल के दौर में जहां खिड़कियों के कांच तोड़ने की अदभुत बाजीगिरी भी हमने देखा-सीखा है। एक दोस्त, गुलेल को अपने पास रखे हुए थे। बाजार का दिन था, एक राहगीर को किसी ने गिट्टी-पत्थर मार दिया। सिर से खून टपकने लगा। दोस्त के पिताजी बाजार आए थे। घायल व्यक्ति से पूछने लगा.. हम लोग वहां से जाने लगे.. दोस्त के पिताजी कहने लगे, चिंता मत करो, ज्यादा चोट नहीं लगा है, लेकिन चोट कैसे लगा है..यह मैं भली-भांति समझ गया हूँ.., दोस्त के पिताजी हमें देखते, इसके पहले अपने- अपने घर पहुंच गए.. शाम करीब 6 बज रहा था.. घर में लालटेन जल चुका था.. चूल्हे से धुआं निकल रहा था.,। एक लालटेन को सामने रखकर मैं 'वंडर ऑफ साइंस' 'एसे' पढ़ने में मशगूल हो गया..! घर से बाहर.. मैं नहीं.. मत मारो.. अब रहने दो.. इनसे पूछ लो..उनसे पूछ लो... बजरंगबली की कसम.. मैं नहीं...ये तमाम वाक्या मैं अंग्रेजी पुस्तक को खोलकर रखा था लेकिन कान व दिमाग उस आवाज की तरफ चले गया था..! इतने में मेरे दोस्त के पिताजी, मेरे दोस्त के सर की बाल खींचकर मेरे पास धमक गए.. बोलो.. तुम दोनों ने ही बाजार में उस बेचारे का सिर, गुलेल से मारा है न..? मैं कुछ कहता, इसके पहले दोस्त के पिताजी कहने लगा..वह गुलेल इनके जेब में मिला है..! तुम दोनों बाजार में थे.. अब तुम भी झूठ बोलेगे..! यह बात सुनते ही मेरी माँ, चूल्हा के पास से चिमटा लेकर पहुंची और मेरे पैर-पीठ व हाथ में बरसाने लगी..! मैं कुछ बोलता.. इतने में पड़ोसी कहने लगे.. अब छोड़ दो.. गुलेल से, धोखा से गिट्टी-पत्थर लग गया होगा..! जानबूझकर तो किया नहीं होगा.? रात करीब पौने आठ बज गया था..भूख लगने लगी थी..! आखिरी माँ बुलाकर खाना परोसने लगी.. बोलने लगी जा तुम्हारे दोस्त को भी बुला ले.. उसे बहुत मार पड़ी है.. खाना नहीं खाया होगा..दोनों एक साथ खा लो..! मैं, उसे, उनके घर बुलाने गया..! उनके पिताजी दरवाजा खोला..! उनसे कहा, दोस्त को खाने के लिए माँ बुला रही है..! यह आवाज सुनकर, दोस्त चौखट के पास पहुंचे.. उनके पिताजी उन्हें इशारे करके कहने लगे, जाओ खाना खा लो.. और वहीं सो भी जाना..ठीक से पढ़ाई भी करना..! दोनों दोस्त भोजन किए..., अंग्रेजी का 'वंडर ऑफ साइंस' पढ़ना कम..! रात दो-ढाई बजे तक यही सोचते रहे कि हमने गुलेल चलाया नहीं, उस व्यक्ति के सिर पर गिट्टी-पत्थर मारा नहीं, फिर हम दोनों को मार क्यों पड़ी.! उस रात तय कर लिए कि गुलेल अब बाजार लेकर नहीं जाएंगे..न गुलेल को हाथ लगाएंगे.. सुबह उठे..पेपर बांटने सायकल लेकर निकल पड़े, मार माँ की मार भूल गए..सब कसमें भूल गए..स्कूल गए.. घर वापस आए..! पुस्तक-कॉपी के थैले घर में रख दिए..! हम दोनों दोस्त गुलेल लेकर तालाब के किनारे मन्दिर के पास बैठकर यही दिमाग लगाते रहे कि बाजार में गुलेल लेकर गए जरूर थे, लेकिन गुलेल चलाया नहीं, फिर मार क्यों पड़ी.. ! बाद में याद आया.. उस पीपल के पेड़ में तोता थी, उसको कई बार गुलेल से निशाना लगाया..लेकिन गुलेल के निशाने से तोता बच निकलती..! लेकिन वह पत्थर उस डाल में फंसी थी, बाजार के दिन, शाम के समय हवा चलने लगी थी और वही गिट्टी-पत्थर गिरकर उस राहगीर के सिर में लग गया था. और उन्हीं के नजदीक हम लोग खड़े थे...! काफी मनन करने के बाद पता चला कि गुलेल का निशाना तोता पर तो नहीं लगा लेकिन उस राहगीर के सिर में जरूर लग गया..! उस घटना को याद करके हम दोनों दोस्त आज भी खिलखिला उठते हैं..! सचमुच, वह गुलेल की यादें, आप लोग भी याद कीजिए.. मन को, तन को कुछ समय के लिए उस सुनहरे बचपन की यादों में लौटा लीजिए..!



## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

### गहलोत की समझ

**राजस्थान** के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा के संकल्प पत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि 2019 और 2014 में जो स्थितियां थीं वे अब बदल गई है, भाजपा विश्वसनीयता खो चुकी है, वे कब तक पीएम मोदी के नाम पर राजनीति करते रहेंगे? गहलोत को समझना चाहिए कि मोदी काल को अभी 10 बरस हुए हैं, कांग्रेस जैसे 70 साल नहीं जिसने परिवारवाद के नाम पर इतने बरस राज करते-करते निकाल दिए। लेकिन अब इसी परिवारवाद के चलते कांग्रेस की हलात लगातार खराब होती जा रही है। कांग्रेस के अच्छे-अच्छे सूरमां पार्टी छोड़ कर अन्य पार्टियों में किस्मत आजमाने जा रहे हैं। भाजपा परिवारवादी नहीं, सुधारवादी दृष्टिकोण वाली पार्टी है। भाजपा के प्रति जनता की विश्वसनीयता बढ़ी है, जबकि कांग्रेस की घटती जा रही है। कांग्रेसियों को अपने आप से पूछना चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई से जन्मी कांग्रेस आखिर लगातार अविश्वसनीय क्यों होती जा रही है? कांग्रेस को अब क्षेत्रीय दल भी कुछ नहीं समझते हैं। इसी कारण इस बार कांग्रेस ऐतिहासिक रूप से सबसे कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। गहलोत को यह भी समझ लेना चाहिए कि अब आम जनता उनके जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के बयानों पर भी जल्दी से विश्वास करने नहीं जा रही है।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### ईवीएम पर विवाद

**सुप्रीम कोर्ट** के न्यायाधीश ने स्पष्ट रूप से कहा कि मतपत्रों द्वारा वोटिंग किए जाने की मांग के पीछे छिपी असलियत वे जानते हैं। पिछली बार जब ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आयोग पर दबाव बनाया गया तो चुनाव आयोग ने सभी विपक्षी दलों को चुनौती दी थी कि वे किसी भी विशेषज्ञ को लाकर ईवीएम हैक कर कर दिखाएं। तब किसी भी दल ने यह चुनौती स्वीकार नहीं की थी। जाहिर है ईवीएम शत-प्रतिशत दोष रहित आधुनिक वोटिंग मशीन है। जिस देश में 97 करोड़ मतदाता हों वहां पर मतदान में यदि अपनी आसन्न पराजय को देखकर कुछ राजनीतिक दल ईवीएम और वीवीपैट पर्ची के शत-प्रतिशत मिलान की मांग करते हैं तो वह भी अव्यावहारिक है। चुनाव आयोग कुछ स्थानों की मशीनों से वीवीपेट का मिलान करके उसकी प्रामाणिकता जांच लेते हैं। शत-प्रतिशत वीवीपैट से मिलान की मांग वैसी ही है। जैसे कोई चावल पकने के परीक्षण के लिए पतीले के सभी चावलों की परीक्षा की बात करे। चुनाव परिणाम में पराजय को मतदाताओं का आदेश न मानकर ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ना और जीतने पर चुपचाप सत्ता भोगना अतार्किक और अनुचित है।

**– सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### राहत की बात

**मतदान** से पहले छत्तीसगढ़ में हमारे सुरक्षा वालों ने जिस तरह से नक्सलियों का सफाया किया वह बड़ी राहत देने वाली बात है। अक्सर चुनाव के समय नक्सली न केवल चुनाव बहिष्कार का आह्वान करते हैं, बल्कि दूसरों को आम चुनाव में वोटिंग नहीं करने देते हैं। छत्तीसगढ़ में कांकेर जिला नक्सलियों का बड़ा गढ़ कहलाता है। इस आपरेशन की सफलता के बाद देश के अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी ऐसे ही अभियान फौरन चलाए जाने चाहिए ताकि नक्सली किसी प्रकार मतदान को प्रभावित न कर सकें। विश्वास है कि लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर एक बड़ा अभियान नक्सलवाद के खिलाफ अवश्य चलाएंगे। नक्सलवादी हमेशा ही इस क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा बनते हैं एवं क्षेत्र की आम जनता को भी दहशत में रखते हैं। अक्सर चुनाव के समय नक्सलवादी मतदान में बाधा डाल कर अपना लोकतंत्र-विरोधी विमर्श आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। स्थानीय स्वशासी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षकों, राजस्व कर्मचारियों तथा आम जनता को विकास संबंधी मुद्दों में पारदर्शिता बरतने तथा उनको विचार-विमर्श में शामिल कर नक्सलियों की कमर तोड़ने के कदम स्थाई रूप से उठाए जाने चाहिए।

**– एमएम राजावत,** शाजापुर

# भाजपा नेता योगेश के मार्गदर्शन में ग्रामीणों ने ली भाजपा की सदस्यता

## सांसद विजय बघेल के हाथों प्रवेश लिया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कार्यकर्ताओं को भाजपा का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस दौरान भाजपा नेता विजय बघेल ने कहां ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। मोदी सरकार की योजनाओं से गरीब परिवारों का उत्थान हुआ है। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय योजना, मुद्रा लोन, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि, आदि योजनाएं हैं। जिनका लाभ देश की जनता को मिल रहा है। इस अवसर पर दिलीप निषाद अध्यक्ष जिला निषाद समाज, उपसरपंच ग्राम पंचायत भरचट्टी, उपसरपंच ग्राम तबलघोर और ग्राम निनवा मे मदन लाल वर्मा संरपच डगनियां साजा के नेतृत्व साथियों और ग्रामीणों ने को भाजपा प्रवेश कर सदस्यता ग्रहण किया।

## बीजेपी मंत्री रामविचार के बयान पर पीसीसी चीफ बैज का पलटवार दीपक बोले : महिलाओं का अपमान भाजपा के संस्कृति में

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के बयान पर पीसीसी चीफदीपक बैज ने पलटवार किया है। शनिवार को बालोद पहुचे दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के संस्कृति में लिखा है कि महिलाओं का अपमान करना। ये सिर्फ राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा का ही सवाल नही हैं। इससे पहले भी लोकसभा संसद के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेणुका चौधरी को भी सूर्पनखा कहा था। भाजपा की पुरानी संस्कृति है, महिलाओं का अपमान करना। वही दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नही है, की वो जनता के पास जा सके। अपनी डूबती नैय्या को पार कराने ये भगवान राम को यादकर रहे है। भगवान राम सबके है, भाजपा अपना प्रमाण पत्र बाट रही है। भाजपा से कांग्रेसियों को प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नही है। दरअसल रामविचार नेताम ने शनिवार को अपनेअम्बिकापुर दौरे के दौरान कांग्रेस नेताओं पर तंज कसा था और राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा को सूर्पनखा बताया। साथ ही भाजपा का विरोध करने वालो को राक्षस बताया है। रामविचार नेताम ने कहा कि सूर्पनखा, दु:शासन, अहिरावण, कंस तक छत्तीसगढ़ में चुनाव के दौरान पहुंच रहे हैं। उक्त बयान पर पीसीसी चीफदीपक बैज ने पलटवार किया है।

## नगर पंचायत दाढ़ी में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने चौक चौराहे पर शपथ लिया गया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा ने नगरी निकाय के सीएमओ को दिए निर्देशानुसार नगर पंचायत दाढ़ी क्षेत्र में सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी ने पलायन किए हुए मतदाताओं को फोन कर मतदान करने 7 मई को सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अधिक से अधिक जनसंख्या में महिलाओं पुरुषों को उपस्थिति रहकर मतदान करने अपील किया जा रहा है साथ ही स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ लेने की तैयारी बृहद रूप से तैयारी किया गया सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत चौक चौराहे बाजार तहसील कार्यालय अनेक स्थानों पर शपथ ले रहे हैं जिसमें महिला पुरुष उपस्थित हुए और शपथ भी लिया स्वीप योजनातर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया योजना के अंतर्गत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सीएमओ द्विवेदी द्वारा शपथ दिलाई गई एवं निष्पक्ष मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया सत प्रतिशत मतदान के लिए अपने आस-पड़ोस के लोगों को सभी नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करें शपथ ग्रहण के समय तहसीलदार सीताराम कंवर ने मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन 7 मई को अधिक जनसंख्या में उपस्थित रहकर जागरूकता के साथ मतदान करने के लिए अपील किया एवं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस लोकतंत्र की महापर्व को बनाए रखने के लिए मतदान जरूर करें शपथ ग्रहण कार्यक्रम के समय नगर पंचायत के एवं तहसील कार्यालय कर्मचारी संकल्प शर्मा चित्रेश कुमार मनोज ध्रुव धनु मरकाम अधिक से अधिक जन समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## पूर्व अध्यक्ष पुरोबी वर्मा के भाजपा में शामिल होने के बाद अब उनके समर्थक भी लामबंद हो रहे

**दल्ली राजहरा।** नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष पुरोबी वर्मा के भाजपा में शामिल होने के बाद अब उनके समर्थक भी भाजपा के पक्ष में लामबंद हो रहे हैं। कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के चुनाव प्रचार के लिए पुरोबी वर्मा लगातार सक्रिय हैं। पुरोबी वर्मा ने वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश जायसवाल एवं कार्यकर्ताओं के साथ दल्ली राजहरा के उड़िया दफाई क्षेत्र का दौरा कर वहां के लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। जहां सैकड़ों महिला पुरूषों ने लोकसभा चुनाव में मोदी जी के समर्थन में बीजेपी को अपना मत देकर विजयी बनाने की बात कही। विदित हो कि पुरोबी वर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में अपने 10 वर्षीय कार्यकाल के दौरान महिलाओं के हित में काफी कार्य किए थे,जिसका प्रभाव अभी भी राजहरा के विभिन्न वार्डो में है। इसका फायदा निश्चित रूप से बीजेपी को इस चुनाव के साथ साथ अगले नगरीय निकाय चुनाव में भी मिलेगा। जनसंपर्क में पूर्व पार्षद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश जायसवाल, मंजीत कौर , अंजू साहू आदि के साथ काफी संख्या में महिलाएं थीं।

## निर्वाचन का कार्य पूरी गंभीरता के साथ समय पर पूरा करें: सामान्य प्रेक्षक शेट्टीनावर

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संसदीय क्षेत्र 7 दुर्ग के निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) एस. बी. शेट्टीनावर (आई.ए.एस.) व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी पटन्नाशेट्टी (आई. आर.एस.) और पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा (आई. पी. एस.) ने आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल /सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इससे पहले उन्होंने ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर पहुँच कर मतगणना की तैयारियों का जायज़ा लिया । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने दिये मतगणना की पूरी तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी परिसर से मतदान दलों को सामग्री वितरण की जाएगी। कलेक्टर ने दलों के आने - जाने,सामग्री वितरण,वाहन पार्किंग आदि की जानकारी दी । इसके बाद प्रेक्षकों ने ज़िला पंचायत कार्यालय स्थित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) के लिए स्थापित कक्ष का निरीक्षण किया। शेट्टीनावर ने निर्वाचन के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर प्रकाशित और प्रसारित होने वाली खबरों, विज्ञापनों, पेड न्यूज की निगरानी के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन पूर्ण पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने एक्सपेंडिचर कक्ष का भी अवलोकन किया।

## महावीर सेवा समिति दल्लीराजहरा द्वारा भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन आज

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

महावीर सेवा समिति दल्लीराजहरा द्वारा 21 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है । 21 अप्रैल को जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रातः 5:30 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी , उसके पश्चात सुबह 8 बजे दल्लीराजहरा मे विराजित म.सा. के प्रवचन का लाभ एवं दोपहर को गौतम प्रसादी और उसके पश्चात नवकार जाप रखा गया है। सूर्यास्त पूर्व गौतम प्रसादी रखा गया है तथा रात्रि को भक्ति संध्या का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें परम गुरु भक्त विख्यात गायिका सुश्री वंदना पारख राजनांदगांव द्वारा अपने गीतों के माध्यम से समा बांधेंगे। चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन जैन जगत के लिए बहुत अविस्मरणीय दिवस है 2623 वर्ष पूर्व जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर देव भगवान महावीर स्वामी हुए थे। इस दिवस पर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म संदेश और जियो और जीने दो का विश्व संदेश जन-जन तक प्रसारित हो यह हम सभी भक्तों का परम कर्तव्य है 21 अप्रैल को सकल जैन समाज के तत्वाधान मे आयोजक श्री महावीर सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए सभी जैन बंधुओं को आमंत्रित करते हुए अनुरोध किये है कि भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर आप सभी सपरिवार पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। सभी कार्यक्रमों में उपहार रखे गए हैं जिसमें प्रथम उपहार सोने की चेन 5.5 ग्राम एवं द्वितीय उपहार इलेक्ट्रिक साइकिल, तृतीय उपहार 71 ग्राम चांदी का सिक्का चतुर्थ उपहार 50 ग्राम चांदी का सिक्का रखा गया है। यह जानकारी समिति के सदस्य क्रांति जैन ने दी है।

## गुरु घासीदास जी के बतायें रास्ता में चल कर हर समस्या का समाधान कर सकते हैं : गुरु खुशवंत साहेब

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



अमरपुरी धाम मेला विगत 4 वर्ष से ग्राम तेन्दुवाडिह के सेम्हरखार मैकल पर्वत के किनारे में सतनामी समाज द्वारा आयोजन किया जाता है! इस मेला में सतनामी समाज के धर्म गुरु दीदी प्रियंका जी लगातार विगत दो साल से आई है और इस मेला स्थल के सर्वांगीण विकास के लिए मार्ग दर्शन की है उनके मार्गदर्शन में मेला आयोजन समिति अमरपुरी धाम जन कल्याण सेवा समिति का निर्माण हुआ जिनके द्वारा लगातार अमरपुरी धाम में दिव्य भव्यता प्रदान किया जा रहा है उसी कड़ी में इस वर्ष भी 18 अप्रैल को गुरु वसंज राजगुरु धर्म सम्राट बालदास साहेब के पुत्र गुरु खुशवंत साहेब जो वर्तमान समय आरंग विधानसभा से विधायक हैं जिनके मुख्य आतिथ्य में मेला शानदार आयोजन किया गया है! गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग का प्रथम बार आगमन अमरपुरी धाम में मेला में आना हुआ तो आयोजन समिति के संयोजक विजय धृतलहरे संरक्षक जिला सतनामी समाज के अगुवाई में 12 किलोमीटर गुरु खुशवंत साहेब जी का जगह-जगह स्वागत का आयोजन हुआ हरेक जगह आतिशबाजी हुई दर्जन भर से उपर गाड़ियों का काफिला सैकड़ों मोटरसाइकिल रैली के साथ नवागांवहटहा रेहुटाखुर्द घोघरापारा गांधी चौक पंडरिया समरुपारा सतीषनगर में गुरु खुशवंत साहेब का आरती फल पुष्प वर्षा के साथ समाजिक आस्थावान लोगों ने दर्शन लाभ किया स्वागत सत्कार किया फिर मेला स्थल में पहुंच कर जैतखाम में पालों चढ़ाया फिर आशीर्वचन के लिए सभा आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकुमार भट्ट ने कहा मेला स्थल का सर्वांगीण विकास के लिए सभी जरुरत की पुर्ती की जायेगी इसी कड़ी में पिछले मेला में उनके द्वारा दो लाख रुपया मंच के लिए घोषणा कर तुरंत राशि जारी किया था पर अब तक कार्य नहीं होना गलत बात बताया और सड़क निर्माण मनरेगा योजना से कराना मुस्किल है विरान के कारण तो किसी योजना से ही सडक निर्माण कार्य किया जा सकता है जिसके लिए प्रयास किया जायेगा पानी बिजली व अन्य सुविधाओं से मेला स्थल का विकास होना आवश्यक बताया सरपंच डालचंद सोनवानी को घोषित राशि से कार्य प्रारंभ करने निर्देश दिया वहीं गुरु खुशवंत साहेब ने देर रात तक सुनने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को आशिर्वचन देते हुए कहां सतनामी समाज को जो धर्म के राष्ता हो चाहे खानी बानी सियानी के लिए हो चाहे आर्थिक विकास की बात हो चाहे राजनीति की बात हो और गुरु घासीदास जी उनके पुत्र राजा गुरु बालक दास जी या अमरदास जी के बनायें रास्ता राऊटी प्रथा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं ओ है राजा गुरु धर्म सम्राट बालदास साहेब कर रहे जिनके साथ सतनामी समाज चलें उनके सतनाम सेना के सदस्य बने और और संगठित हो एवं सतनाम धर्म एवं सतनाम के रास्ता चलने कटिबद्ध जब तक समाज नहीं होगा विकास होना मुस्किल है ! इस लिए सतनामी समाज राजा गुरु बालदास साहेब के सतनाम सेना में शामिल हो और संगठित रहें तो ही सभी समस्या का समाधान हो पायेगा चुकी बिखरे हुए समाज का कोई भला नहीं होता और ना कोई अच्छा बिखरने वाले के लिए करता है इसलिए सतनामी समाज बहुत बड़ा समाज है और यह समाज किसी का अहित नहीं चाहता पर अपना भी अहित ना हो इसके लिए धर्म के रास्ता में चलते हुए मजबूत बनें एक सुत्र में बंध कर सर्वांगीण विकास करें।

## मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए ईवीएम पर तीसरे नंबर का बटन दबाकर संतोष पांडे को जिताएं : अभिषेक सिंह



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव लोकसभा का चुनाव नजदीक आते आते अब कवर्धा जिले में भी नेताओं के दौरे बढ़ गए हैं। इस कड़ी में क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने चिलचिलाती धूप में भी सहसपुर लोहारा मंडल के गांवों का धुंआधार दौरा करते हुए भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में अनेक सभाओं को संबोधित किया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, जिला महामंत्री संतोष पटेल, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रघुराज सिंह सहित भाजपा पदाधिकारियों के साथ दौरे में सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने जहां एक तरफ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा दस वर्षों में किए गए जनकल्याणकारी कामों को गिनाया तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने पिछले पांच वर्षों में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की नाकामियों पर उन्हें घेरा. भूपेश बघेल की वादाखिलाफी की याद दिलाते हुए उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। छत्तीसगढ़ी में भाषण देते हुए अभिषेक सिंह ने लोगों से आव्हान किया कि पिछले विधानसभा चुनाव में जितने मतों से यहां के विधायक मोहम्मद अकबर को हराया है, उससे अधिक मतों से भूपेश बघेल को हराकर वापस उनके घर भेजना है। ग्राम बांधा टोला, जरहा टोला, राम्हे पुर में संपर्क सभाओं के पहले सिंह ने सहसपुर लोहारा में युवा मोर्चा की बैठक में पहुंचकर उन्हें रिचार्ज किया. उन्होंने युवा मोर्चा की टीम को घर घर जाकर मोदी और विष्णु देव साय की सरकारों की उपलब्धियों को पहुंचाने का लक्ष्य भी दिया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के विभिन्न कार्यक्रमों में लोहारा मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, सोहन शिवोपासक, रामचरण साहू, जलेश्वर वर्मा, कृष्णा साहू, अशोक पटेल, चौकी पटेल, लाला साहू, हेमंत साहू, शिवचरण पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवम ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## डौंडीलोहारा क्षेत्र में महिला प्रभारी टी. ज्योति व अनिता कुमेटी द्वारा किया जा रहा लगातार जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के गांव- गांव में 04 अप्रेल से लगातार जमीनी स्तर में जनता के बीच जाकर प्रचार प्रसार महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना का लाभ सभी महिलाओ को मिल रहा है सभी महिलाएं इस बार संकल्प लिए है की तीसरी बार भी मोदी सरकार लायेंगे और सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग को भारी से भारी बहुमत से जिताएंगे। लोक सभा चुनाव अंतर्गत विधानसभा डौंडीलोहारा क्षेत्र में महिला प्रभारी टी. ज्योति व अनिता कुमेटी द्वारा किया जा रहा। वार्ड क्रमांक 26 की पार्षद टी. ज्योति व अनीता कुमेटी द्वारा भाजपा प्रत्याशी भोजराम नाग के पक्ष मे धुआंधार प्रचार किया जा रहा है। भाजपा नेत्री डौंडी लोहारा विधानसभा के गणमान्य नागरिकों से मुलाक़ात कर मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन की जानकरी प्रदान कर लोकसभा चुनाव में 03 नंबर कमल का बटन दबाकर फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। टी. ज्योति द्वारा महिलाओं के बीच कहा जा रहा की मोदी सरकार महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किए है। उज्ज्वला योजना, आवास योजना, घर घर शौचालय , मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना यह सभी योजना मोदी सरकार की योजना है। अनीता कुमेटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष का स्वर्णिम कार्यकाल कांग्रेस के 60 वर्ष के कार्यकाल पर भारी पड़ रहा है। मोदी के नेतृत्व में भारत आंतरिक और बाह्य दोनों रूप में सशक्त बना है। विकसित भारत का यह कैलेंडर हमें विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। 2024 का यह चुनाव आम चुनाव नहीं है। यह राष्ट्र के नवनिर्माण का चुनाव है।इस नवनिर्माण की बागडोर नरेंद्र मोदी के हाथों में सौंपना है। टी. ज्योति ने आगे कहा कि डबल इंजन सरकार में विकास तेज गति से होता हैं जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तीन माह की सरकार ने लगातार जनहित में निर्णय लेकर स्वर्णिम इतिहास रच दिया है। देश और प्रदेश की उन्नति के लिए ने 400 पार के लक्ष्य को पूरा करते हुए फ्रि एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया।

## संभागायुक्त राठौर ने देर रात मंडी परिसर पहुंच कर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर ने देर रात्रि ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर पहुँच कर मतगणना की तैयारियों का जायज़ा लिया । उन्होंने ज़रूरी सुझाव भी दिये। सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतगणना उम्मीदवारों की निर्वाचित शक्ति का मापदंड होती है, इसलिए तैयारियों का समीक्षण महत्वपूर्ण है। संभागायुक्त राठौर ने समय-समय पर मतदाताओं की संख्या, निर्वाचन केंद्रों की स्थिति, और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए सुनिश्चित करते हैं कि मतदाताओं को सुगमता से वोटिंग करने की सुविधा हो। संभागायुक्त ने मतगणना की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि कोई अनियमितता नहीं हो। इसके अलावा, उन्होंने निर्वाचन अधिकारियों की भी प्रशिक्षण जानकारी ली, ताकि वे सही तरीके से मतगणना कार्य कर सकें। अंततः, मतगणना के परिणामों को सही तथा निष्पक्षता से घोषित करने के लिए संभागायुक्त ने सुनिश्चित करने कहा कि कि कोई भी गलती न हो। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा,69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के मतदान दलों के प्रशिक्षण मतदान केंद्रों की जानकारी से अवगत कराया। संभागायुक्त राठौर ने समय-समय पर मतदाताओं की संख्या, निर्वाचन केंद्रों की स्थिति, और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए सुनिश्चित किया जाये कि मतदाताओं को सुगमता से वोटिंग करने की सुविधा हो।

# मोदी का लक्ष्य विकसित भारत बनाना है, इस संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा को चुनें : भावना बोहरा

## कांग्रेस के कुशासन को दोबारा नहीं देखना चाहती छत्तीसगढ़ की जनता, लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी 11 सीटों पर करेगी जीत दर्ज : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर जनता के बीच पहुँच रही है हैं और मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार की उपलब्धियों से उन्हें अवगत कर भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रही है। इस दौरान उन्होंने शुक्रवार को उन्होंने दुल्लापुर मंडल में जनसंपर्क कर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी विषयों पर चर्चा की तत्पश्चात ग्राम छीरपानी, अमरपुर, उदका एवं लालपुर में चुनाव प्रचार किया। इस दौरन उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से भी चर्चा की और 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर देशहित व जनसेवा के अनवरत कार्य कर रहें हैं, उनके इन कार्यों के प्रति जनता, छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में प्रचंड जीत के साथ देशभर में अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेगी। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस के कुशासन में प्रदेश की जनता ने दमनकारी नीतियों, भ्रष्टाचार, घोटाले और अव्यवस्थाओं को देखा है। जनता कांग्रेस का असली चेहरा पहचान चुकी है इसलिए लोकसभा चुनाव में तीसरी बार मोदी सरकार के साथ ही डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाने का संकल्प कर चुकी है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी जनता के अपार समर्थन से हम राजनांदगांव लोकसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।भाजपा हमेशा ही विकास और राष्ट्रहित के विषय को लेकर चुनाव लड़ती है क्योंकि हमारे लिए राष्ट्र सबसे पहले है। 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में हमारे देश ने शिक्षा से अनुसंधान, इंफ्रास्ट्रक्चर से सुरक्षा, अन्तरिक्ष से सैन्य शक्ति और विकास से सुशासन के पथ पर जो उपलब्धियां अर्जित की हैं उससे पूरे विश्व में भारत की शाख मजबूत हुई है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि जी-20 की अगुवाई हो या राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 हटाने के साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम, चंद्रयान मिशन की सफलता हो या हमारे सैन्य व सुरक्षाबलों को सशक्त बनाना मोदी सरकार ने लगातार बड़े और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भारत को सशक्त बनाने का काम किया है। छत्तीसगढ़ में भी डबल इंजन की हमारी भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भी महज 100 दिनों के भीतर अपने प्रमुख घोषणाओं को पूरा करके यह दिखाया है कि भाजपा जो कहती है वह करती है। मोदी की गारंटी केवल चुनावी घोषणाएं नहीं बल्कि जनता के हित,अधिकार, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का रोड मैप होता है जो उनके साथ-साथ प्रदेश की समृद्धि को भी आगे ले जाता है। आज प्रदेश की महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए की आर्थिक सहयता मिल रही है, किसानों के दो वर्ष का बकाया बोनस उन्हें दिया गया, 31000 रुपए में धान की खरीदी की गई, कांग्रेस द्वारा रोके गए 18 लाख परिवारों के आवास को हमारी सरकार ने स्वीकृति दी। इन सभी कार्यों और भाजपा की विकास नीतियों से जनता के जीवन में जो सकारात्मक परिवर्तन आया है उससे एक बार फ्रि से जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। विदित हो कि गुरुवार को भी उन्होंने ग्राम सोढा, अंधियारखोर, प्रतापपुर, खैरवारकला, कुंडा एवं बेलमुडा में जनसंपर्क किया तथा कुंडा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ आयोजित जनसभा को संबोधित किया। भावना बोहरा द्वारा लगातार अपने विधानसभा में सक्रियता से जनता के बीच जाकर उनसे संवाद कर रही है साथ ही उनकी समस्याओं का भी निराकरण कर रही है।

# सफेद हाथी साबित हो रहा पानी टंकी सप्ताह भर से नल में पानी सप्लाई बंद

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

पिछले एक सप्ताह से ग्राम वासियों को नल में पानी नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार पंचायत पदाधिकारी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। कुल मिलाकर पानी टंकी सफेद हाथी साबित हो रहा है। गौरतलब है कि नवीन जिला सक्ती के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा में मुख्य मार्ग के किनारे में लाखों रुपयों की लागत से कुछ साल पहले पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। पानी टंकी देखरेख एवं मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हो चुका है।

जिम्मेदार ग्राम पंचायत किकिरदा के सरपंच सचिव और उप सरपंच के नाकामी का खामियाजा ग्राम वासियों को भुगतना पड़ रहा है। अगर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की माने तो विभाग जो है ग्राम पंचायत को पानी टंकी हैंड ओवर करके अपनी आंख बंद कर ली है।पानी टंकी से घरों तक नल के माध्यम से पानी नहीं पहुंचने से लगभग 8000 की आबादी वाले ग्राम पंचायत किकिरदा के



ग्रामीणों के प्यास नहीं बुझने से ग्राम वासी बहुत ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं। अगर ग्राम वासियों की माने तो इस अप्रैल माह की गर्मी में ग्राम वासियों को एक-एक बूंद पानी के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। इधर जिम्मेदार पंचायतपदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि हाथ पैर धरे बैठे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नल के माध्यम से घरों तक पानी नहीं पहुंचने की जानकारी ग्राम पंचायत किकिरदा के सचिव कीर्तन लाल चंद्रा और सरपंच शांति बाई तिलक राम बंजारे को बोलने के बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्राम वासी महिलाओं ने बताया कि नल के माध्यम से घरों तक पानी नहीं पहुंचने के कारण महिलाओं को महानदी से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। इधर पंचायत पदाधिकारी के द्वारा पारा मोहल्ला में स्थित बोरिंग हैंड पंप को निकाल कर ले गया है।

जिसके कारण ग्राम वासियों को पानी पीने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल कारण चाहे जो भी नल के माध्यम से घरों तक पानी नहीं पहुंचने से पानी पीने के लिए ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्राम वासियों ने जिले के मुखिया कलेक्टर महोदय से नल के माध्यम से घरों तक पानी पहुंचाने की मांग किए हैं।

> उक्त संबंध में सरपंच पति को बताया हूं। उनके हिसाब से समस्या का हल किया जाएगा। मैं कुछ भी नहीं कर सकता हूं। कीर्तन लाल चंद्रा
>
> **- सचिव**
> **ग्राम पंचायत किकिरदा**

# प्रशिक्षण से नदारद 144 चुनाव कर्मियों को शो कॉज नोटिस



पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



चुनाव प्रशिक्षण में अनुपस्थित 144 अधिकारी-कर्मचारियों को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में गैर जिम्मेदार तरीके से अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा है कि जवाब असंतोषप्रद पाये जाने पर चुनाव एवं सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब है कि इस महीने के 8 से 10 तारीख तक चुनाव प्रशिक्षण का प्रथम दौर संपन्न हो चुका है। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान दल के सदस्य के तौर पर पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एक, दो एवं तीन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिना सूचना अथवा उचित कारण के 144 अधिकारी गैर हाजिर पाये गये हैं। कलेक्टर ने इन अनुपस्थित कर्मियों के लिए 22 तारीख को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में सवेरे 11 बजे से विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया है। उन सभी को इसमें अनिवार्य रूप से शामिल होकर प्रशिक्षित होने के निर्देश दिए है।

# नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार पुलिस ने दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छाल पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपित नागेश्वर चंद्रा निवासी बड़े गंतुली, थाना कोसीर जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ को कल दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल दाखिल किया गया है। गुम बालिका के संबंध में 8 अप्रैल को थाना छाल में बालिका के पिता द्वारा उसकी लड़की के 5 अप्रैल के सुबह बिना बताए घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था । थाना छाल में धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध क्रमांक 79/2024 पंजीकृत कर गुम बालिका की पतासाजी की गई और दूसरे ही दिन बालिका को जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ क्षेत्र में आरोपित के घर से दस्तयाब कर छाल लाया गया। थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा बालिका का महिला पुलिस अधिकारी एवं न्यायालय से कथन कराया गया जिसमें उसने नागेश्वर चंद्रा द्वारा शादी का प्रलोभन देकर गांव से भगा ले जाने और उसके निवास स्थान में रखकर शारीरिक संबंध बनाना बताई।प्रकरण में धारा 376(2)(ढ) भादवि एवं पोक्सो एक्ट की धारा 6 विस्तारित कर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी का न्यायिक रिमांड स्वीकृत कर जेल वारंट जारी करने पर छाल पुलिस द्वारा आरोपी को जिला जेल दाखिल कराया गया है ।

# 17 प्रत्याशियों ने जमा किए जांजगीर चांपा लोकसभा के लिए सांसद के नामांकन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन में आज कुल 02अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया और 17 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी आकाश छिकारा के समक्ष जमा किया गया,उप जिला निर्वाचन अधिकारी जांजगीर चांपा निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि आज दीपक कुमार आजाद समाज पार्टी एवं शैलेन्द्र कुमार बंजारे शक्ति सेना (भारत) ने नाम निर्देशन पत्र लिया। इसके साथ ही महेन्द्र कुमार अनंत निर्दलीय, शैलेन्द्र कुमार बंजारे शक्ति सेना (भारत), विजय लक्ष्मी सूर्यवंशी नट असंख्य समाज पार्टी, रोहित डहरिया बहुजन समाजवादी पार्टी, रेवालाल सतनामी निर्दलीय, रामलखन खुंटे अंबेडकर राईट पार्टी ऑफ इंडिया, मनहरण लाल भारद्वाज गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, अनिल मनहर हमर राज पार्टी, मंगलूराम सतनामी निर्दलीय, रूखमणी चेलकर सर्वआदी दल, हेमंत कुमार निर्दलीय, विजय कुमार कुर्रे राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, सीमा महिलांगे निर्दलीय, कौशल जांगड़े राष्ट्रवादी भारत पार्टी, सुरेश कुमार निर्दलीय, दीपक कुमार आजाद समाज पार्टी, कमलेश जांगड़े भारतीय जनता पार्टी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

# 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 19 अप्रैल से 01 जून 2024 तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है,भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को सुबह 7 बजे से 1 जून 2024 (शनिवार) की शाम 06:30 बजे के बीच की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा,भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# चुनाव कराने मतदान दलों का रेंडमाइजेशन से हुआ गठन



पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दलों के गठन का कार्य संपन्न हुआ। एनआईसी कक्ष में निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया से दल गठित किए गए। सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण की मौजूदगी में यह कार्य संपन्न हुआ। प्रथम रेंडमाइजेशन में चुनाव में काम करने वाले कर्मचारी चयनित किए गए थे। अभी दूसरे चरण के रेंडमाइजेशन से मतदान दल बनाए गए। विधानसभा वार दल बनाए गए हैं। टीम के सदस्यों को अभी यह नहीं पता कि उन्हें किस बूथ में मतदान कराने जाना है। यहां तक वे आपस में परिचित भी नहीं हैं। सामग्री वितरण के समय ही उन्हें बूथ बताकर रूट चार्ट के अनुरूप रवाना किया जाएगा।

एनआईसी के तकनीकी निदेशक अरविंद यादव के नेतृत्व में उनकी टीम ने रेंडमाइजेशन की कार्रवाई पूर्ण की। मतदान दलों के प्रशिक्षण का दूसरा चरण 25 अप्रैल से शुरू होगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना, चुनाव पर्यवेक्षक आरके राय भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर मनरेगा श्रमिकों व ग्रामीणों को कार्यस्थल पर दिलाई गई शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज के निर्देशन में जिले में लगातार विभिन्न नवाचारी स्वीप गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। लोकतंत्र को और मजबूत बनाने तथा 7 मई को होने वाले मतदान के महापर्व में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित करने आज जिले के सभी जनपद पंचायतों के विभिन्न गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्यस्थल पर मनरेगा श्रमिकों व ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गईद्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है,प्राप्त जानकारी अनुसार आज विभिन्न जनपद पंचायत अंतर्गत सुंदरेली, डेरागढ़, जामपाली, पासीद, परसदाखुर्द, बड़ेसीपत, बड़ेमुडपार, पिहरिद, जमगहन, कलमी, पोता, आडिल, कुधरी, करीगाँव, चिखली, सकर्रा, बुंदेली और फगुरम सहित अन्य विभिन्न गांवों में चल रहे मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचकर श्रमिकों व ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता हेतु शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाया गया। मतदाताओं को जागरुक करते हुए उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही गई। आज विभिन्न गांव में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों, युवा श्रमिकों और ग्रामीणों ने पूरे उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित करने युवाओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार विभिन्न नवाचारी स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी मे स्वीप गतिविधि के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में चिन्हांकित स्थलों पर युवाओं द्वारा विभिन्न स्वीप कायक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिससे आमजन को मताधिकार के ज्यादा से ज्यादा उपयोग के लिए जागरुक किया जा सके।

# पुलिस ने 39 फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार, फरार वारंटियों के विरूध जिले में चलाया जा रहा विशेष अभियान



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जिले में फरार आरोपियों एवं वारंटियों की नियमित जांच पतासाजी जारी है। इसी क्रम में कल दिनांक 19 अप्रैल को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमों ने लंबे समय से फरार रहे 13 स्थायी और 26 गिरफ्तारी वारंट की तामिली करते हुए वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें शीघ्र न्यायालय पेश किया जाएगा। गिरफ्तार वारंटी- चोरी, मारपीट, आबकारी व विविध अपराधों के आरोपी हैं । नियत पेशी तिथि पर कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर इनके विरूद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी/स्थायी वारंट जारी किया गया था। फरार वारंटियों पर अनुविभागवार कार्यवाही में रायगढ़ अनुविभाग के थाना कोतवाली से 02 स्थायी और 01 गिरफ्तारी वारंट, चक्रधरनगर से 03 स्थायी वारंट, जूटमिल से 04 गिरफ्तारी और 01 स्थायी वारंट, कोतरारोड़ से 08 गिरफ्तारी वारंट, 01 स्थायी वारंट तथा थाना पुसौर से 02 गिरफ्तारी वारंट कुल 22 स्थायी/गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की गई है । वहीं पूंजीपथरा थाने द्वारा 02 स्थायी वारंट एवं थाना तमनार ने भी 01 स्थायी और 01 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की है। खरसिया अनुविभाग में 08 फरार वारंटियों को पकड़ा गया है, जिसमें थाना छाल ने 04 गिरफ्तारी वारंट, चौकी जोबी ने 02 स्थायी वारंट और चौकी खरसिया ने 01 गिरफ्तारी और 01 स्थायी वारंट की तामिली की है। इसी प्रकार धरमजयगढ़ अनुविभाग के थाना धरमजयगढ़ और चौकी रैरूमाखुर्द से 02-02 गिरफ्तारी वारंट तथा लैलूंगा से 01 गिरफ्तारी वारंट कुल 05 वारंटों की तामिली की गई है ।

**विभिन्न स्थानों से लोग जोड़ों को आशीर्वाद देने एवं सामूहिक विवाह के साक्षी बनने के लिए पहुंचे**

# नारायणी धाम दादी मंदिर में 19 अप्रैल को संपन्न हुआ दो निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के झुंझुनू धाम के रूप में प्रसिद्ध श्री नारायणी धाम सेवा समिति चाम्पा द्वारा स्थापित दादी मंदिर में 19 अप्रैल को दो निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम बाराद्वार शहर की बहनों एवं श्री नारायणी धाम सेवा समिति परिवार के सहयोग के संपन्न हुआ, दादी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जहां विभिन्न स्थानों से लोग जोड़ों को आशीर्वाद देने एवम सामूहिक विवाह के साक्षी बनने के लिए पहुंचे हुए थे,तो वहीं दोनों ही जोड़ों को विधिवत रानी सती दादी के दरबार में फेरे की संपूर्ण रीति रिवाज एवं रस्मो के साथ विवाह संपन्न कराया गया तथा इस कार्यक्रम में बाराद्वार शहर की महिलाएं एवं दादी भक्त उपस्थित रहे तो वही चाम्पा के श्री नारायणी धाम सेवा समिति परिवार ने इस पूरे वैवाहिक कार्यक्रम को संपन्न कराने में अपना अहम योगदान दिया तथा विवाह के पश्चात दोनों ही जोड़ों को उपस्थित लोगों ने आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की मंगल कामना भी की तो वहीं चाम्पा के दादी मंदिर में संपन्न इस वैवाहिक आयोजन को लेकर लोगों ने सभी आयोजक सदस्यों को साधुवाद व्यापित किया है, ज्ञात हो की चाम्पा के श्री नारायणी धाम सेवा समिति द्वारा स्थापित भव्य रानी सती दरबार में जहां आए दिन समय-समय पर विवाह के आयोजन संपन्न हो रहे हैं, तो वहीं दादी की कृपा से समिति द्वारा भी आगंतुकों के लिए संपूर्ण विवाह एवं मांगलिक कार्यक्रम संपन्न कराने की बेहतर व्यवस्थाएं की गई है एवं इसी परिसर में ही स्वादिष्ट रानी सती दादी जी की कृपा से उनका प्रसाद भोजन भी दोनों समय उपलब्ध होता है, तो वहीं आने वाले समय में बड़ी धर्मशाला के निर्माण की भी योजना समिति द्वारा की जा रही है तथा यहां नित प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के मांगलिक छोटे-बड़े आयोजन संपन्न हो रहे हैं।

# हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत खेत देखने जा रहा था बुजूर्ग ग्रामीण



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों के बीच दहषत का माहौल निर्मित होता है। वहीं कई तरह की घटनाएं भी आए दिन सामने आती है। षनिवार की सुबह छाल रेंज अंतर्गत ग्राम खर्रा में एक ग्रामीण खेत देखने जा रहा था। तभी उसका सामना हाथी से हो गया और हाथी के हमले से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मामले में विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खर्रा निवासी किसान कृषक जनक राम साहू अपने खेत पर शनिवार की सुबह पांच बजे जा रहा था। इसी दौरान हाथी से उनका सामना हो गया और फिर हाथी ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मामले की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही विभाग को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद वन विभाग और छाल थाने की पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सुख और समृद्धि की निशानी है कमल का फूल : बृजमोहन अग्रवाल

## मोदी की गारंटी अपने आप में गारंटीयों की गारंटी है : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा/सिमगा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी रायपुर लोकसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव का इतिहास दोहराने की तैयारी में है। पार्टी उम्मीदवार एवं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा मंडल और ग्रामीण मंडल में रोड शो एवं जनसंपर्क कर जनता से संपर्क किया। इस जनसंपर्क अभियान की शुरुआत सिमगा नगर से हुई जिसके बाद काफिला बनसांकरा, चौरेंगा, दामाखेड़ा, तुलसी, चक्रवाय, तोरा, दरचुरा, लिमतरा, कोलिहा,रोहरा होते हुए देवरी एवं दतरेंगी पहुंचा कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अभियान के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में लोगो से कहा कि, छत्तीसगढ़ के निर्माण का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी को जाता है, जिनके शासनकाल में राज्य की स्थापना हुई थी और भाजपा शासन काल के दौरान प्रदेश का तेजी से विकास हुआ है। बृजमोहन अग्रवाल ने आगे सभी को नवरात्रि और रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि, माता लक्ष्मी को कमल का फूल पसंद है, जो सुख और समृद्धि का प्रतीक है और भाजपा का निशान भी कमल का फूल है। इसीलिए भाजपा की सरकार समृद्ध छत्तीसगढ़ और समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना को लेकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ के गरीब युवा किसान और महिलाएं सभी के हितों का ध्यान रखकर काम किया जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, आगे भी ऐसे ही काम होता रहे उसके लिए हमको एक बार फिर से रायपुर, छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में कमल का फूल खिलाना है और मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने रायपुर लोकसभा में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए जनता से अपील की। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा की हम सपना नहीं हकीकत बुनते हैं तभी तो सब मोदी को चुनते हैं। यह कोई नारा नहीं है बल्कि हकीकत है मोदी की गारंटी अपने आप में गारंटीयों की गारंटी है। शिवरतन शर्मा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि 19 दिन बाद भारत के भाग्य का फैसला करना है। रायपुर लोकसभा में इतिहास बनाना है ,तो आपके वोट के साथ ही आपको अपने घर परिवार और दोस्तों को भी भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करना है और बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाना है। उक्त अवसर पर अनिल पांडेय, सनम जांगडे, केजुराम बघेल, आनंद यादव,कृष्णा अवस्थी चंद्रमणि तिवारी, धीरज जैन, छोटू यादव, सूर्यकांत ताम्रकार, हेम सिंह चौहान, गोलू अवस्थी, खेमचंद वर्मा, नंदकुमार मांडले, मनोज चौबे, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# साांई कालोनी मे जद्दोजहद एवं अव्यवस्था की मार वाहनों की गहमागहमी एवं ठहराव से बचाव की गुहार

## प्रवेश गेट के सामने वाहनों की गहमागहमी से परेशानी

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com




अव्यवस्थाओं के शहर जहां पीड़ा और परेशानी विभिन्न प्रकल्पों मे सर चढ़कर बोलती हुई प्रतीत होती है एवं गुहार के बावजूद सुनवाई की गूंज सुनाई नहीं देती है,कुछ ऐसा ही मसला भाटापारा के सांई कालोनी मे नजर आ रहा है एवं विगत तीन चार वर्षों से परेशानी के निराकरण की गुहार के बाद भी परेशानी ज्यों की त्यों बनी हुई नजर आ रही है।

### वाहनों की गहमागहमी एवं ठहराव की पीड़ा

होली के दिन घर मे खड़ी कार मे आग लगाये जाने की घटना से चर्चा मे आये नगर के सांई कालोनी की एक बार पुनः जमकर चर्चा हो रही है,एवं यह कालोनी चर्चा का विषय इसलिए बन रहा है कि इस कालोनी के गेट मे वाहनों की गहमागहमी एवं ठहराव की स्थिति के चलते दुर्घटना की संभावना बनना एवं उक्त परिस्थिति के मद्देनजर कालोनी वासियों का आंदोलित होना,लेकिन तीन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी इस दिशा मे कोई सुनवाई नहीं होना और न ही प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम उठाया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

### विभिन्न प्रकल्पों मे की गयी गुहार

सांई कालोनी के गेट के सामने संचालित दुकानों के वाहनों की अनाधिकृत रुप से प्रवेश एवं ठहराव जिसके चलते रास्ते के संकरापन का बढ़ना एवं आने जाने वाले कालोनी वासियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना का बढ़ना के मद्देनजर कालोनी वासियों द्वारा इस दिशा मे 2019से संघर्ष जारी है,एवं कालोनी वासियों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन शहर थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी एवं जिलाधीश को भी प्रेषित किया जा चुका है तथा विडम्बना निराकरण की गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन अभी तक इस दिशा मे निराकरण की पहल नही दिखाई दी है एवं समस्या ज्यों की त्यों नजर आ रही है।

### अव्यवस्था निराकरण मे उदासीनता

उपरोक्त परिस्थिति के निराकरण नहीं होने एवं सांई कालोनी वासियों द्वारा विडम्बना मे जीवन बसर करने को आम जनमानस द्वारा सीधे तौर पर अव्यवस्था निराकरण मे उदासीनता के तौर पर देखा जा रहा है,गौरतलब है कि सांई कालोनी मे सांई बाबा का मंदिर भी है जिसके चलते उक्त कालोनी मे कालोनी वासियों सहित नगर के लोगों का भी आने जाने का सरोकार है साथ ही साथ गुरुवार के दिन वहां विशेष आयोजन भी होता है जिसमें श्रद्धालुओं की अच्छी संख्या रहती है, और इस विडम्बना के चलते परेशानी सभी को झेलनी पड़ती है, इसी के चलते कालोनी वासियों सहित नगर के आमजनमानस के बीच भी यही स्वर प्रबल हो रहा है कि कालोनी के गेट मे वाहनों के ठहराव एवं गेट के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाकर यातायात व्यवस्थिकरण की दिशा मे प्रशासन द्वारा कदम बढ़ाया जाए।

# कलर्स दे रहा है भक्तों को लक्ष्मी और नारायण का अनोखा दर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




चैत्र मास के पावन महीने में, कलर्स पूरे भारत के भक्तों को लक्ष्मी और नारायण के दिव्य जोड़े का आशीर्वाद पाने का अनूठा मौका दे रहा है। जैसा कि यह एचजीईसी 22 अप्रैल को रात 10 बजे अपनी महाकृति 'लक्ष्मी नारायण - सुख सामर्थ्य संतुलन' का प्रीमियर करने के लिए तैयार है, इसने एक अनोखे आध्यात्मिक अनुभव का अनावरण किया है जो पारंपरिक पूजा-अर्चना की सीमाओं से परे है। लाखों लोगों का दिल जीतने के लिए तैयार, कलर्स ने अयोध्या और दिल्ली में मनोरम 4डी इंटरैक्टिव मंदिर बनाए हैं। ये आकर्षक गर्भगृह भक्तों को लक्ष्मी नारायण की दिव्य उपस्थिति का अभूतपूर्व ढंग से आनंद लेने की सहूलियत देते हैं। चैनल सभी को इस मंदिर में आमंत्रित करता है ताकि उन्हें ऐसे लोक में ले जाया जा सके जहां देवता जीवित हो उठते हैं, जिससे ऐसा अनूठा मंच तैयार होगा जहां भक्त उनकी आभा को महसूस कर सकते हैं। हालांकि, यह आध्यात्मिक सफर यहीं समाप्त नहीं होता है। कलर्स ने एक अत्याधुनिक डिजिटल मंदिर भी लॉन्च किया है, जो भक्त अपने घर में बैठकर ही लक्ष्मी और नारायण का आशीर्वाद पा सकते हैं। अपनी स्क्रीन पर बस कुछ टैप करके, भक्त आध्यात्मिक ज्ञान के वर्चुअल तीर्थ में कदम रख सकते हैं। चाहे कोई 4डी मंदिरों के दर्शन करना चाहे या डिजिटल मंदिर का भ्रमण करना चाहे, वे लक्ष्मी और नारायण की महिमा देख सकते हैं और उनसे प्रार्थना करके अपने मन की बात कर सकते हैं।

# बसना में भाजपा का महिला समूह सम्मेलन का हुआ आयोजन

### भाजपा शासन में महिलाएं हुई सशक्त विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए शुक्रवार को बसना में महिला समुह सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ की हड्डी होती है, उनकी सकारात्मक ऊर्जा और साहस समाज व देश को उन्नति की दिशा में आगे बढ़ाता है। महिलाओं का समाज में अहम योगदान है। उनके द्वारा आत्मनिर्भरता, उच्च शिक्षा और समाजिक परिवर्तन की ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है। भाजपा शासन में महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों से महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। मोदी सरकार ने महिलाओं के प्रति समानता और सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्हें अधिक शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर प्रदान किये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की नारी शक्ति को पूरी दुनिया में एक नयी पहचान मिली है। चाहे वह विज्ञान के क्षेत्र में हो, चाहे वह खेल के क्षेत्र में हो, चाहे वह स्वरोजगार के क्षेत्र में हो, चाहे वह राजनीति क्षेत्र में हो प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को प्रगति के नये अवसर प्राप्त हुए हैं। हमें अपने योग्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देना है। मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं पर महिलाओं की ध्यान केंद्रित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी बचाओ अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से उल्लेख करते हुए महासमुंद लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी को अपनी बहुमूल्य वोट देकर नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सफल योगदान देने की अपील की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्षगण रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, विधानसभा महिला प्रभारी क्षमा गोयल, नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू,मण्डल अध्यक्षगण अनिल अग्रवाल, माधव साव, कृष्ण कुमार साहू, हरप्रसाद पटेल, नरेश सिंघल, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, जिला मंत्री किरण अग्रवाल, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रीना गर्ग, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मधुरीमा पांडे, भाजपा कार्यकर्ता अंजली पाण्डे, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष बसंती प्रधान, उपाध्यक्ष भानूमति पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा जशवंत कौर, महिला मोर्चा महामंत्री गायत्री डड़सेना, जिला पंचायत सदस्य वृन्दावती पाण्डे, पार्षद विनिता अग्रवाल, मण्डल मंत्री पंचबाई नंद, सानमोती चौहान, पद्मिनी चौधरी, मालावती पटेल, विक्की छाबड़ा, पवन अग्रवाल, राधेश्याम नायक, विधायक जनसंपर्क कार्यालय पिरदा प्रभारी विमला बेहरा,पदमा रातड़े आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

# प्रांगण में शांत और बाजार में गर्म, गेहूं में गुणवत्ता पर कड़ी नजर



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बढ़ रही है आवक लेकिन ठहरी हुई है कीमत। गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर के बाद गेहूं में निम्नतम 1900 रुपए और उच्चतम 2300 रुपए क्विंटल पर सौदे हो रहे हैं। गेहूं में नई फसल की आवक तो शुरू हो गई है लेकिन सौदे बेहद सावधानी के साथ हो रहे हैं क्योंकि तैयार हो रही फसल के दौरान मौसम ने जैसा रूप दिखाया, उसने गुणवत्ता पर गहरा असर डाला। सो कीमत कम बोली जा रही है। असर उन किसानों पर भी देखा जा रहा है, जिन्होंने बड़े रकबे में गेहूं की फसल ली हुई थी।

### उच्चतम और न्यूनतम

बेहतर फसल मानी जा रही थी इस बरस गेहूं की। उत्पादन का बढ़ना भी तय माना जा रहा था लेकिन तेज हवा के साथ बादल और बारिश ने परिपक्ता अवधि के अंतिम दौर में पहुंच चुकी फसल को बेतरह नुकसान पहुंचाया। अब हो रही आवक के बीच गुणवत्ता की जांच-परख के बाद न्यूनतम कीमत 1900 रुपए और उच्चतम कीमत 2300 रुपए क्विंटल बोली जा रही है।

### निकली खरीदी इनकी

विशाखापट्टनम के लिए प्रांगण से गेहूं की खरीदी का दौर चालू हो चुका है। इसके अलावा फ्लोर मिलों की भी ज़रूरतें निकली हुई है। अंत में पशु आहार बनाने वाली इकाइयां गेहूं की खरीदी कर रहीं हैं। यह इसलिए क्योंकि घरेलू मांग के लिए जरूरी गुणवत्ता वाले गेहूं की आवक कम मात्रा में ही हो रही है।

### ऐसी है धारणा

गेहूं की नई फसल में जो भाव बोले जा रहे हैं, उसमें आने वाले दिनों में तेजी की संभावना से इनकार किया जा रहा है क्योंकि प्रतिकूल मौसम से स्थानीय फसल की गुणवत्ता को बेहद नुकसान पहुंचा है। इसलिए निकट भविष्य में मध्य प्रदेश से आने वाली गेहूं पर मांग का दबाव बढ़ने की संभावना है।

# विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मान समारोह होटल इंद्रप्रस्थ में संपन्न

## स्थानीय अनेक व्यापारियों ने थामा भाजपा का दामन, अंगीकार किया भगवा गमछा

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए चुनावी रणनीति के तहत समस्त व्यापारियों को पार्टी से जोड़ते हुए अबकी बार 400 पार जाने की योजना पर कार्य करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के व्यापारियों को कुम्हारी नगर के होटल इंद्रप्रस्थ में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने व्यापारी बंधुओं को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। नगर के प्रतिष्ठित होटल इंद्रप्रस्थ के स्वामी और पूर्व युवक कांग्रेस महामंत्री अमरजीत सिंह गिल और गुरजीत सिंह ने भाजपा में प्रवेश किया विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने शाल श्रीफल और भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया । इसके पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश स्तर पर यह कार्यक्रम सतत् चलाया जा रहा है । इसका अच्छा एवं उत्साहजनक परिणाम मिल रहा है । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिव चंद्राकर विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मान समारोह दुर्ग लोकसभा क्षेत्र प्रभारी, अजय भसीन महामंत्री चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भिलाई चैप्टर, सुषमा जेठानी मंडल अध्यक्ष चरोदा, राकेश पांडे, सुशील मिश्रा, रामाधार शर्मा विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मान समारोह कुम्हारी प्रभारी, संतोष सोनी ने भाजपा में नव प्रवेशियों को ढेर सारी बधाइयां और शुभकामनाएं दी। चेम्बर्स ऑफकॉमर्स भिलाई चेप्टर के महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि देश की प्रगति में योगदान दे कर भारत को आर्थिक रूप से विश्व के अग्रणी राष्ट्रों के समकक्ष लाएं इससे लोगों की आर्थिक समृद्धि सुदृढ़ होगी । यह लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तय किया है, जिसे पूरा करने में सभी का अमूल्य सहयोग और अधिकाधिक समर्थन अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार शिव चंद्राकर ने कहा कि सभी आए हुए व्यापारी बंधुओं आप सभी शपथ लें और सूत्र वाक्य को दोहराएं पहले मतदान करना, कराना फिर प्रतिष्ठान प्रारंभ करना। इस सम्मान समारोह में अहिवारा चरोदा भिलाई कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र के लगभग 225 व्यापारी उपस्थित हुए थे, कार्यक्रम में चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स कुम्हारी तथा व्यापारी संघ कुम्हारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए बच्चों को पात्र वितरित किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ नवागढ़
www.dailypioneer.com



गुरुकुल विद्यालय सुकुल पारा के छात्रों को पक्षियों के चारा पानी की व्यवस्था के लिए पात्र का वितरण किया गया। सत्र 2007 से ही अनवरत गर्मी में पशु पक्षियों की सेवा करने के लिए बच्चों को प्रेरणा दी जाती है और हर वर्ष गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था के लिए पात्र वितरित किया जाता है । बढ़ती गर्मी को देखते हुए छात्रों को पात्र वितरित किया गया। विद्यालय संचालक राजेश धर दीवान ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों से इस गर्मी में पशु पक्षियों के लिए चारा पानी की विशेष व्यवस्था करने की सलाह दी ।और पात्र वितरित कर रोज पक्षियों के लिए स्वच्छ जल और उनके योग्य भोज्य पदार्थ की उचित स्थान पर व्यवस्था करने की सलाह दी गई ।बच्चे पात्र पाकर बहुत खुश थे और उन्होंने प्रण किया कि सिर्फगर्मी ही नहीं बल्कि हर मौसम में पशु पक्षियों की चारा पानी की उचित व्यवस्था करेंगे। पात्र वितरण के समय ,बच्चे पात्र पाने के लिए उत्सुक और उत्साहित नजर आए ।जिससे या प्रदर्शित होता था कि वह निश्चित रूप से पक्षियों के लिए नियमित दाना पानी की व्यवस्था करेंगे। छात्रा काव्या पात्र पाकर बहुत खुश थी। पात्र वितरण में सभी शिक्षक ने भी संकल्प लिया कि पक्षियों के लिए नियमित दाना पानी की व्यवस्था करेंगे ।संचालक ने अभिभावकों से भी अपील की है कि पशु पक्षियों को गर्मी मे होने वाली चारा पानी की असुविधा को दूर करने के लिए यथासंभव प्रयास करना चाहिए।

# एक-एक दिन के अंतराल पर देवभोग ब्लॉक में दस्तक दे रहे हैं कांग्रेस बीजेपी के उम्मीदवार

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



महासमुंद लोकसभा अंतर्गत पूरे विधानसभा का दौरा कर पुनः अब भाजपा एवं कांग्रेस ने बिंद्रा नवागढ़ में अपनी अपनी ताकत झोंक दिया है तभी कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा बीते शुक्रवार 12 बजे से सीनापाली देवभोग झाखरपारा उरमाल अमलीपदर गोहरापदर सहित देर शाम तेतलखूंटी में जनसंपर्क कर लौटने के अगले ही दिन भाजपा उम्मीदवार रूप कुमारी चौधरी 11 बजे से कुमडाई दिवानमुडा माडागांव सरगीबहेली झाखरपारा सैंदमुड़ा सहित देर रात 11 बजे मौखागुड़ा में जनसंपर्क कर रविवार से पुनः करचिया खुटगांव गिरसूल सीनापाली घोघर देवभोग सहित अन्य गांव में ताबड़तोड़ प्रचार-प्रसार में जुटी रही ताकि हर हाल में भाजपा की मजबूत जमीन को बरकरार रखा जा सके इस बीच दोनों प्रत्याशी ही भारी अंतर से जीत का दावा करते अपनी-अपनी पार्टी की घोषणाओं से आम लोगों को अवगत करा रहे हैं कांग्रेस अपने 30 लाख पक्की नौकरी मनरेगा में 400 रुपए मजदूरी सालाना गरीब महिलाओं को एक लाख देने किसानों के एमएसपी जैसे अन्य घोषणाओं को लेकर जनता के दरबार में है तो दूसरी ओर भाजपा भी किसान सम्मन निधि महतारी वंदन योजना गैस चूल्हा शौचालय शाहिद दवा मोदी सरकार की योजनाओं की बखान करते समर्थन मांगा जा रहा है इसके अलावा इशारों इशारों में राम मंदिर के साथ धारा 370 जैसे कई सारणी है कार्यो को बुलाने का प्रयास भी करते नजर आ रहे हैं इसके अलावा रूप कुमारी चौधरी ने स्थानीय और बाहरी का रार छेड़ते क्षेत्र की बेटी को लोग भर भर कर समर्थन देने की बात कहा जा रहा है तो वही कांग्रेस उम्मीदवार ताम्रकारिता साहू भी बीजेपी पर तीखा हमला करते भाजपा की गलत नीतियों से देश के लोग वाकिफहो चुके हैं इसलिए भाजपा के सीएम के अलावा अन्य नेताओं के सभाओं में भीड़ नहीं हो रही है मतलब एक आत हज़ार भीड़ के बीच सभा को संबोधित करना मजबूरी हो गया है ऐसे और भी कई तरह का प्रहार किया जा रहा है हालांकि बार पलटवार के बीच अब तक पूरी तरह का रुझान स्पष्ट नहीं हो पाया है तभी राजनीतिक के जानकार विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी साइलेंट मतदाता अहम भूमिका निभाने की बात कह रहे हैं शायद यही वजह है कि महिला मतदताओ पर अधिक फोकस देखने को मिल रहा है बकायदा जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा दीपक सिंगल वरिष्ठ जिला महामंत्री शीतला पांडेय झाखरपारा मंडल अध्यक्ष योगनिता माझी सहित अन्य पदाधिकारी लगे हुए हैं मतलब विधानसभा चुनाव के तर्ज पर लोकसभा चुनाव में भी ज्यादातर महिलाओं को अपने पाले में करने के लिए भाजपा ने ऐंडी चोटी का जोर लगा दिया है खासकर देवभोग ब्लॉक पर यहां सामान्य महिला पदाधिकारी से लेकर जनपद अध्यक्ष नेहा सिंगल इसकी कमान संभालते अधिकतर महिलाओं के बीच पहुंच रहें है और महिलाओं को वंदन योजना से लाभ सहित कई तरह के हुए फायदे को बताकर बीजेपी के रूपकुमारी चौधरी के पक्ष मे आशीर्वाद मांगा जा रहा है साथ ही मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपील किया जा रहा है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

// (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 154541 प्रथम आमंत्रण 08.04.2024 | जिला रायपुर के जोरा सड्डू धनेली बायपास 04 लेन मार्ग (रिंग रोड मुख्य जिला मार्ग नं. 3) सर्विस मार्ग सहित लंबाई 7.50 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य। संभाग क्र-3 नवा रायपुर। | 2275.90 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 दिनांक 30.04.2024 निर्धारत है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-242500009/9



## शपथ पत्र

मैं सृष्टि जैन 26 वर्ष आत्मज श्री अजय जैन जाति जैन निवासी सरदार पटेल वार्ड मुंगेली थाना व तहसील मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग. की हूँ जो कि निम्नलिखित शपथ कथन करती हूँ-

01. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ।
02. यह कि मेरा पुरा व सही नाम सृष्टि जैन आत्मज अजय जैन है मेरे आधार कार्ड नं. 768715904536 है व स्कूल रिकार्ड अन्य दस्तावेजों में मैं दर्ज है।
03. मैं सृष्टि जैन मेरा नाम जन्म प्रमाण पत्र में लवली जैन है इस आधार पर मेरे पिताजी श्री अजय जैन ने मेरे नाम भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा मुंगेली में मेरा पालिसी है जिसका क्रमांक 381619917 है उक्त पालिशी बान्ड में मेरा नाम लवली जैन दर्ज है। जो की मेरा चालु नाम है।
04. यह कि सृष्टि जैन व लवली जैन दो नाम अलग अलग महिला न होकर एक महिला है अर्थात मैं स्वयं है। अतः इस आधार पर मेरी पालीशी का भुगतान किया जाय।
05. यह कि मैं यह शपथ पत्र मेरा नाम सृष्टि जैन होने के संबंध भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा मुंगेली को प्रस्तुत कर रही हूँ।
06. यह कि मैंने कोई भी बात छिपाया नहीं है और न ही गलत रूप से दर्ज कराई है।
07. यह कि मैने कोई बात छुपाई नहीं है चुकी मेरी शिक्षा दिक्षा एवं आधार कार्ड पेन कार्ड परिचय पत्र सब में मेरा नाम सृष्टि जैन है। इसी नाम से हुई है।

शपथकर्ता

### सत्यापन

मैं सृष्टि जैन यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र के कंडिका 01 से 07 तक का कथन स्वयं के ज्ञान के से सत्य व सही है शपथ पत्र लिखकर, पढ़कर, सुनकर व समझकर आज दिनांक ........ जिला मुंगेली में इस पर अपना हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता



## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

Aavas Financiers Ltd
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात ) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

### कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात )** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ''की धारा 13( 12 )और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड( पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ''के नाम से ज्ञात )** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| ललित राम साहू, खेमकली साहू खाता सं. LNBHI02021-220208005 व LNBHI04322-230282183 | 07 फरवरी 2024 ₹ 3505166/- व ₹ 558489/- बकाया दिनांक 06 फरवरी 2024 | केएच नं. 910/9 की संपत्ति स्थित मौजा गांव-नवागढ़ पी एच नं. -2, आरआईसी व तहसील-नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छत्तीसगढ़) 491001 क्षेत्रफल 0.03 हेक्टेयर | सांकेतिक कब्जा दिनांक 18 अप्रैल 2024 |

स्थान : जयपुर    दिनांक : 21-04-2024    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# आज कुमर्दा में योगी और मोहड़ में प्रियंका की सभा महज कुछ दूरी में एक दूसरे पर करेंगे हमला



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जैसे-जैसे मतदान का दिन करीब आता जा रहा है, वैसे-वैसे भाजपा और कांग्रेस में सरगर्मी बढ़ती जा रही है। रैलियों एवं सभाओं की रणनीति बन रही है। 20 अप्रैल के बाद दोनों ही पार्टियों के राष्ट्रीय प्रचारकों के आने का क्रम शुरू हो जायेगा। आज राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के डोंगरगांव विधानसभा के दो स्थानों पर भाजपा एवं कांग्रेस की दो बड़ी सभाएं होंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की तो कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को विजयी बनाने की अपील करेंगी। लोकसभा चुनाव में अब महज कुछ ही दिन शेष हैं अब ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने चुनावी रण में जीत के लिए अपनी ताकत झोंक दी है। डोंगरगांव क्षेत्र में आज ऐसा संयोग बैठ रहा है की महज कुछ किलोमीटर के अंतराल में कांग्रेस की महिला नेत्री प्रियंका गांधी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने अपने प्रत्याशी के पक्ष में ताल ठोकेंगे । जारी कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस की स्टार प्रचारक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी का राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के मोहड़ डोंगरगांव में आज दोपहर 2 बजे आमसभा होनी है जिसकी सभी तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं । तैयारियों का जायजा लेने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज व् छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट स्थल पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे कर जा चुके हैं । डोंगरगांव के कुमरदा में ही आज सुबह 11 बजे भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ आम सभा करेंगे । भाजपा की भी लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं भाजपा और कांग्रेस दोनों ही आमसभा में हजारों लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है । मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मांग संगठन द्वारा की गई थी लेकिन आज उनकी जगह योगी आदित्यनाथ को भेजा जा रहा है ।

## सोनिया गांधी और प्रियंका का डोंगरगांव कनेक्शन



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का आज डोंगरगांव क्षेत्र में दौरा है आज से ठीक 21 वर्ष पहले आठ मार्च 2003 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यहाँ सोनिया गांधी का आगमन हुआ था। अब जब आज प्रियंका गांधी आमसभा के लिए यहाँ आ रही हैं तो कांग्रेस को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं लेकिन यदि बात उत्तर प्रदेश के प्रभार के समय की करें तो प्रियंका गांधी के ही प्रभारी रहते हुए वहां कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ हो गया था । राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को होना है। राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सचिन पायलट शनिवार को शाम 6.45 बजे डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहड़ पहुंचें और प्रियंका गांधी की चुनावी सभा स्थल का जायजा लिया।

## आम मतदाताओं की अलग-अलग राय

पायनियर की टीम ने कुछ क्षेत्रों में पहुँच कर आम मतदाताओं से चुनावी चर्चा भी की। गांवों में फिलहाल शादियों की धूम है। ज्यादातर लोग वैवाहिक कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। हालांकि चुनाव को लेकर मतदाता खामोश हैं और प्रत्याशियों के बारे में ज्यादा आंकलन कर रहे हैं। घोषणा पत्रों को लेकर भी मंथन चल रहा है। मतदाताओं ने मोदी की गारंटी पर ज्यादा भरोसा जताया है। हालांकि कई किसान मतदाता भूपेश बघेल के कार्यों से प्रभावित हैं। इन्होंने कहा कि प्रदेश में धान का समर्थन मूल्य जो बढ़ा है उसका श्रेय कांग्रेस सरकार को जाता है। समर्थन मूल्य बढ़ने से किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरी है। मतदाता भाजपा और कांग्रेस के दो धड़ों में बंटे हुए हैं लेकिन इस दफे मोदी लहर दिखाई नहीं दे रही।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष के निवास पहुँच अभिषेक सिंह ने की परिजनों से मुलाक़ात





पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव विधानसभा की कमान सम्हाले पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के निवास पहुँच कर परिजनों से सौजन्य मुलाक़ात की व विभिन्न विषयों पर चर्चा की। गौरतलब है कि मोनू बहादुर सिंह के अग्रज देवेश सिंह बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ हैं और कुछ ही दिनों पूर्व नागपुर के निजी अस्पताल से इलाज करवा कर वापस लौटे हैं। अभिषेक सिंह ने उनसे मुलाक़ात कर उनका कुशलक्षेम जाना । तत्पश्चात परिवार के लोगों से मुलाक़ात कर राजनीति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा , प्रशांत गुप्ता , प्रखर श्रीवास्तव , सज्जन सिंह ठाकुर , अंशुल श्रीवास्तव , सूरज नायक , नितेश नायक , मनीष यादव , कुशाल यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में बैठक ली

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रसास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाएं। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड, एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें। कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होने के लिए कहा। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों का किट भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिन ग्रामों में दिव्यांगजन है, वहां दिव्यांग रथ होना चाहिए तथा ई-रिक्शा की व्यवस्था होनी चाहिए। हर गांव में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल उपलब्ध रहे। अधिकारियों के पास मितानिनों का नंबर होना चाहिए। आदर्श मतदान केन्द्र थीम के अनुसार बनाएं जाएंगे। संगवारी एवं युवा मतदान केन्द्र अच्छे से सजाना है।

## होम वोटिंग के माध्यम से घर पर मतदान कर 92 वर्षीय सुलखन सोनपिपरे लोकतंत्र के महापर्व में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्यों को परिलक्षित करते हुए मतदान अधिकारियों द्वारा जिले के चिन्हांकित दिव्यांगजनों और 85 प्लस बुजुर्ग व्यक्तियों के घरों में जाकर मतदान कराया गया। अत्यंत दिव्यांगता और अधिक उम्रदराज से लोकतंत्र में हिस्सा बनने से वंचित न हो, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है। जिले के उम्रदराज और दिव्यांगजनों ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में अपनी उपयोगिता साबित की है। होम वोटिंग के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों ने मतदान कराने दूरस्थ वनांचल ग्राम खैरबना, मोहनपुर, गाताटोला, तेन्दूनाला, आसरा, पुरेना, अण्डी, बिच्छीटोला, पिनकापार, मेढ़ा जाकर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के घरों में दस्तक दी। होम वोटिंग के लिए शेष रहे मतदाताओं का 19 अप्रैल को मतदान कराया गया। मतदान अधिकारियों को अपने घर में देखकर मतदाताओं सहित परिजनों ने खुशी जाहिर की। मतदाताओं ने कहा यह बहुत अच्छा क्षण है जिससे हम अपने देश के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मोहनपुर निवासी 92 वर्षीय सुलखन बाई सोनपिपरे ने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मताधिकार का उपयोग किया। सुलखन बाई के बेटे ने कहा कि यह बहुत खुशी का समय है कि लोकतंत्र के महापर्व में उनकी मां शामिल हो रही है। मतदान अधिकारियों द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान कराया जा रहा है। उनकी मां पहले स्वयं मतदान बूथ में जाकर वोट दे देती थी। लेकिन उम्र की अधिकता और लकवाग्रस्त होने के कारण पिछले दो वर्षों से बिस्तर पर है। जिसके कारण कही चल-फिर नहीं पाती है। पिछले निर्वाचन में भी होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान की थी। उनके बेटे ने कहा कि भारत निर्वाचन अयोग की इस अच्छी पहल के कारण उम्रदराज और दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार से वंचित होने से बच रहे हैं। उनके लिए यह सुविधा बहुत लाभकारी है। बिना परेशानी के वे घर पर ही वोट दे रहे हैं। जिससे वे लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभा रहे हैं। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले के अंतिम छोर वनांचल ग्राम खैरबना निवासी 98 वर्षीय सोनकुंवर चंद्रवंशी और 97 वर्षीय सोनाबाई निषाद ने घर पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अपने मताधिकार का उपयोग किया। सोनकुंवर अत्यंत बुजुर्ग हैं। वे नहीं चल पाती हैं न ही बोल पाती हैं।

## तेंदुनाला के बुजुर्ग मनोहर पटेल ने किया मतदान

# होम वोटिंग से 102 वर्षीय बुजुर्ग के चेहरे पर मुस्कान

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेन्दूनाला निवासी 102 वर्षीय मनोहर पटेल ने होम वोटिंग के माध्यम से पहली बार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर अपना मताधिकार का उपयोग किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की पहल सार्थक सिद्ध हो रही है, जिससे केन्द्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर बैठे ही वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्यों को परिलक्षित करते हुए जिले में होम वोटिंग के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों द्वारा बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के घरों में जाकर मतदान कराया गया। मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई। उल्लेखनीय है कि मनोहर पटेल को बढ़ती उम्र के कारण आंखो से दिखाई नहीं दे रहा था लेकिन मतदान अधिकारियों के घर पर आने की जानकारी मिलने पर उनके चेहरे में उत्साह दिखा। पटेल ने कहा वे पहली बार घर पर ही मतदान कर देश के लोकतंत्र में सहभागिता निभा रहे हैं। इससे पहले मतदान केन्द्र में जाकर वोट करते थे। श्री पटेल को आंखों से नहीं दिखाई देने के कारण मतदान करने के लिए नाती बहू ने सहयोग किया। पहले वे मतदान केन्द्र परिजनों के साथ जाकर वोट दिया करते थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों को धन्यवाद दी।

फार्मेट सी–1
अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा
(समाचार पत्र,टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)
अभ्यर्थी का नाम व पता : भूपेश कुमार बघेल, मानसरोवर आवासीय परिसर, भिलाई–03 जिला–दुर्ग (छ.ग.)
राजनैतिक दल का नाम : इण्डियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : लोकसभा
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 06/राजनांदगांव

मैं **भूपेश कुमार बघेल** (अभ्यर्थी का नाम),उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/~~करती~~ हूं :

| (क) | लंबित अपराधिक मामले (03 प्रकरण) | | | |
|---|---|---|---|---|
| क.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| प्र.क्र. 01 | न्यायालय का नाम वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना– ई.ओ.डब्ल्यू. रायपुर छ.ग.) | प्रकरण क्र. वर्तमान में निरंक (FIR No.- 06/2024 Date-04-03-2024) | लंबित | धारा– 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471, भा.द.वि.एवं धारा 7,11, भ्र.नि.अधिनियम (संशोधन) 2018 संक्षिप्त विवरण :– |

**मामलें का संक्षिप्त विवरण** :– प्रवर्तन निदेशालय के उपरोक्त प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न दस्तावेज, पूर्व में प्रेषित प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2020/AD(MK) दि. 08.01.2024 व साथ में संलग्न दस्तावेज तथा प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2022/AD(MK) दि. 30.01.2024 साथ में संलग्न प्रेविजनल अटैचमेंट आर्डर एवं अन्य दस्तावेजों के अध्ययन व परिशीलन के आधार पर पाया गया कि महादेव बुक ऐप के प्रमोटर श्री रवि उप्पल, श्री शुभम सोनी, श्री सौरभ चंद्राकर, श्री अनिल कुमार अग्रवाल के द्वारा विभिन्न लाईव गेम्स में अवैध शापिंग की गई । ऑनलाईन प्लेटफार्म के विकल्प के रूप में ऑनलाईन प्लेटफार्म का निर्माण कर वाट्सएप, फेसबुक, टेलीग्राम जैसे माध्यमों से विभिन्न वेबसाईटों के जरिये सट्टा खिलाए जाने लगा । इन प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग के लिए विभिन्न प्लेटफार्म तैयार कर पैनल ऑपरेटरों / ब्रांच संचालको के मध्यम से ऑनलाईन बेटिंग के आपराधिक कृत्य का संचालन किया गया । इस अवैध कमाई से लगभग 70 से 80 प्रतिशत राशि स्वयं रखकर शेश राशि पैलन ऑपरेटरों को प्रदान की गई । ऑनलाईन बैटिंग ऐप के संचालन से प्रमोटर्स एवं ऑनलाईन बैटिंग ऐप से जुडे पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स एवं उनके साथियों द्वारा वर्श 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑन लाईन सट्टा खिलाकर 450 करोड़ रू. मासिक की अवैध आय अर्जित की जा रही है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स एवं पैनल ऑपरेटर्स के द्वारा इस अवैध अर्जित आय के ट्रांजेक्शन के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक अकाउंट्स खोले गए तथा सैंकड़ों बैंक अकाउंट्स कमीशन के आधार पर लेकर सट्टा से प्राप्त राशि का संचालन किया गया महादेव बुक एप के प्रमोटर्स को पैनल ऑपरेटर्स द्वारा सट्टा की अवैध राशि विभिन्न बैंक अकाउन्ट के माध्यम से ट्रांसफर किया जाकर संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंचाया गया है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन सट्टा से प्राप्त अवैध राशि से ऑनलाईन सट्टा के प्रमोशन के लिए सट्टे बाजी वेबसाईटों का विज्ञापन हेतु भारी मात्रा में नगद रकम खर्च की गयी। इस हेतु वार्शिक स्टार स्टैंडेड कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे जिसमें शामिल मशहूर हस्तियों को सट्टेबाजी से प्राप्त अवैध राशि से भुगतान किया जाता था ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग से प्राप्त अवैध राशि को भारी मात्रा में कई कंपनियों, शैल कंपनियाों एवम शेयर मार्केट में निवेश किया गया है । इसी तरह इन प्रमोटर्स के द्वारा क्रिप्टो करेंसी में भी निवेश किया गया है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा महादेव ऑनलाईन बुक के साथ जुडे हरिशंकर तिबरेवाल के द्वारा इसी तरह का स्काई एक्सचेंज नामक बैटिंग प्लेटफार्म चालया जा रहा था जिसके पास से अवैध कमाई द्वारा अर्जित लगभग 580 करोड़ रू. की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अटैच की गयी है।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया गया , जिसके एवज में उन्हे नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गयी । उक्त अवैध राशि की व्यवस्था एवं वितरण हेतु हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल किया गया साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण हेतु पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया । यह प्रोटेक्शन मनी की राशि हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से राशि वितरण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तक पहुंचती थी जिसे उनके द्वारा संबंधित पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को वितरित की जाती थी । विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरूपयोंग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गयी है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कई अचल संपत्तियों का प्रोविजनल अटैचमेंट किया गया है ।

इस प्रकार महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा अपने सहयोगी पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स, पार्टनर्स, लोकसेवकों और अन्य लोगों के साथ मिलकर अपराधिक शडयंत्र करते हुए ऑनलाईन सट्टा एप के जरिए भारी मात्रा में अवैध आय अर्जित की गई । इस संपूर्ण आपराधिक कृत्य में शमिल लोगो के विरूद्ध प्रथम दृश्टया धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. तथा धारा 7, 11 भ्रश्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्र.नि. (संशोधन) अधिनियम 2018 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा .................. (वर्तमान में लागू नही) को विवचना हेतु सौंपा गया या क्षेत्राधिकार में दृश्टिगत थाना.............. (वर्तमान में लागू नही) जिला .........(वर्तमान में लागू नही) को स्थानांतरित किया गया, या दं.प्र.सं.की धारा "ब" के अंतर्गत की गई। अभियोगी / सूचनाकर्ता को प्र.सू.पढ़वाकर / पढ़कर सुनाया गया जिन्होने सही – सही अभिलिखित होना स्वीकार किया । इसकी एक प्रति सूचनाकर्ता को निः शुल्क प्रदाय की गयी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 02 | न्यायालय का नाम–अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय / एम.पी. /एम.एल.ए. कोर्ट गौतम बुद्ध नगर। ( पुलिस थाना – नोएडा, सेक्टर–49, कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर) | वर्तमान सम्मन दिनांक 06/12/2023 में वर्णित अनुसार वाद संख्या 16422/23, CCNo.-29/22 दर्शाया गया है । (FIR No.- 29 / 2022 DATE – 16-01-2022) | लंबित | धारा– 188, 269, 270 भा.द.वि. एवं धारा – 03 महामारी अधिनियम 1897 संक्षिप्त विवरण :– |

मामलें का संक्षिप्त विवरण :– कार्यालय रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 गौतम बुद्ध नगर पत्रोंक 37/एसटी–एसडीएम विधान सभा निर्वाचन 2022 दिनांक 16.01.2022 प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 113 नोएडा आप को अवगत ही है कि, मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की चुकी है जिसके अनुसार जनपद गौतम बुद्ध नगर में आदर्श आचार संहिता लागू है । आज दिनांक–16.01.2022 को मा. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थनों पर 05 व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों को साथ लेकर लोगो के घर–घर जाकर कांग्रेस का प्रचार किया जा रहा है एवं कोविड नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है । अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल मा. भारत निर्वाचन आयोंग के अंतर्गत दिये गये निर्देशों के क्रम में आदर्श आचार संहिता एवं कोविड नियामों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित के विरूद्ध प्रथामिकी दर्ज कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करे । संलग्न उपरोक्तानुसार रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र । प्रतिलिपि 1–जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय गौतम बुद्ध नगर की सूचनार्थ प्रेशित, 2 – उप जिलाधिकारी निर्वाचन / उप जिलाधिकारी दादरी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र नोट में है । कांस्टेबल क्र 921 ओंकार सिंह प्रमाणित करता हूँ कि नकल तहरीर कर कायमी मेरे द्वारा बोल–बोल कर कांस्टेबल क्र 384 आकाश कुमार से टाईप करायी गयी है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 03 | विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सी.बी.आई. रायपुर (पुलिस थाना–सी.बी.आई. /एस.सी.–II, नई दिल्ली) | प्र.क्र.–5465/18 FIR No.- RC 12 & 13 (S) / 2017-SCUV / SC-II / CBI NEW DELHI DATE –12-12-2017 | लंबित | धारा– 120 बी/सह पठित 469, 471, भा.द.वि. एवं धारा–67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम **संक्षिप्त विवरण** :– |

मामलें का संक्षिप्त विवरण :–एफ.आई.आर नं– आर.सी.नं.– 12 (एस) 2017 एस.सी.यू./एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन थाना पंडरी रायपुर में श्री प्रकाश बजाज के द्वारा लिखाई गई एफ.आई.आर. के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उन्हे किसी अश्लील व्हिडियो उसके आधिपत्य में होने के आधार पर किसी आका को बदनाम करने, उनके एवज में राशि मांगने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने की शिकायत की गई है, इस शिकायत पर धारा 384 एवं 506 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया था । तथा एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.–13 (एस) 2017 एस.सी.यू./एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन सिविल लाईन थाना रायपुर में श्री राजेश मूणत के द्वारा दर्ज प्रथम सुचना पत्र क्रमांक–665/2017 दिनांक– 27/10/2017, धारा 67 ए, आई.टी.एक्ट के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है, जिसमें श्री राजेश मूणत ने किसी अश्लील व्हिडियों का प्रसारण मोबाईल एवं सोशल मिडिया के माध्यम से श्री भूपेश बघेल , विनोद वर्मा, आदि के द्वारा किये जाने और उसके द्वारा श्री राजेश मूणत की राजनैतिक छबि को धुमिल किये जाने की शिकायत की गई । इन दोनो प्रकरण की जांच सी.बी.आई. ने एक साथ करके उपरोक्त आरोप पत्र प्रस्तुत किया है ।

| (ख) | अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| क.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) की स्थिति | | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| निरंक | निरंक (लागू नही होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) |

# पायनियर हलचल...

## खैरागढ़ उप चुनाव के हीरो लापता?




कहते हैं कि राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता। आज से 6 माह पहले तक जिन्हें कद्दावर नेता कहा जाता था, वह महज 6 माह में लापता होने की स्थिति में आ गये हैं। अब उन्हें न ही पार्टी पूछ रही और न ही उनके चहेते नेता सुध लेना चाहते हैं। दरअसल में हम बात कर रहे हैं खैरागढ़ उप चुनाव के हीरो रविन्द्र चौबे और मोहम्मद अकबर की। भूपेश सरकार ही नहीं बल्कि कुछ दिन पहले तक यह दोनों नेता पार्टी के खास रणनीतिकार थे। रविन्द्र चौबे ने तो खैरागढ़ उपचुनाव की पूरी कमान सम्भाला था। सत्ता में रहते हुए अकबर ने भी खूब पांसे चले थे। लेकिन अब ऐसा क्या हो गया है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इन्हें लोकसभा चुनाव में सीधा खारिज कर दिया। खैरागढ़ उपचुनाव में हीरो की भूमिका निभाने वाले रविन्द्र चौबे के साथ भूपेश कंधा मिलाकर नहीं चलना चाहते? वहीं कद्दावर नेता कहलाने वाले मोहम्मद अकबर के साथ भी भूपेश कवर्धा नहीं घुसना चाहते? ऐसा क्यों हो रहा भाई? कुछ माह पहले तक तो भूपेश का कोई भी कार्यक्रम बिना चौबे और अकबर के पूरा नहीं होता था। अब जब भूपेश बघेल राजनांदगांव से लोकसभा के लिए प्रत्याशी है, तब तो अकबर और चौबे की भूपेश को खास जरुरत है। तब भी ये दूरी क्यों है? सन्नाटा क्यों है?। खैर कहते हैं कि भूपेश को यह बात समझ आ गई है कि अकबर और चौबे जैसे नेताओं के कारण राज्य में कांग्रेस को सत्ता गवांनी पड़ी। शायद इसीलिए भूपेश बघेल लोकसभा चुनाव में इन दोनों नेताओं से दूरी बनाते दिख रहे हैं।

## कमजोर सीट में मजबूत दांव



भारतीय जनता पार्टी जब चुनाव लड़ती है, तो जीत के हर मार्ग को खोजने इनके सिपाही निकल पड़ते हैं। अब तक भाजपा कांकेर लोकसभा में कमजोर आंकी जा रही थी, मामला बराबरी का बताया जा रहा था। शायद इसीलिए स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस सीट पर विशेष फोकस कर रहे हैं। विष्णुदेव साय लगातार दौरा कर रहे, सभाएं ले रहे। लेकिन इस बीच भाजपा ने कांकेर में मजबूत दांव चलने में सफलता हासिल कर ली है। मतदान के 5 दिन पहले कांग्रेस के पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी भाजपा में शामिल हो गए। कांकेर लोकसभा में पिछली बार भी काफी कम मतों से भाजपा की जीत हुई थी। इसी वजह से कांग्रेस ने प्रत्याशी को इस बार भी रिपीट कर दिया। अब तक की स्थिति में यहां कांटे की टक्कर बतायी जा रही है। अब चुनाव परिणाम क्या होंगे फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। कहते हैं कि यह दांव विष्णुदेव सरकार में केबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे कद्दावर आदिवासी नेता रामविचार नेताम ने चला है। रामविचार के कारण भाजपा मतदान के एक सप्ताह पहले कांकेर में फिर मजबूत हो गई है। रामविचार नेताम जब गृहमंत्री हुआ करते थे, शिशुपाल तब से उनके करीबी रहे, मौका देख नेताम बड़ा दांव चलने में सफल हो गए।

## खौलने लगी मूणत की चाय



राजधानी रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल विष्णुदेव सरकार में केबिनेट मंत्री हैं। और वह रायपुर लोकसभा के लिए भाजपा के प्रत्याशी भी हैं। भाजपा रायपुर से बृजमोहन के 5 लाख से अधिक मतों के जीत का दावा कर रही है। वहीं बृजमोहन की जीत पक्की होते सुनकर मूणत की चाय खौलने लगी है। भले ही गर्मी की कहर में शरबत की डिमांड हो, लेकिन मूणत चाय खौलाते दिख रहे हैं। मूणत जानते हैं कि यह चाय जितनी खौलेगी, स्वाद उतना ही सुंदर रहेगा। खौलती हुई चाय के साथ- जब चर्चा हो, तो वह बात और ही निराली होती है। बृजमोहन की जीत के लिए मूणत पूरी रायपुर की जनता को खौलती हुई चाय पिलाने के लिए तैयार दिख रहे हैं। मूणत यह भली-भांति जानते है कि यह खौलती हुई चाय ही कुर्सी का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## शराब घोटाले का दर्द



जब शराब घोटाला हो रहा था, नोटों की महक और रुपयों की खनक में कुछ सुनाई नहीं दे रहा था। अब उनकी चीख भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। दरअसल में शराब घोटाले के आरोपी अरविन्द सिंह ने जज साहब से इच्छा मृत्यु की मांग की। अरविन्द सिंह ने कोर्ट में कहा कि हम प्रतिदिन के इस झंझट से तंग आ गए हैं, हमें इच्छा मृत्यु दे दी जाए। जज साहब भी जानते हैं, उन्हें भी ऐसे ही ये कुर्सी नहीं मिली है कि कोई अपराधी आये और इमोशनल ड्रामा करके न्यायालय से चला जाए। फिर क्या अरविन्द के इच्छा मृत्यु वाली मांग पर जज साहब ने कहा कि विधिवत आवेदन दे दीजिए। यह सुनकर पूरा कोर्ट सन्न रह गया। दरअसल में सामान्य आदमी फ्राड करने में हिचकता है, अपराध करने से डरता है। फिर इतना बड़ा घोटाला करने वाले अरविन्द का कलेजा इतना कमजोर कैसे हो सकता है? कि वह महज छह माह में इच्छा मृत्यु की मांग करने लगे। यह बात किसी को हजम नहीं होती, शायद जज साहब को भी नहीं हुई। इसीलिए जज साहब ने उन्हें तुरंत जबाब दे दिया। वैसे भी शराब का कारोबार करने वाले पूरे भारत देश में खास लोग ही होते हैं, यह आम लोगों का व्यापार नहीं है। उसमें भी जो घोटाला कर जाए, तो वह तो बेहद भी खास इंशान होगा। खैर अरविन्द का आगे क्या होगा यह तो अब न्यायालय को ही तय करना है।

## चुनावी समर में वोरा पहुंचे महानदी



1991 बैच के तेजतर्रार अफसर आईएएस सोनमणि वोरा की चुनावी समर के बीच छत्तीसगढ़ वापसी हो गई है। वोरा तपती गर्मी में सीधा महानदी पहुंचे, उन्होंने मंत्रालय में ज्वाइनिंग भी दे दी है। वहीं 2021 बैच के एक और आईएएस ने तेलांगाना ज्वाइन कर लिया है। हालांकि अभी वोरा को काई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। लोकसभा चुनाव परिणाम तक वोरा को इंतजार करना पड़ सकता है। रमन सरकार में वोरा ने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सम्भाला था। कांग्रेस की सरकार आने के बाद वोरा अगल-थलग पड़े रहे। बाद में वह राज्यपाल के सचिव बनाये गए। कुछ ही दिनों बाद वहां से मुक्त कर दिए गए थे। अब एक बार फिर वोरा केन्दीय प्रतिनियुक्ति से वापस आ चुके हैं।

## अब भरोसा नहीं

कभी भूपेश है, तो भरोसा है के नारा लगाने वाले कांग्रेसी नेताओं का अब किसी पर भरोसा नहीं रहा। राजधानी में राजनीति करने के बाद लोकसभा के लिए प्रत्याशी बनाए गए एक कांग्रेसी नेता का अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं दिख रहा। वह राजधानी से अपने खास लोगों को लेकर अपने नए निर्वाचन क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं। राजधानी से पहुंचे यह खास लोग कांग्रेसी विधायकों से प्रतिदिन शाम को हिसाब मांग लेते हैं। कहते हैं कि नेता जी मेहनत तो खूब कर रहे, इनके निर्वाचन क्षेत्र में विधायकों की संख्या भी भाजपा से ज्यादा है। लेकिन उनके ही विधायकों पर विश्वास का संकट दिख रहा है। ऐसे में कांग्रेसी विधायक अन्दर ही अन्दर कहते नजर आ रहे हैं, अभी इतना खर्च करके विधायक बने हैं। नेताजी ने पांच साल जमकर कमाया अब रुपया नहीं ढीलेंगे तो क्या हम लोग घर बेचकर प्रचार-प्रसार करेंगे?

editor.pioneerraipur@gmail.com

# अशोका बिरयानी के आधा दर्जन कर्मचारी गए जेल, सभी सेंटरों में निगम ने जड़ा ताला

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में अशोका बिरयानी सेंटर में 2 कर्मचारियों की मौत का मामला 37 घंटे बाद सुलझ गया। होटल में लाश के साथ प्रदर्शन कर रहे मृतकों के परिजन के बीच आधी रात को गृहमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। उन्होंने परिजनों को होटल मालिक समेत प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने अशोका बिरयानी के मालिक समेत चार लोगों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। इसके साथ ही अशोका बिरयानी प्रबंधन दोनों कर्मचारियों के परिजन को 15-15 लाख रुपए मुआवजा देगा। आजीवन 15-15 हजार रुपए महीने गुजारा भत्ता भी देना होगा। इसके बाद परिजन शनिवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे लाश को लेकर अंतिम संस्कार के लिए अपने पैतृक गांव रवाना हो गए।




### फ्रीजर में लाश रखकर किया प्रदर्शन

मुआवजे की मांग को लेकर जांजगीर-चांपा निवासी नील कुमार पटेल के भाई दिनेश पटेल, धमतरी निवासी मृतक डेविड साहू की बहन खुशबू साहू एवं उसकी एक अन्य बहन अशोका बिरयानी के बाहर धरना देने पहुंचे। मृतक के परिजनों ने फ्रीजर में लाश रखकर अशोका बिरयानी के सामने देर शाम तक प्रदर्शन किया।

### सभी सेंटरों पर निगम ने जड़ा ताला

अशोका बिरयानी में दो कर्मियों की मौत की घटना को निगम प्रशासन ने भी गंभीरता से लिया है। शहर में अलग-अलग जगहों में संचालित अशोका बिरयानी सेंटर में कई तरह की अनियमितता पाए जाने के बाद निगम प्रशासन ने सभी सेंटरों को बंद करा दिया है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मुताबिक अशोका बिरयानी में लायसेंस के अलावा गुमास्ता एक्ट के उल्लंघन के साथ ही फायर एनओसी तथा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के अलावा जमीन विवाद का मामला भी है। इसके चलते जांच होते तक रेलवे स्टेशन, जीई रोड, रायपुरा, पचपेड़ीनाका में संचालित बिरयानी सेंटर बंद करा दिया गया है।

### संचालक पर रितु शर्मा ने लगाया कब्जे और पिटाई का आरोप

मुंबई निवासी रितु शर्मा भी बिरयानी सेंटर के संचालक कृष्णकांत तिवारी पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपने दादा के नाम पर डीडी थाने के सामने जमीन खरीदी थी जिसे उक्त बिरयानी सेंटर के संचालक कृष्णकांत तिवारी ने फर्जी दस्तावेज के सहारे रजिस्ट्री करवा लिया था जिसकी रिपोर्ट पर डीडी नगर थाने में अपराध दर्ज है। उन्होंने कल पत्रकारवार्ता में बताया कि बिलासपुर हाई कोर्ट ने बिरयानी सेंटर के संचालक तिवारी की जमानत भी ख़ारिज कर दी थी उसके बावजूद रायपुर पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई जबकि वह रायपुर में ही खुलेआम घूम रहा था। इसके आलावा रितु शर्मा ने यह भी आरोप लगाया की उसने उन्हें गुंडों से पिटवाया भी, जिसकी शिकायत भी उन्होंने थाने में की थी कोई कार्रवाई नहीं होने के वजह से वे मुंबई में ही रही।

## पीएम मोदी के लिए गांधी स्टेडियम में बन रहा हेलिपैड, सिंहदेव ने कलेक्टर को पत्र लिखकर बताया जनता की संपत्ति का दुरुपयोग

पायनियर संवाददाता ◀ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अप्रैल को अंबिकापुर दौरे पर आएंगे। उनके आने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं और गांधी स्टेडियम में हेलीपैड बनाया जा रहा है। जिसको लेकर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कलेक्टर को पत्र लिखकर विरोध जताया है। उन्होंने इस हेलीपैड निर्माण को जनता की संपत्ति का दुरुपयोग बताया है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि, शहर के विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों, खेल संगठनों, खेल प्रेमियों एवं आमजनों ने मुझे यह जानकारी दी है कि गांधी स्टेडियम में हैलीपैड का निर्माण कराये जाने हेतु काफी मात्रा में निर्माण सामग्री गिराई गई है। मैं यह बताना चाहूंगा कि, राजनीतिक रूप में पार्टी लाईन से बाहर जाकर हम सब ने भाजपा के दिवंगत नेता स्व. रविशंकर त्रिपाठी की पहल पर सभी ने यह संकल्प लिया था कि गांधी स्टेडियम का उपयोग केवल और केवल खेल गतिविधियों के लिये किया जायेगा। खेल गतिविधियों के अलावे किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक, धार्मिक अथवा राजनीतिक गतिविधियों के लिये इस स्टेडियम का उपयोग नहीं किया जायेगा। इस पर सबकी सहमति थी और सभी हमेशा से इस पर ध्यान भी देते आ रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अम्बिकापुर में स्वागत करता हूं। किन्तु इसके लिये गांधी स्टेडियम का उपयोग और वहां पर हैलीपैड बनाये जाने के पक्ष में नहीं हूं और इसका विरोध दर्ज कराता हूं।

## भाजपा साउथ में साफ, नॉर्थ में हाफ, पहले चरण के मतदान ने की पुष्टि : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा को पहले ही चरण में करारा झटका लगा है। मतदाताओं का रुझान और भाजपा के पोलिंग बूथों पर सन्नाटा बताता है कि भाजपा ने नफ़रत की जो फसल बोई थी, जनता ने उसे नकार दिया है। पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा के लिए ग्राउंड से बेहद ख़राब प्रदर्शन की खबरें आयीं हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री के ट्वीट ने भी इस घबराहट पर मोहर लगा दी है। शुक्रवार को पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ और जितनी भी ग्राउंड रिपोर्ट्स अभी तक आई हैं, उनमें इंडिया गठबंधन बीजेपी से बहुत आगे है। पिछले चुनावों की तुलना में काफी कम वोटिंग ने बीजेपी के 'पन्ना प्रमुख' वाले 'चुनाव प्रबंधन' की भी पोल खोल दी है। इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ने तमिलनाडु से लेकर बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे सभी राज्यों में उम्मीद से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



दीपक बैज ने कहा कि जो आस पास हो रहा है, वो बदलते हुए वक़्त का प्रतीक है, जिसकी आहट पहले ही आनी शुरू हो गई थी। यही कारण है कि भाजपा समर्थक माने जाने वाले प्रदीप गुप्ता को अपना वह ट्वीट डिलीट करना पड़ा जिसमें उन्होंने लिखा था कि बीजेपी 13 राज्यों में अपना जनाधार खो रही है और देश में इंडिया-एनडीए में काँटे की टक्क र होने जा रही है। बीजेपी प्रत्याशियों का खुलेआम यह कहना कि मेहनत करनी पड़ेगी क्योंकि कोई मोदी फैक्टर नहीं है, यह बयान उसी बात की पुष्टि करता है जो निष्पक्ष राजनीतिक जानकार लगातार कह रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 10 साल सत्ता में रहने के बाद नरेंद्र मोदी के पास आज भी कांग्रेस को कोसने के सिवा कहने बताने को और कुछ नहीं है, कोई ऐसा काम नहीं किया जिसको गिनाये, कोई बड़ी उपलब्धि नहीं, जिसके नाम पर वोट माँग सकें।

### महिलायें देश में कांग्रेस की सरकार बनाने लामबंद

कांग्रेस के 5 न्याय 25 गारंटी की शहर एवं गांव में धूम मची है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि महिलायें देश में कांग्रेस की सरकार बनाने लामबंद है। किसान, मजदूर भी केंद्र में बदलाव के पक्षधर हो गये है। जनता को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नजरिया बदला है लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को हर साल 1 लाख और महीने में 8333 रू. देने का वादा किया है। इसके साथ ही केंद्रीय भर्तियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का भी वादा कांग्रेस ने किया है।

# चार दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद मुठभेड़ में मारे गये सभी नक्सलियों की पुलिस ने की शिनाख्त

- पुलिस नक्सली मुठभेड़ में मारे गये 29 में से 10 एमपी-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ जोनल कमेटी व 14 सदस्यों की हुई पहचान

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों 16 अप्रैल को जिला कांकेर के थाना छोटेबेठिया अंतर्गत हापाटोला, कलपर, बिनागुण्डा एवं कोरोनार के सरहदी जंगलों में डीआरजी कांकेर एवं बीएसएफ 94वीं वाहिनी की संयुक्त बल द्वारा हुए मुठभेड़ के पश्चात बरामद किये गये 29 माओवादियों के शव सहित अत्याधुनिक हथियार बरामद किया गया। मारे गये माओवादियों की शिनाख्तगी पुलिस ने पूरी कर लो है। मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों की शिनाख्तगी की कार्यवाही विगत 4 दिनों से लगातार की जा रही थी। कलपर-आपाटोला मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों की शिनाख्तगी में यह पाया गया कि कलपर-आपाटोला जंगल में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के अलावा भी मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ जोनल कमेटी के माओवादी कैडरों की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि 29 माओवादियों कैडरों में से उत्तर बस्तर डिविजन कमेटी के डिविजनल कमेटी सदस्य शंकर राव एवं उनकी पत्नी एरिया कमेटी सदस्य रीता, तेलंगाना राज्य के जिला वारंगल एवं आदिलाबाद के हैं। इसी प्रकार मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ जोनल कमेटी के माओवादी सुरेखा महाराष्ट्र राज्य के जिला गढ़चिरौली निवासी के रूप में हुई है। प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के प्रमुख लड़ाकू दल जिसे पीएलजीए के रूप में जाना जाता है, उनमें से भी 14 माओवादी कैडर को सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ में ढेर किया गया है। पुलिस अधीक्षक, कांकेर आई.के. एलेसेला द्वारा मारे गये माओवादियों की शिनाख्तगी कार्यवाही पूर्ण होने की स्थिति में अब उनके विरूद्ध पंजीबद्ध अपराध, लंबित वारण्ट एवं घोषित ईनाम इत्यादि के संबंध में संबंधित जिलों से जानकारी एकत्रित की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के कलपर-आपाटोला मुठभेड़ में डिविजनल कमेटी सदस्य, एरिया कमेटी सदस्य, पीएलजीए कैडर जैसे सक्रिय एवं महत्वपूर्ण कैडरों के पहली बार भारी संख्या में क्षति होने से भयभीत/बौखलाहट होकर असत्य एवं अनर्गल तथ्यों के उल्लेख करते हुये उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है। माओवादियों की उक्त प्रेस विज्ञप्ति से स्पष्ट हो रहा है कि माओवादी संगठन दिशा विहीन एवं नेतृत्व विहीन होकर खात्मा की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज द्वारा माओवादी कैडर को अविलंब हिंसा त्यागकर समाज के मुख्यधारा में शामिल होकर क्षेत्र के शांति एवं विकास में भागीदार बनते हुये पुनः अपील किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज द्वारा यह भी बताया गया कि बस्तर रेंज में तैनात सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र की जनता की जान-माल की रक्षा हेतु सदैव तत्पर होकर माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी रूप से कार्यवाही की जायेगी, जिससे क्षेत्र की जनता को माओवादियों के हिंसक गतिविधियों से मुक्ति मिलने के साथ-साथ बस्तर को एक नया सकारात्मक पहचान प्राप्त हो सके।

## मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत युवा चेम्बर द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली गई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज युवा चेम्बर के प्रभारी जय नानवानी, सहप्रभारी निलेश मूंधड़ा, वैभव सिंहदेव, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर बजाज, जितेंद्र गोलछा, प्रदेश महामंत्री कांति पटेल, कोषाध्यक्ष रजत छाबड़ा ने बताया कि चुनाव पर्यवेक्षक रोहनचंद ठाकुर (आईएएस), जिलाधीश रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी की गरिमामयी उपस्थिति में युवा चेम्बर के सानिध्य में आयोजित मतदान जागरूकता विशाल बाइक रैली संपन्न हुई, जिसे चुनाव पर्यवेक्षक रोहनचंद ठाकुर (आईएएस) एवं जिलाधीश रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर मरीन ड्राइव से रवाना किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बाइक रैली का नेतृत्व किया। बाइक रैली में जिले के व्यापारीगण तथा व्यापारिक संगठनों के प्रमुखों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा मतदान जागरूकता नारों के साथ व्यापारियों एवं आमजनों को अपने मताधिकार उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल ने बताया कि शनिवार, 7 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव (चुनाव का पर्व- देश का गर्व) में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा शत्-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु युवा चेम्बर द्वारा प्रातः 9.30 बजे रायपुर स्थित मरीन ड्राइव से विशाल बाइक रैली आरंभ हुई।

# छात्रों को सामूहिक और व्यक्तिगत स्तर पर प्रेरित करने की जरूरत : डॉ. रक्षित

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शास. रा. भ. रा. एन. ई.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर में एग्जामिनेशन स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विज्ञान संकाय एवं आई. क्यू. ए. सी. के द्वारा किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोवैज्ञानिक डॉ. अबरार खान ने कहा कि, परीक्षा तनाव आजकल छात्रों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। हमें यह समझना जरूरी है कि परीक्षा से जुड़ा तनाव छात्रों के मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। हमें अपने छात्रों को सहायता प्रदान करने और उन्हें तनाव के साथ निपटने के उपाय सिखाने की जरूरत है। उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। एक दिवसीय कार्यशाला के रूप में, हमें छात्रों को विभिन्न तकनीकों और उपायों का परिचय देने का अवसर मिलता है जो उन्हें परीक्षा तनाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। हमें इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को सामाजिक सहायता, मानसिक स्थिति की संतुलना, और सही आहार और व्यायाम की महत्वता के बारे में जागरूक करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने कहा कि हमें अपने छात्रों को सामूहिक और व्यक्तिगत स्तर पर समर्थन प्रदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि वे परीक्षा के समय में अपने अध्ययन को संगठित और प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें। हमें छात्रों को उनकी स्थिति को समझने और सही सलाह देने के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि वे अपने तनाव को सही तरीके से संभाल सकें। समर्थन, प्रेरणा, और विकास के साथ, हम सभी एक स्वस्थ और सक्षम समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं, जहां परीक्षा तनाव को कम किया जाता है और छात्रों को अधिक उत्साही, सक्रिय और स्वास्थ्यवर्धक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यशाला के संयोजक प्रो. डी. आर. राठिया ने कहा कि आजकल, परीक्षा तनाव छात्रों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है। हमारे समाज में परीक्षाओं के प्रति दृष्टि समय-समय पर बदल जाती है, लेकिन तनाव का मामला हमेशा ही उच्च रहता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा तनाव को समझने और उसका सामना करने के उपायों को सीखने में मदद करना है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी ) की संयोजक डॉ. उमा लकड़ा ने बताया हमें यह समझना है कि परीक्षा तनाव का समाधान केवल एक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने की क्षमता में नहीं है, बल्कि इसका समाधान हमारे छात्रों के सामाजिक, मानसिक, और शारीरिक विकास में है। हमें छात्रों को सही मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए ताकि वे परीक्षा के दबाव को सही तरीके से संभाल एवं समझ सकें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सक्षम हों। आईक्यूएसी के सह-संयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह वरिष्ठ ग्रंथपाल ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से हम छात्रों को विभिन्न तकनीकों और उपायों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करेंगे, जो उन्हें परीक्षा तनाव से निपटने में मदद कर सकते हैं। आयोजन समिति की सदस्य कु रिजवाना खातून विभागाध्यक्ष अंग्रेजी ने कहा कि हम छात्रों को ध्यान, योग, स्वस्थ आहार, और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे, ताकि वे परीक्षा के समय में अपनी मानसिक और शारीरिक स्थिति को बेहतर बना सकें। आयोजन समिति के अन्य सदस्य प्रो. वरुण श्रीवास ने बताया, हम सभी मिलकर एक ऐसे वातावरण का निर्माण करेंगे जो छात्रों को समर्थ, प्रेरित, और सहायक बनाए रखे, ताकि वे परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टि रख सकें और अपने लक्ष्यों की ओर प्रगति कर सकें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कंप्यूटर विभाग के श्री नीतेश गुप्ता का विशेष तकनीकी सहयोग /योगदान रहा।

भगवान महावीर स्वामी के
जन्मोत्सव पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

सत्य, अहिंसा धर्म हमारा..
नवकार हमारी शान है..
महावीर जैसा नायक पाया..
जैन हमारी पहचान है..

श्री सेठिया ज्वेलर्स
ईतवारी बाजार धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

सिद्धों का सार..
आचार्यों का साथ..
साधुओं का साथ..
अहिंसा का प्रचार..

यही है भगवान महावीर का सार
महावीर जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं

विनीत
बींजराज मूलचंद गोलछा
सदर बाजार धमतरी

भगवान महावीर स्वामी के
जन्मोत्सव पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अरिहंत की बोली,
सिद्धों का सार
आचार्यों का पथ,
साधुओं का सार
अहिंसा का विचार,
जय हो महावीर जयंती



मा. इंदरचंद चोपड़ा
पूर्व विधायक, धमतरी

विनीत
एक शुभचिंतक, धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403